नई दिल्ली
सोमवार, 31 मार्च 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-02
वर्ष : 28, अंक : 350
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 20

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

देश को नए वक्फ कानून 'ईदी' के रूप में देने की तैयारी, अमित शाह ने छांटे असमंजस के बादल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी किंतु, परंतु पर विराम लगाते हुए साफ कर दिया कि वक्फ संशोधन विधेयक को संसद के चालू बजट सत्र में पेश किया जाएगा। सत्र 4 अप्रैल तक चलना है। उल्लेखनीय है कि विधेयक को लेकर भाजपा के साथी दलों के बीच से दबाव की खबरें लगातार आ रही थी।

खासकर बिहार के जदयू और आंध्र के चंद्रबाबू की पार्टी टीडीपी से। ये बात अलग है कि जदयू के सर्वोच्च नेता बिहार के सीएम नितीश कुमार की ओर से कोई ऐसा बयान नहीं आया। अलबत्ता, पार्टी और कुछ सांसदों ने जरूर इस बात पर जोर दिया था कि बिहार चुनाव को देखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक को अभी टाला जाना चाहिए। तभी से कयासों का बाजार गरम था। गृह मंत्री अमित शाह ने विधेयक को लेकर



सरकार के रुख को मजबूती से सामने रखते हुए कहा कि संविधान के दायरे में रहकर वक्फ अधिनियम में संशोधन करने का प्रयास है। उनका कहना था कि इस कानून से किसी को डरने की जरूरत नहीं है, और विपक्ष इसे लेकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह कर रहा है।

केंद्र सरकार का तर्क

अमित शाह ने कहा कि मौजूदा वक्फ अधिनियम में कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति के तहत ऐसे नियम बनाए थे जो संविधान की भावना के अनुरूप नहीं थे। उनका दावा है कि नया विधेयक संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप है और इसे इस तरह बनाया गया है कि इसके फैसलों को अदालत में चुनौती दी जा सके। उन्होंने उदाहरण दिया कि दिल्ली में 123 प्रमुख संपत्तियों और प्रयागराज में चंद्रशेखर आजाद पार्क को वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्ति घोषित किया था, जिसे पुराने कानून के तहत चुनौती नहीं दी जा सकती थी। शाह ने कहा कि यह अस्वीकार्य है और नया कानून ऐसी मनमानी को रोकेगा।

ऐसे तैयार हुआ वक्फ संशोधित विधेयक

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को पहली बार अगस्त 2024 में लोकसभा में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा पेश किया गया था। इसके बाद इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया, जिसके अध्यक्ष भाजपा सांसद जगदंबिका पाल थे। जेपीसी ने छह महीने तक देशभर में परामर्श के बाद अपनी 655 पेज की रिपोर्ट तैयार की, जिसमें 25 संशोधनों सहित 14 धाराओं में बदलाव की सिफारिश की गई। यह रिपोर्ट मार्च 2025 में संसद के दोनों सदनों में पेश की गई। हालांकि, विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए और दावा किया कि उनके असहमति नोट्स को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया। इसके जवाब में शाह ने कहा कि सरकार को विपक्ष के असहमति नोट्स को शामिल करने में कोई आपत्ति नहीं है।

विधेयक के मुख्य प्रावधान

- विधेयक में मौजूदा वक्फ अधिनियम, 1995 में बदलाव लाने के लक्ष्य के साथ कुछ प्रमुख प्रावधान जोड़े गए हैं ताकि विधेयक को समीचीन बनाया जा सके।
- केंद्रीकृत निगरानी: एक सेंट्रल वक्फ काउंसिल की स्थापना, जो सभी राज्यों में वक्फ बोर्ड की निगरानी करेगी।
- पारदर्शिता: वक्फ संपत्तियों के ऑडिट और सार्वजनिक खुलासे को अनिवार्य करना, ताकि भ्रष्टाचार और अक्षमता पर लगाम लगे।
- अतिक्रमण रोकथाम: अवैध कब्जे वाली वक्फ संपत्तियों की पहचान और उन्हें वापस लेने के उपाय।
- गैर-मुस्लिम सदस्यों की भागीदारी: सेंट्रल वक्फ काउंसिल और राज्य वक्फ बोर्ड में कम से कम दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना।
- सर्वे और विवाद समाधान: सर्वे कमिश्नर की जगह कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वे करने की जिम्मेदारी देना, और ट्रिब्यूनल के फैसलों को अंतिम मानने की शक्ति हटाकर हाई कोर्ट में अपील का रास्ता खोलना।
- वक्फ की परिभाषा में बदलाव: केवल पांच साल से इस्लाम का पालन करने वाला व्यक्ति ही वक्फ घोषित कर सकता है, और "वक्फ बाय यूजर" (लंबे समय से उपयोग के आधार पर मान्यता) को हटाया गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
मुंबई केकेआर
शाम 7.30 बजे से

द्वितीयःमां ब्रह्मचारिणी

या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

खबर संक्षेप

कुल्लू में पेड़ गिरा छह लोगों की मौत

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के गुरूद्वारा मणिकर्ण साहिब के समीप भू-स्खलन और पेड़

गिरने की घटना के कारण छह लोगों की मौत पर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा दुख जताया है। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों पर्यटक भी शामिल हैं।

गोवा में एप्पल कंपनी के नकली उत्पाद जब्त

पणजी। गोवा के मापुसा में कथित तौर पर एप्पल कंपनी के नकली उत्पादों के साथ तीन लोगों को

गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों आरोपियों की पहचान अर्जुन कुमार, कर्मी भारती और दशरथ पुरी के रूप में की गई है।

संघ के मुख्यालय नागपुर में पीएम मोदी ने बिताए 4 घंटे, बतौर पीएम ये उनका वहां का पहला दौरा था

◆ संघ के संस्थापक हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और कहा

भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही

संघ साधारण वटवृक्ष नहीं, भारत की अमर संस्कृति का 'अक्षयवट'

पीएम ने कहा कि जब सेवा संस्कार बन जाती है, तो साधना बन जाती है। यही साधना हर स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है। यह सेवा संस्कार, यह साधना, यह प्राणवायु, पीढ़ी दर पीढ़ी हर स्वयंसेवक को तप और तपस्या के लिए प्रेरित करती है। उसे न थकने देती है और न ही रुकने देती है।

एजेंसी ⏭ नागपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) आधुनिक भारत का अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री ने संघ की तारीफ करते हुए कहा कि हमारा शरीर परोपकार और सेवा के लिए ही है। जब सेवा संस्कार बन जाती है, तो साधना बन जाती है। यही साधना हर स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है। यह सेवा संस्कार, यह साधना, यह प्राणवायु, पीढ़ी दर पीढ़ी हर ⏭ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी

इस दौरान मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रमुख डॉ. मोहन भागवत भी मौजूद थे



और, क्या कहा पीएम ने?

1 गुलामी के कालखंड में डॉक्टर साहब और गुरुजी ने नया विचार दिया

स्वामी विवेकानंद ने निराशा में डूब रहे समाज को झकझोरा और आशा का संचार किया। गुलामी के कालखंड में डॉक्टर साहब और गुरुजी ने नया विचार दिया। आज महान वटवृक्ष के रूप में आरएसएस दुनिया के सामने है। जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। आरएसएस भी एक ऐसा संस्कार यज्ञ है जो अंतर्दृष्टि और बाह्य दृष्टि दोनों ⏭ शेष पेज 5 पर

2 हमारा वसुधैव कुटुंबकम पूरी दुनिया में गूंज रहा

वसुधैव कुटुंबकम की भावना, जिसका अर्थ है 'पूरी दुनिया एक परिवार है', अब पूरी दुनिया में गूंज रही है। यह हमारे कार्यों से प्रमाणित हो रहा है। जब कोविड-19 ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया, तो भारत ने वैश्विक समुदाय को अपना परिवार मानते हुए जरूरतमंदों ⏭ शेष पेज 5 पर

3 गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर आगे बढ़ रहा भारत

हम अपने देश का इतिहास देखें तो सैकड़ों वर्षों की गुलामी, इतने आक्रमण, भारत की सामाजिक संरचना को मिटाने की इतनी क्रूर कोशिशें, लेकिन भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही। कठिन से कठिन दौर में भी भारत में चेतना को ⏭ शेष पेज 2 पर

4 यहां आना मेरे लिए सौभाग्य का विषय

राष्ट्र यज्ञ के इस पावन अनुष्ठान में मुझे यहां आने का सौभाग्य मिला है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ये दिन बहुत विशेष है। नवरात्रि का पवित्र पर्व शुरू हो रहा है। देश के अलग अलग कोनों में आज गुड़ी पड़वा, उगादी और नवरेह त्योहार भी मनाया जा ⏭ शेष पेज 5 पर

पीएम की मौजूदगी में बोले डॉ. भागवत

समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखने-परखने के बाद 'स्वीकारा'

एजेंसी ⏭ नागपुर

संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए। यही संघ का नजरिया

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस की लंबी यात्रा के दौरान समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखा, परखा उसके बाद स्वीकार किया है। इसी का नतीजा है कि तमाम बाधाओं को दूर करते हुए अब स्थिति अनुकूल है और स्वयंसेवक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए।

यही संघ का नजरिया है और आरएसएस के तमाम प्रयास इसी सिद्धांत से प्रेरित हैं। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने जब यह बात कही, उस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। पीएम की मौजूदगी में भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक अपने लिए कुछ नहीं मानते, वे सिर्फ सेवा करते रहते हैं। बता दें कि इसी साल सितंबर में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने वाले हैं। संघ की लंबी यात्रा को रेखांकित करते हुए भागवत ने कहा कि देश ने संघ के स्वयंसेवकों का काम देखा है, इसके बाद उन्हें स्वीकार किया गया है।

विमान में सवार थे करीब 200 पैसेंजर, टला बड़ा हादसा

जयपुर से चेन्नई जा रही फ्लाइट का टायर फटा, चेन्नई में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ⏭ जयपुर

जयपुर से चेन्नई जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट का टायर फट गया। विमान जयपुर से देर रात 1 बजकर



55 मिनट पर चेन्नई के लिए उड़ान भरा था। जैसे ही इसकी जानकारी यात्रियों समेत क्रू मेंबर को मिली तो तुरंत ही हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, टायर फटने

की जानकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के जरिए विमान के चालक दल को मिली, जिसके बाद फ्लाइट की चेन्नई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के ⏭ शेष पेज 5 पर

जांच की तो टायर से एक परत गायब मिली

टायर में खराबी होने के बावजूद जब विमान के अन्य सभी ऑपरेशन और पैरामीटर सामान्य मिले तो फ्लाइट क्रू मेंबर गंतव्य की ओर जारी रखा और चेन्नई पहुंचने पर एयरपोर्ट पर विमान को एहतियातन उतारा गया। चेन्नई एयरपोर्ट पर फ्लाइट को सामान्य ब्रेकिंग का उपयोग करके सुरक्षित उतरा गया। पार्किंग के बाद विमान की जांच में पता चला कि दूसरे मेन पहिये के टायर से एक परत गायब मिली। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं ⏭ शेष पेज 5 पर

बेंगलुरु से जा रही थी गुवाहाटी स्थित कामाख्या

कटक में बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे, एक की मौत हुई

धौली एक्सप्रेस, नीलाचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस के रूट बदले गए

कटक। ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई है जबकि 8 लोग घायल हो गए हैं। ये ट्रेन बेंगलुरु से गुवाहाटी स्थित कामाख्या स्टेशन की ओर जा रही थी। ⏭ शेष पेज 5 पर

500 युवतियों को फंसाया, पोर्न स्टूडियो में शूटिंग

नोएडा के आरोपी दंपती यूरोपीय देशों तक में भेजते थे पोर्न फिल्में

एजेंसी ⏭ नोएडा

नोएडा में ऑडिशन के लिए मॉडल बुलाकर आपत्तिजनक सामग्री बनाने का पर्दाफाश हुआ है। साइप्रस समेत कई यूरोपीय और अफ्रीकी देशों में यह नेटवर्क फैला है। इस सिंडिकेट में लड़कियों के लिए अलग-अलग काम होता था। लड़कियां जिस हिसाब से एक्ट करती थी उसी के हिसाब से रकम दी जाती थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कई देशों की स्ट्रीमिंग वीडियो बनाने वाली कंपनियों के

साथ नोएडा के दआरोपी पती के संबंधों की जांच कर रही है। ईडी ने दंपती के घर छापा मारकर इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट को पकड़ा था। ईडी ने जिस घर में कार्रवाई की वहां आपत्तिजनक कंटेंट अपलोड करने के लिए स्टूडियो बना मिला। जांच में सामने आया है कि कंपनी के डायरेक्टर ⏭ शेष पेज 5 पर

छाया घिबली का जादू, इमेज बनवाने के लिए लोग हुए दीवाने

लोग चैटजीपीटी की बनाई तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं

लोगों ने घिबली इमेज बनाकर काटी इतनी मौज कि 'पिघल' गए चैटजीपीटी के जीपीयू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चैटजीपीटी से बनाए गए घिबली वर्जन की तस्वीरों ने दुनियाभर के इंटरनेट यूजर्स को क्रेजी कर दिया है। सोशल मीडिया पर घिबली स्टाइल इमेज अपलोड करने की जैसे होड़ सी मच गई है। लोग कई तरह के फोटोज अपलोड कर उनके मजेदार घिबली वर्जन बना रहे हैं। बुधवार को ओपनएआई के सीईओ सैम ⏭ शेष पेज 5 पर

घिबली स्टाइल इमेज बनाने की होड़ लग गई। सीईओ सैम अल्टमैन ने कहा कि वर्ल्डवाइट ट्रेंड के कारण चैटजीपीटी के जीपीयू पिघलने के कगार पर पहुंच गए हैं। जानिए आखिर चैटबॉट से घिबली इमेज बनवाने के लिए लोग इतने दीवाने क्यों हो गए हैं।

पिघल रहे हैं ग्राफिक प्रोसेसिंग युनिट(जीपीयू)

कुछ यूजर्स ने पहले एक्स पर ट्विट कर बताया था कि घिबली वर्जन इमेज चैटजीपीटी के प्रीमियम वर्जन में बनाया जा सकता है। हालांकि, बाद में कई यूजर्स ने पाया कि यह फ्री वर्जन में काम कर रहा है। इसके बाद चैटजीपीटी यूजर्स के बीच तस्वीरों को घिबली में बदलने की होड़ लग गई। इसी बीच सैम अल्टमैन ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनके जीपीयू 'पिघल' रहे हैं। दरअसल, चैटजीपीटी जैसे चैटबॉट कमांड से तस्वीरों को क्रिएट करने के लिए ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट, यानी जीपीयू का ⏭ शेष पेज 5 पर

जल्दी ही प्रतिदिन 3 जनरेशन मिलेंगी

सैम अल्टमैन ने पोस्ट किया कि, यह देखना बहुत मजेदार है कि लोग चैटजीपीटी की बनाई तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं। लेकिन हमारे जीपीयू पिघल रहे हैं। हम इसे और अधिक कुशल बनाने पर काम करते हुए अस्थायी रूप से कुछ दर सीमाएं लागू करने जा रहे हैं। उम्मीद है कि इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा! चैटजीपीटी फ्री टियर को जल्द ही प्रतिदिन 3 जनरेशन मिलेंगी।

भारत के लोगों ने खूब ली मौज

घिबली वर्जन इमेज बनाने में भारत के लोग भी पीछे नहीं रहे। पिछले 24 घंटो से भारत में ⏭ शेष पेज 5 पर

क्या है स्टूडियो घिबली?

लोग अमेरिकी प्रेजिडेंड डोनॉल्ड ट्रंप से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी तक के ⏭ शेष पेज 5 पर

आप भी बना सकते हैं घिबली इमेज

चैटजीपीटी अपने लेटेस्ट मॉडल जीपीटी-4o का इस्तेमाल कर रहा है। घिबली इमेज जनरेशन ⏭ शेष पेज 5 पर

नारायणा इलाके में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत, दो जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के नारायणा इलाके में रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार सियाज कार पेड़ से जा टकराई, जिस कारण दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने साफ किया कि कार सवार नशे में नहीं थे। सभी युवक हरिनगर इलाके के रहने वाले थे और हादसे के समय अपने घरों की तरफ जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार हादसा तड़के करीब पौने तीन बजे हुआ। मरने वाले युवकों के नाम लक्षित नेगी (22) और यश वर्मा (21) है। लक्षित के पिता का नाम चंदन नेगी है और वह हरि नगर का रहने वाला था। वह परिवार के व्यवसाय में शामिल था। यश वर्मा के पिता का नाम अश्वनी वर्मा है और वह भी हरि नगर का रहने वाला है। वह भी परिवार के स्टील व्यवसाय में कार्यरत था। घायल दोनों युवक भी हरिनगर के रहने वाले हैं। इनके नाम यश गुप्ता (22) पुत्र अर्जुन गुप्ता और हिमांशु (23) पुत्र शेर सिंह निवासी तिहाड़ गांव है। यश गुप्ता कपड़ा फैक्ट्री में नौकरी करता है।

पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार कार की रफ्तार तेज होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे पेड़ से जा टकराया। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

महरौली बदरपुर रोड़ पर ट्रक में घुसी कार

उधर रविवार तड़के की अंबेडकर थाना इलाके के महरौली बदरपुर रोड पर एक वैगनआर कार ट्रक के पीछे टकरा गई। हादसे में दो लोग घायल बताये गये हैं। उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। एक घायल का नाम सुमित (24) पुत्र सुधील निवासी अगेनपुर, फरीदाबाद, हरियाणा बताया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपनी कार में तीन दोस्तों के साथ जा रहा था। उसने खानपुर रेड लाइट तोड़ी और पीछे से एक ट्रक से टकरा गया। उन्हें मामूली चोटें आई और वे खुद ही इलाज के लिए एम्स ट्रामा सेंटर चले गए। कोई पीसीआर कॉल पुलिस को नहीं मिली। घायलों का कहना है कि वह कोई पुलिस कार्रवाई नहीं करना चाहते।

30 लाख की लूट में शामिल चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ और मौर्या एंक्लेव पुलिस ने 30 लाख की लूट का मामला सुलझाते हुये चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनसे लूटी गई नकदी में से 16 लाख 94 हजार रुपये बरामद हो गये हैं। बदमाशों से अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। एक लुटेरा अनिल पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। अन्य तीन के नाम संचित, शिवल और रुस्तम हैं। दो बदमाश सोनीपत और दो बागपत के रहने वाले हैं।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार 25 मार्च को शिकायतकर्ता कृष्ण गुप्ता (59) पुत्र सीता राम गुप्ता निवासी ओमकार नगर, त्रिनगर दिल्ली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका कार्यालय सहारा कोऑपरेटिव यूटी क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के नाम से पीतमपुरा में है। जब वह अपने नौकर बलविंदर सिंह के साथ स्कूटी पर एक बैग में 30 लाख रुपये नकद लेकर घर जा रहा था तो एचडीएफसी बैंक, आरपी ब्लॉक, पीतमपुरा के सामने दो लड़कों ने उनकी स्कूटी रोकी और उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमला होने पर उसका नौकर बलविंदर सिंह मौके से भाग गया तथा हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए नकदी से भरा उसका बैग लूट लिया और भाग गए। स्पेशल स्टाफ और मौर्या एंक्लेव थाने की संयुक्त टीम ने तत्काल सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और चारों आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। लूट की शेष रकम बरामद करने के लिए आगे प्रयास किए जा रहे हैं।

कांग्रेस के तीन जिला अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विधानसभा चुनावों में तीसरी बार भी शून्य पर आउट हो चुकी दिल्ली कांग्रेस ने अब अपना ध्यान संगठन को मजबूत करने पर लगा दिया है। जिसके तहत प्रदेश कांग्रेस के तीन खाली पड़े जिला अध्यक्ष के पदों को भरने की घोषणा कर दी है। प्रदेश कांग्रेस के अनुसार शनिवार देर रात एआईसीसी महासचिव वेणुगोपाल ने तीन जिला अध्यक्षों के नामों की सूची जारी कर दी। इनमें बदरपुर, आदर्श नगर और रोहिणी जिला शामिल है। जानकारी अनुसार रोहिणी जिला की जिम्मेदारी इंद्रजीत सिंह (शौकीन) को दी गई है।

आदर्श नगर जिला में सिद्धार्थ राव को अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि बदरपुर जिला की कमान हर्ष चौधरी को सौंपी गई है। इन नियुक्तियों पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवनियुक्त सभी जिला अध्यक्ष को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि तीनों जिला अध्यक्षों को अब मिलकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना है। वहीं नवनियुक्त तीनों जिला अध्यक्षों ने नई जिम्मेदारी देने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और देवेंद्र यादव ने हम पर जो भरोसा जताया है उस हर हाल में पूरा करेंगे। इन तीन नियुक्तियों के साथ ही प्रदेश कांग्रेस के सभी 14 जिलों पर अध्यक्ष की नियुक्ति पूरी हो गई है। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही जिला व ब्लाक अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा हागी। सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बावजूद कांग्रेस का वोट बैंक बढ़ा है। ऐसे में पार्टी हार के नाम पर नेताओं को पद से हटाकर कार्यकर्ताओं का मनोबल नहीं तोड़ना चाहती। खुद प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव कह चुके है कि विधानसभा चुनाव बहुत अच्छे तरीके से मिलकर लड़ा गया। बेशक हार मिली लेकिन कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है। इसलिए पार्टी हाईकमान संगठन को मजबूत करने पर पूरा फोकस कर रही है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही ब्लॉक अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा करेगी, इन 250 में से करीब 25-30 ब्लॉक अध्यक्षों को हटाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। क्योंकि इन ब्लॉक अध्यक्षों के बदलाव के पीछे मुख्य कारण इनके कार्य संतोषजनक नहीं है। आगामी समीक्षा बैठक में पूर्व में घोषित किए गए 11 जिला अध्यक्षों के कार्य की भी समीक्षा होगी। लेकिन इनको बदलने की संभावना लगभग बेहद कम है।

आप' ने भाजपा पर 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना को बंद करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को दिल्ली सरकार पर 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना को बंद करने का आरोप लगाया। 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों को निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। 'आप' की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेसवार्ता में कहा कि किया कि पूर्ववर्ती 'आप' सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल से हजारों लोगों की जान बचाने में मदद मिली थी, लेकिन अब इसे बंद किया जा रहा है। भारद्वाज ने सवाल किया कि ऐसी अच्छी योजना जो लोगों की जान बचाती है, उसे कोई कैसे बंद कर सकता है? भाजपा सरकार

ने इसे बजट से हटा दिया है। साल 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों का निजी अस्पतालों में इलाज कराया जाता है और इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाती है, ताकि राहगीर वित्तीय बोझ के डर के बिना घायलों की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित हों। 'आप' के अनुसार, इस पहल के तहत 10 हजार से अधिक लोगों की जान बचाई गई। भारद्वाज ने दावा किया कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भी उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने इस योजना को बंद करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि 'आप' को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा था, जिसके बाद इस योजना को जारी रखने के लिए धनराशि जारी की गई थी। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा उपराज्यपाल के माध्यम से इस योजना को बंद करने में विफल रही थी। अब सत्ता में आने के बाद उसने इसे पूरी तरह से बंद कर दिया है।

फरिश्ते स्कीम की आड़ में हुआ भ्रष्टाचार : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के दावे पर रविवार को कहा है कि अरविंद केजरीवाल ने जनहित के नाम पर जितनी भी स्कीम लागू की सब घोटाले का माध्यम बनीं। फरिश्ते स्कीम कभी भी सफल स्कीम नहीं रही बल्कि इसकी आड़ में भ्रष्टाचार हुआ है। सचदेवा ने कहा कि फरिश्ते स्कीम केजरीवाल सरकार के विश्व स्तरीय स्वास्थ्य मॉडल के दावों की भी पोल खोलती है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि 2015 से केजरीवाल सरकार विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और सुचारू अस्पतालों का दावा करती रही ऐसे में दिल्ली की जनता पूछती है की जब सरकारी अस्पतालों मे सब सेवाएं उपलब्ध थीं तो फिर सरकार को 2017 में यह सड़क दुर्घटना के शिकारों को फौरी फ्री इलाज के नाम पर फरिश्ते स्कीम क्यों लानी पड़ी थी। स्पष्ट है कि या तो सरकारी अस्पताल ठप थे या सरकार की मंशा सड़क दुर्घटना घायलों को प्राइवेट अस्पताल भेज कर वहां बने भारी भरकम बिलों की आड़ में कमीशनखोरी करना था। सचदेवा ने कहा है कि 2017 के मध्य में अरविंद केजरीवाल सरकार फरिश्ते स्कीम लाई और 2023 के मध्य तक यह स्कीम लगभग ठप हो गई यानि लगभग 6 साल में 2 हजार दिन चली।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कालकाजी में किया वॉल आर्ट का उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने रविवार को कालकाजी में वॉल आर्ट का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम सेंट्रल पार्क कृष्णा मार्केट, कालकाजी में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड से कालकाजी में 2 पार्कों का विकास और झुग्गी वालों के लिए तीन वाटर एटीएम प्लांट भी लगाए जाएंगे। इसके साथ ही कालकाजी में 150 सोलर लाइट भी लगाई जाएंगी। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि यह परियोजनाएं दिल्ली में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में अपना योगदान देंगी। इस अवसर पर सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और स्थानीय पार्षद योगिता सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सीएम ने बताया कि दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के हमारे संकल्प के तहत यह एक महत्वपूर्ण पहल है। वॉल आर्ट न केवल एक सौंदर्यात्मक आकर्षण जोड़ती है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक संदेशों को भी प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने का माध्यम बनती है। सीएम ने कहा कि यह परियोजना भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एक करोड़ रुपए की लागत से विकसित की गई है, जो न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएगी बल्कि स्वच्छता और जागरूकता को भी प्रोत्साहित करेगी।

ऑटो सवार महिलाओं को लूटने वाले तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले की एएसबी टीम ने ऑटो में यात्रा करने वाली महिलाओं की जूलरी और कीमती सामान लूटने वाले ढोलबाज गैंग का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में मास्टरमाइंड समेत तीन बदमाशों को पकड़ा गया है। इनसे अपराध में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक 21 मार्च को एक महिला ने ऑटो में यात्रा करते समय गहनें लूटने की शिकायत विवेक विहार थाने में दर्ज करवाई थी। एएसबी टीम भी जांच में लगी थी। टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और कई लोगों से पूछताछ की गई। आरोपियों का पता लगाने के लिये कई जगहों पर छापेमारी हुई। 28 मार्च को मुख्य संदिग्ध के आवास पर छापा मारा गया और ऑटो-रिक्शा के चालक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर साथियों दानिश और वसीम को भी लोनी और खजूरी खास से पकड़ा गया।

गोवा पुलिस की हिरासत से फरार बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मुंबई एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की हिरासत से फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी इमाद खान को गोवा के म्हापसा थाने की पुलिस ने जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया था। इस पर खुद को दिल्ली पुलिस की नारकोटिक्स सेल से बताकर एक शख्स से 30 लाख रुपये ऐंठने का आरोप है। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार साइबर सेल क्राइम ब्रांच, दरियागंज की टीम ने इमाद खान निवासी जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। इसने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता को सोशल मीडिया पर उसका अश्लील वीडियो फैलाने का डर दिखाकर उससे करीब 30 लाख रुपये ऐंठ लिए थे। इस संबंध में म्हापसा, गोवा में केस दर्ज हुआ था। लेकिन वह गोवा जाते समय मुंबई एयरपोर्ट से गोवा पुलिस की हिरासत से भाग गया था। इस संबंध थाना सहार, मुंबई में मामला भी दर्ज किया गया था। हाल ही में अपराध शाखा की टीम को इसके बारे में पता चला वह शिमला बाईपास रोड, आईएसबीटी, देहरादून के पास रहता है। टीम देहरादून पहुंची और खान को अरेस्ट कर लिया गया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिरजू** पुत्र श्री नन्द लाल निवासी ई-145 पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 200/2019 धारा 356/379/411/34 भा.द.सं. थाना प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बिरजू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बिरजू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 200/2019 धारा 356/379/411/34 भा.द.सं. थाना प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बिरजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **07.05.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: श्री करणबीर सिंह,
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-02
(केन्द्रीय), कमरा नं. 26,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।

DP/3916/CD/2025

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार** पुत्र गंगा राम निवासी ई16/1203, खालसा नगर, बापा नगर, करोल बाग, दिल्ली ने ई-प्रथम सूचना रिर्पोट सं. 001184/2019 धारा 379/411 भा.द.स., थाना करोल बाग, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई–प्रथम सूचना रिर्पोट सं. 001184/2019 धारा 379/411 भा.द.स., थाना करोल बाग, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **30.04.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री शिप्रा घनखड़,
महानगर दण्डाधिकारी–01 (केन्द्रीय),
कमरा नं. 180,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4041/CD/2025

साउथ दिल्ली के सरोजनी नगर का मामला

नकली नोटों से खरीदारी करने पहुंची दो युवती पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ दिल्ली के सरोजनी नगर मार्केट में नकली नोटों से खरीदारी करने पहुंची दो युवतियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 100 रुपये के 33 नकली नोट बरामद किए गये। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार युवतियों की पहचान फरीदाबाद के सेक्टर 91 निवासी रानी झा और अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पहाड़गांव निवासी आकांक्षा देसाई हैं।

पुलिस के मुताबिक दोनों नकली भारतीय करेंसी से मार्केट में खरीदारी करने आई थी। सरोजिनी नगर थाना पुलिस मार्केट में उस समय गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि दो युवतियों के पास नकली नोट हैं। इस पर सीनियर अफसरों ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बाद में पुलिस ने दोनों युवतियों को पकड़ लिया। दोनों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

नदी पार कर भारत पहुंची दो बांग्लादेशी महिलाएं दबोची

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में अवैध रूप से रह रही दो संदिग्ध बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अब उन्हें निर्वासित करने की तैयारी चल रही है। हिरासत में ली गई महिलाओं के नाम आतिफा (24) और आसमा (24) है। दोनों बांग्लादेश में फरीदपुर और नरसिंगडी की रहने वाली हैं। पुलिस के अनुसार इन दोनों महिलाओं ने कथित तौर पर नदी मार्ग से भारत में अवैध रूप से प्रवेश किया था। पुलिस के अनुसार बाद में दोनों दिल्ली में लगातार ठिकाने बदलती रहीं, ताकि उन्हें पकड़ा न जा सकें। हाल ही में एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सत्यापन अभियान चलाया और मंडावली इलाके में कई स्थानों पर छापेमारी की जिसके बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। इन दोनों महिलाओं को वापस बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया विदेशियों के क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से की जा रही है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कोलकाता के रास्ते भारत में प्रवेश किया और फिर ट्रेन से दिल्ली पहुंची। पुलिस अब उन लोगों का पता लगाने में जुटी है जिन्होंने इन महिलाओं को देश में प्रवेश कराने और शरण देने में मदद की थी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान पिछले साल नवंबर में शुरू किया था।

राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

राजस्थान से आकर रहने वाले सभी भाई-बहनों के सपने को पूरा करने का करुंगी काम : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को आपने अपने रंग में रंगा है और दिल्ली अब आपको अपने रंगों में रंगने काम करेगी। दिल्ली में राजस्थान के रहने वाले वे सभी भाई-बहन जिन्होंने सपने देखे हैं वह सभी पूरा करने का काम करुंगी। आपको एक अभिन्न अंग में स्वीकार किया जाएगा। यह बातें रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह में कहीं। गौरतलब है कि दिल्ली भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने रविवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मोर्चा अध्यक्ष सी. एल. मीणा, मोर्चा सह-प्रभारी सुरेन्द्र कमांडो, मोर्चा महामंत्री गिरधारी लाल, शत्रुघ्न मीणा और बबीता बडैक और प्रिंस मीणा सहित सैकड़ों की संख्या में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। राजस्थानी लोक गीत के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में वीरेंद्र सचदेवा और रेखा गुप्ता को राजस्थानी पगड़ी और तलवार देकर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ ही अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष सी.एल. मीणा ने सीएम से जनजाति समाज की कुछ मांग रखीं जिनको पूरा करने का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्वास दिलाया। राजस्थान दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भारत में राजस्थान ऐसा राज्य है जो ऐतिहासिक धरोहर से समृद्ध है और भारतीय संस्कृति का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छोटी रियासतों वाले राज्य से बढ़कर राजस्थान बनने की कहानी अद्भुत है और वहां की परिश्रमी लोगों के कारण यह प्रदेश अब विकास के नए मापदंड स्थापित क रहा है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में रहने वाले जितने भी राजस्थान वासी है, उनको सुख सुविधा देने के साथ जो भी मांगें हैं उनको पूरा करने का काम हम करेंगे। आज राजस्थान दिवस हम सब मिलकर मना रहे हैं लेकिन यह सिर्फ एक दिवस नहीं बल्कि यह हमारे स्वाभिमान, सौहार्द और गौरव को बचाए रखने का भी दिन है। इसलिए दिल्ली में अगर हम इसे मना रहे हैं, तो हम राजस्थान के साथ ही दिल्ली के भी सर्वांगीण विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने का भी संकल्प लेना चाहिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजस्थान दिवस के रूप में जो हमारा अभिनंदन किया गया यह समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए दिल्ली में एक नई शुरुआत हुई है। आज अभिनंदन के साथ जो मांग आप सबने रखी है, उसको हम पूरा करने का पूर्ण विश्वास दिलाते हैं। भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी है उसका एक ही नियम है सबका साथ सबका विकास।

जब आपने तीर कमान दिया तो खाटू वाले श्याम बाबा की याद आ गई और जब पगड़ी पहनी तो हमें उन वीरांगनाओं की याद आ गई जिन्होंने गरिमा में पर्दे से बाहर नहीं आती है और जब आगे बढ़ कर हाथ में हथियार पकड़ा तो अपना शौर्य दिखाने में भी पीछे नहीं हटीं।

दिल्ली विधानसभा में पहली बार धूमधाम से मनाया गया हिन्दू नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर रविवार को पहली बार दिल्ली विधानसभा में एक भव्य सांस्कृतिक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंत्री प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा के साथ दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट के अलावा कई विधायक उपस्थित रहे। मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया में कहा कि चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर दिल्ली विधानसभा में आयोजित भव्य सांस्कृतिक संगीतमय कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। संस्कृति, आस्था और संगीत के संगम ने इस पावन पर्व को और विशेष बना दिया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने अपने स्वागत भाषण में सभी आंगुतकों का आभार जताया।

खबर संक्षेप

दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी हुई दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 0.2 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को तेज हवाएं चलने तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान 33 और 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत तापमान से 1.8 डिग्री कम है।राष्ट्रीय राजधानी में दिन के दौरान आर्द्रता का स्तर 32 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच रहा।

डीडीए की पीएम उदय योजना के तहत सिंगल विंडो कैंप योजना हुई बंद

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पीएम उदय योजना के तहत दिल्ली विभिन्न अनधिकृत कालोनियों में लगाए जा रहे दस्तावेज सत्यापन शिविर सुविधा 30 मार्च 2025 रविवार को समाप्त हो गई। पीएम उदय योजना के तहत सिंगल विंडो कैंप सुविधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की देख रेख में मिल रही थी। डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल जानकारी अनुसार सिंगल विंडो सत्यापन शिविर सेवा रविवार को समाप्त हो गई है। इस योजना को आगे बढ़ाने के सवाल पर कहा कि यह फैसला उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में है,इसलिए फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता।

डीडीए की 25 प्रतिशत छूट वाली विशेष आवासीय योजना का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अपने घर का सपना पूरा करना है तो आज ही सोमवार को आवेदन करें। क्योंकि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की यह योजना 31 मार्च 2025 को बंद हो रही है। डीडीए आवासीय योजना 2025, श्रमिक आवासीय योजना के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में 25 फीसदी तक छूट दे रही है। सबका घर आवासीय योजना में आने वाले वन बीएचके के ईडब्ल्यूएस फ्लैट, वन बीएचके के एलआईजी फ्लैट, टू बीएचके के एमआईजी फ्लैट और तीन बीएचके के एचआईजी फ्लैट के साथ श्रमिक आवासीय योजना के वन बीएचके ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के लिए बुकिंग प्रक्रिया 31 मार्च तक तक ही उपलब्ध है।

डीडीए की श्रमिक आवासीय योजना, सबका घर आवासीय योजना और विशेष आवासीय योजना के तहत 8 हजार से अधिक फ्लैटों को बुक करने का मौका दिया है। इस विशेष योजना में सिरसपुर, लोकनायक पुरम, नरेला के विभिन्न सेक्टरों में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के 6810 फ्लैट ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया चल जारी है, जो आज शाम को बंद हो जाएगी। जबकि नरेला और लोकनायक पुरम में डीडीए ने कुल 769 एमआईजी व एचआईजी फ्लैट की बुकिंग को प्रक्रिया में शामिल किया हैं। डीडीए के अनुसार नरेला के अलग अलग सेक्टर में कुल 471 एमआईजी फ्लैट और 235 एचआईजी फ्लैट शामिल किए है। वहीं श्रमिक आवास योजना के तहत भी नरेला में 700 ईडब्ल्यूएस फ्लैट बुक करने का अवसर दिया गया है। इसमें नरेला के जी 2 सेक्टर के पॉकेट 3,4,5 और 6 के लिए डीडीए ने 25 फीसदी छूट के साथ 8.65 लाख रुपये से लेकर 8.8 लाख रुपये तक कीमत के 700 ईडब्ल्यूएस फ्लैट को श्रमिकों के लिए शामिल किया है। फ्लैटों के लिए बुकिंग राशि केवल 50 हजार रुपये रखी है। लोकनायक पुरम, सिरसपुर और नरेला में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैटों पर भी छूट है। लोकनायक पुरम और नरेला में एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों पर भी छूट है। डीडीए के अधिकारियों के अनुसार सबका घर आवासीय योजना के सभी फ्लैटों में और श्रमिक आवासीय योजना के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में 25 फीसदी तक छूट दी गई है। सबका घर आवास योजना के फ्लैटों में छूट के बाद ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की कीमत 8.65 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक है।

मां के आशीर्वाद से दिल्ली में बनी रहे सद्भाव और शांति : सीएम

हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर रेखा गुप्ता ने छतरपुर स्थित मां कात्यायनी मंदिर में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हिन्दू नव वर्ष के शुभ अवसर पर रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छतरपुर स्थित मां कात्यायनी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की और समस्त दिल्लीवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समस्त देशवासियों एवं दिल्लीवासियों को हिंदू नववर्ष (संवत्सर 2082) की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि मां के आशीर्वाद से दिल्ली में सद्भाव और शांति बनी रहे, और विकास के कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर पीतमपुरा में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुई। उन्होंने आगे कहा कि इस पावन अवसर पर माता से यही कामना है कि लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आये।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह नव वर्ष केवल एक नए साल की शुरुआत नहीं है, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, समृद्ध परंपराओं और राष्ट्रीय अस्मिता के उत्सव का प्रतीक है।यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करता है। यह केवल तिथि का परिवर्तन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, आस्था और राष्ट्रवाद का प्रतीक है। यह हमें आत्मचिंतन का अवसर देता है कि हम अपने राष्ट्र को 'विश्वगुरु' बनाने के संकल्प में कितनी प्रगति कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज अपनी महान संस्कृति की तरफ फिर से आकर्षित हो रहा है। पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को स्वीकार कर रही है। योग और आयुर्वेद का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। सीएम ने सभी नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार संस्कृति को सहेजने, समाज के विकास में योगदान देने और भारत को 'विश्वगुरु' बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

एलजी ने दी हिंदू नववर्ष, गुड़ी पढ़वा और राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। उपराज्यपाल सक्सेना ने रविवार को हिंदू नववर्ष व अन्य पर्व के अवसर पर लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राजनिवास के अनुसार सक्सेना ने अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर लोगों को शुभकामनाएं दी। एलजी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि गुढी उठे, सौभाग्य खिले, नया साल खुशियों से सजे। उन्होंने लिखा कि आपके जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता की गुढी सदैव ऊँची लहराए। एलजी ने लिखा कि हिन्दू नववर्ष, गुढी पाडवा, उगादी, चैत्र नवरात्रि, चेती चंद, नवरेह एवं साजिबु चेइराओबा की हार्दिक शुभकामनाएं।

दिल्ली सरकार नई तकनीकों को अपना कर वायु गुणवत्ता में लाएगी और सुधार : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार नई तकनीकों को अपनाने पर काम कर रही है। इनमें ड्रोन मिस्ट स्प्रिंकलर, आउटडोर एयर प्यूरीफायर और एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन शामिल हैं। इन तकनीकों का इस्तेमाल हॉट स्पॉटों पर किया जाएगा ताकि वहां की वायु गुणवत्ता को सुधारा जाए। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कही। उन्होंने रविवार को बताया कि वायु प्रदूषण के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के प्रेजेंटेशन और उनकी तकनीक को देखा जो एयर पॉल्यूशन कंट्रोल में विशेष तकनीकों पर काम कर रही हैं।

मंत्री सिरसा ने कहा कि सरकार की सक्रिय नीति और ठोस प्रयासों से दिल्ली की हवा लगातार बेहतर हो रही है। रविवार को दिल्ली का एक्यूआई 138 दर्ज किया गया, जो शनिवार को 153 था। और पिछले साल इसी दिन यानि 30 मर्च 2024 को 198 दर्ज किया गया था। मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली क्षेत्र में पोल स्प्रिंकलर लगाए गए हैं जिससे धूल पर नियंत्रण पाने में काफी मदद मिल रही है। ये आधुनिक उपाय शहर में प्रदूषण कम करने के प्रयासों को और मजबूत बनाएंगे। मंत्री सिरसा ने कहा कि

सीएम रेखा गुप्ता ने कालकाजी में सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम

'मन की बात कार्यक्रम आज बन चुका है देश और दुनिया की जानकारी का एक स्रोत'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आज मन की बात कार्यक्रम एक चेतना का कार्यक्रम का बन चुका है। खासकर युवाओं के लिए यह एक सिर्फ कार्यक्रम ही नहीं बल्कि देश और दुनिया की जानकारी का एक स्रोत बन चुका है। यह बात रविवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कही। वहीं सीएम रेखा गुप्ता ने कालकाजी विधानसभा में आयोजित एक कार्यक्रम में मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह मासिक संवाद मन की बात उनके देश के कोने कोने से मिले अपने अनुभवों में जनता से साझा करने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के एकमात्र ऐसे नेता हैं जो अपने देश के नागरिकों से नियमित संवाद तो करते ही हैं उनका ज्ञानवर्धन भी करते हैं।

गौरतलब है कि दिल्ली भाजपा द्वारा रविवार को दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में विभिन्न भाजपा नेताओं ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 120 वें एपिसोड को सुना। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय में सांसद योगेंद्र चांदोलिया एवं नरेश अग्रवाल, प्रदेश पदाधिकारियों, स्थानीय गोल मार्केट समिति भाजपा कार्यकर्ता और भाजपा कार्यालय कर्मचारियों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। वहीं कालकाजी विधानसभा में आयोजित मन की बात कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, कालकाजी से निगम पार्षद योगिता सिंह एवं निगम पार्षद चंद्र प्रकाश, जिला अध्यक्ष राजकुमार चौटाला और अन्य पदाधिकारियों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज मन की बात कार्यक्रम में जो जानकारी दी गई वह हम सब के लिए नई थी।

आज जिस प्रकार से उन्होंने महुआ की बिस्किट की जानकारी दी वह सबके लिए नई जानकारी थी। इसलिए देश दुनिया से लेकर भारत के दूरदराज की विशेषता बताना और अपने कार्यक्रम के माध्यम से एक संदेश देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यही उनके कार्यक्रम को विशेष बनाता है।

आशीष सूद ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि उनके मार्गदर्शन में हम दिल्ली को विकसित भारत की विकसित दिल्ली बनाएंगे। वहीं उन्होंने रविवार को अपनी विधानसभा के ओल्ड पंखा रोड पर स्थित विधायक कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन हुआ जिसमें जनता से भेंट कर स्थानीय समस्याओं को अति गंभीरता से लिया एवं त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने पंकज पूजन रामपाल व सोहनपाल सिंह को कराया पदभार ग्रहण

भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों, फूलमालाओं व पुष्पगुच्छ देकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। उन्होंने उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तियों और सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ जिला अध्यक्षों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

दोनों ने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



मंत्री विपुल गोयल, राजेश नागर रहे उपस्थित

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पार्टी संगठन ने निष्ठावान और समर्पित कार्यक र्ताओं को पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया है। पंकज रामपाल और सोहनपाल सिंह को जिला अध्यक्ष का जो दायित्व मिला है वह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि दोनों जिला अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे और भाजपा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल और बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह को जिला अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाकर पदभार ग्रहण करवाया।

हरियाणा सरकार में राजस्व मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, विधायक मूलचंद शर्मा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, निवर्तमान उप महापौर मनमोहन गर्ग, अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, पं# ग्यासी राम शर्मा, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, राजन मुथरेजा, कुशल ठाकुर, करण सिंगला, प्रवीन चौधरी सहित पार्षद गण मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने जिला अध्यक्षों को नवीन दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दोनों नेताओं को दी।

शुभ मुहूर्त में मंत्र उच्चारण के साथ जिला अध्यक्षों ने किया हवन

भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों, फूलमालाओं व पुष्पगुच्छ देकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। उन्होंने उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तियों और सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ जिला अध्यक्षों को बधाई और शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने से पूर्व जिला अध्यक्षों द्वारा कार्यालय पर हवन का आयोजन किया गया और शुभ मुहूर्त में मंत्र उच्चारण और विधि विधान के साथ जिला अध्यक्षों ने हवन किया एवं ईश्वर का आशीर्वाद लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद पंकज पूजन रामपाल और सोहनपाल सिंह ने शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व सहित केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, राजस्व मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी समेत सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं, साथी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। दोनों ही जिलाध्यक्षों ने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि हम सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

खबर संक्षेप

पार्षद ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन

फरीदाबाद। स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज बना सकता है। व्यक्ति निरोगी रहे इसके लिए

धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं आगे आएं। यह बात पार्षद शेफाली सिंगला ने ह्यूमन लीगल एंड क्राइम कंट्रोल संगठन एवं बत्रा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में नवोदय सरस्वती स्कूल में शिविर का उद्घाटन करते हुए कही।

नई बुटीक में चोरी, 5 लाख के कपड़े गायब

फरीदाबाद। खेड़ी इलाके के सेक्टर-87 हरी नगर में एक कपड़े की दुकान में चोरी हो गई। चोर

सुबह करीब 4 बजे घुसे और करीब 5 लाख रुपए के कपड़े चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रुचि नैथानी ने बताया कि उनकी मां-बिटिया नाम से कपड़ों की बुटीक है, जिसमें सूट और थान वाले कपड़े बेचे जाते हैं।

दुष्यंत चौटाला ने गमी में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि

फरीदाबाद। मृत्यु अटल सत्य है। ईश्वर ने जो जोवन हमें दिया है उसे लोगों की सेवा व भलाई में लगाना

चाहिए। हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम तथा जजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने सुदेश ग्रोवर के पिता, गांव लहडौला में राजू की माताजी गांव सीही में कुलबीर मलिक की पत्नी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के उपरांत कहें। कहा कि यद्यपि वे भौतिक रूप से उनकी रिक्तता का अहसास करते रहेंगे।

इस्लामनगर में 8:15 बजे होगी ईद की नमाज

गाजियाबाद। शहर इमाम मुफ़्ती जमीर बेग ने सोमवार को ईदुल फितर का त्यौहार मनाए जाने का

एलान कर दिया। शहर की इस्लामनगर स्थित ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8:15 बजे होगी। शहर काजी हकीम मसरूर अब्बासी ने बताया कि ईद का पर्व चांद के आधार पर मनाया जाता है। रविवार को चांद दिखाई दिया । सोमवार को ईद मनाई जाएगी । सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी ।

देशी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने देशी कट्टा सहित आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया

है। क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 ने सूचना के आधार पर आरोपी रोहित निवासी छपरा जिला बिहार हाल झुग्गी नजदीक दशहरा ग्राउंड एनआईटी फरीदाबाद को एक देसी कट्टा सहित खेड़ीपुल एरिया से काबू किया है। जिसके खिलाफ थाना खेड़ीपुल में अवैध हथियार की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

जस्टिस बेरी ने किया भोंडसी जेल का दौरा, बंदियों से की बातचीत,कहा-

वंचित वर्ग की न्याय आवश्यकताओं को बढ़ाना जरूरी, 3 महत्वपूर्ण पहलों का किया शुभारंभ

गहरिभूमि न्यूज ⏭ रुग्राम

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के जस्टिस संजीव बेरी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुरुग्राम की तीन महत्वपूर्ण कानूनी सहायता पहलों का शुभारंभ किया।

खास बातें

- कानूनी समस्याओं और न्याय तक पहुंच में आने वाली बाधाओं को समझा
- 'न्याय सेतु' दो महीने तक चलने वाला एक विशेष अभियान

न्याय तक वंचित समुदायों की पहुंच को मजबूत करने के उद्देश्य से, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के जस्टिस संजीव बेरी ने आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम की तीन महत्वपूर्ण कानूनी सहायता पहलों का शुभारंभ किया। इसके साथ ही जस्टिस बेरी ने भोंडसी स्थित जिला कारागार भी दौरा किया और बंदियों से बातचीत भी की। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मेहला भी मौजूद रहे।

जस्टिस बेरी ने बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी कानूनी समस्याओं और न्याय तक उनकी पहुंच में आने वाली बाधाओं को समझने का प्रयास किया। उनके द्वारा शुरू की तीन पहलों में पहली 'न्याय सेतु – बंदियों के लिए कानूनी सहायता सेतु:' था। यह दो महीने तक चलने वाला एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य बंदियों को न्यायिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक व्यवस्थित और डेटा आधारित दृष्टिकोण अपनाना है। इस अनूठी पहल के तहत विशेष कानूनी सहायता दल जेल में बंदियों के साथ व्यक्तिगत बातचीत करेंगे, उनकी जमानत या अपील योग्य मामलों की पहचान करेंगे, आवश्यक दस्तावेज तैयार करेंगे और उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय की विधिक सेवा समितियों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेंगे।

महिला बंदियों के लिए कानूनी सहायता क्लिनिक'

दूसरी पहल 'संगिनी – महिला बंदियों के लिए कानूनी सहायता क्लिनिक' के रूप में शुरू की गई है। यह क्लिनिक जेल के महिला वार्ड में स्थापित किया गया है, जहां एक विशेष महिला पैरा-लीगल स्वयंसेवी की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा, नियमित अंतराल पर महिला अधिवक्ताओं द्वारा भी वहां कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि महिला बंदियों को गोपनीय और संवेदनशील कानूनी सहायता मिल सके।

'दिव्यांग न्याय सहायता केंद्र'

तीसरी पहल 'दिव्यांग न्याय सहायता केंद्र' के रूप में जिला न्यायालय परिसर में शुरू की गई है। यह केंद्र विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए बनाया गया है, जहां उन्हें व्हीलचेयर सहायता, कानूनी परामर्श और अदालती प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह पहल न्याय प्रणाली को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एनकाउंटर और रामकथा का किया जिक्र

भाजपा के कारण बताओ नोटिस का विधायक गुर्जर ने दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

लोनी के भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने रविवार को पार्टी संगठन के कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। उन्होंने जवाब में कहा है कि रामकथा करना अपराध और अनुशासनहीनता तो मुझे निर्देश दें, ताकि मैं रामकथा न करने पर विचार करूं। जवाब 27 मार्च को लिखे गए पत्र के माध्यम से भेजा गया है। रविवार को विधायक नंद किशोर गुर्जर का जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ । कहा कि भ्रष्ट अधिकारी नाराज हैं और मुझे योगी सरकार की नीति के अनुरूप कार्य करने के कारण 'कोटा' मानते हैं, लेकिन भगवान श्रीराम और लोनी की जनता के लिए मुझे अपने प्राणों की आहुति भी देनी पड़े, तो वह भी कम है।

विधायक ने रामायण की चौपाई के जरिए बात रखी

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने रामायण की चौपाई के जरिए अपनी पूरी बात रखी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष जी, रामायण स्वयं भगवान श्रीराम एवं माता जानकी हैं, जिन्हें मेरे इष्ट देवाधिदेव महादेव ने स्वयं सुनाया है। मैं पूछना चाहता हूं कि यदि यही कृत्य किसी अन्य धर्म के ग्रंथ के साथ किया जाता तो क्या होता?

माताओं-बहनों द्वारा निकाली गई इस पवित्र यात्रा में समाज के सभी वर्गों के लोग, भाजपा के जिला अध्यक्ष चौधरी चौनपाल सिंह एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी शामिल थे। पुलिस ने उनके साथ भी अभद्रता की और ब्राह्मणों, कथा वाचकों, हिंदुओं और मेरी जाति को भी अपमानजनक गालियां दीं। कहा कि संगठन परिवार के मुखिया होने के नाते, मेरा आपसे अनुरोध है कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने विश्वामित्र जी के यज्ञ की रक्षा के लिए असुरों का संहार किया था, उसी प्रकार आप हमारे रामकथा के पावन यज्ञ में विघ्न डालने वाले इन आसुरी प्रवृत्ति के अधिकारियों पर शासन से दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

291 शिकायतों का किया निस्तारण

एक सप्ताह में साइबर अपराधियों से 19 मुकदमों में 19,69,670 किए बरामद

साइबर थाना एनआईटी के 2, साइबर थाना सेंट्रल के 10 व साइबर थाना बल्लभगढ के 7 मामले शामिल है

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना की टीमों ने इस सप्ताह 39 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 से 28 मार्च तक साइबर पुलिस की टीमों ने 19 मुकदमों को सुलझाते हुए 39 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 2, साइबर थाना सेंट्रल के 10 व साइबर थाना बल्लभगढ के 7 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 19,69,670 रुपए बरामद किए हैं तथा 291 शिकायतों का निस्तारण कर 1,13,000 रूपए रिफंड कराए हैं, साथ ही 1,44,728 रुपए खातों में फ्रिज कराए गये हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अंकित जायसवाल, आकाश, प्रदीप तिवारी, डोनाल्ड बेंजामिन, साहिल गुप्ता, प्रताप सिंह, मनमीत, सुनील, विष्णु बेनीवाल, यश कुमार, सुखदेव, उत्कर्ष जैन, सुमित, रवि, सोनिंद्र भाटी, सुजल, सौरभ मांझी, वरुण गिरी, बंसीलाल, यश वर्मा, चिरांश, अनिल, आर्यन, रजत, दुर्गेश, मुकेशए, सत्तार खान, मधुसूदन, कौशल राजा, विशाल, अभिषेक साहू, गौतम कंसल, श्रीकांत अग्रवाल, कपिल शर्मा, रामकुमार गौतम, जीसान आलम, नदीम हसन, दीपक नाडीवाल व प्रशांत का नाम शामिल है।

योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल

सतेन्द्र सिसोदिया ने अन्य भाजपाइयों के साथ मिलकर घर-घर संपर्क अभियान में बांटे पत्रक

देश-प्रदेश सरकार के सबका साथ सबका विकास सभी में विश्वास व सबका प्रयास के कार्य पहुंचा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में अजनारा सोसाइटी में मार्केट एवं स्थानीय लोगों से घर घर संपर्क अभियान के तहत उत्कर्ष के 8 वर्ष की उपलब्धियों का पत्रक भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, विधायक अजीत पाल त्यागी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, अध्यक्ष मयंक गोयल, संजय कश्यप, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, कुलदीप त्यागी, संदीप त्यागी, प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष हेमंत त्यागी , मधुकर त्यागी, पूर्व पार्षद संजीव त्यागी, अनुज शर्मा, गौरव चोपड़ा, कपिल वशिष्ठ, हरमीत बक्शी सहित स्थानीय संपर्क टोली ने घर घर पत्रक बांटने का काम किया। इस अवसर सतेन्द्र सिसोदिया ने स्थानीय लोगों को चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव वर्ष की बधाई दी और कहा मोदी योगी की डबल इंजन सरकार ने जनमत हासिल करने के बाद जो कहा वो किया के आधार उत्तर प्रदेश को सेवा सुरक्षा सुशासन की नीति संगत विकास के पंख लगाने का काम किया है।

मतदाताओं ने प्रदेश में बदलाव के लिए अपना मत दिया

प्रदेश को समृद्ध भारत का नंबर 1 प्रदेश बनाने के साथ उत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प को साकार किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान को घर घर संपर्क कर आगे बढ़ाते हुए 8 साल बेमिसाल के पत्रक को हर वर्ग हर क्षेत्र में वृहद अभियान चला कर पूरी ईमानदारी से पहुंचाना है। जिन्होंने भाजपा सरकार के लिए अपना वोट दिया प्रदेश को बदलने में उनका खास योगदान है परंतु सरकार के कार्यों की चर्चा हमें अन्य सभी जनों तक पहुचानी है जिससे कि देश और प्रदेश सरकार के सबका साथ सबका विकास सभी में विश्वास और सबका प्रयास के कार्य से सभी लोगों तक पहुंच सके।

सुनाई लूटपाट की झूठी कहानी

6 लाख की लूट का खुलासा, मालिक ने पैसे लेने घर भेजा, मुंशी ने रची साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस ने 6 लाख रुपए की लूट के मामले का पर्दाफाश कर दिया है। मामले में दुकान का मुंशी ही मुख्य आरोपी निकला, जिसने खुद ही लूट की झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने आरोपी मुंशी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सेक्टर 19 के रहने वाले तुषार जिंदल की ओल्ड फरीदाबाद में सरिया की दुकान है।

29 मार्च को उन्होंने अपने मुंशी गुड्डू को इनोवा गाड़ी में घर से 6 लाख रुपए लाने भेजा। गुड्डू पैसे लेकर दुकान नहीं पहुंचा और उसका फोन भी बंद आने लगा। कुछ देर बाद एक अनजान नंबर से गुड्डू का फोन आया। उसने बताया कि वह आईएमटी के नहर के पास है और उसके साथ लूट हो गई है। मौके पर पहुंचने पर गुड्डू ने कहा कि तीन युवक पल्सर बाइक पर आए और उन्होंने गाड़ी रोककर उसे बंधक बना लिया। फिर चाकू और बंदूक दिखाकर 6 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर सभी क्राइम ब्रांच की टीमें सक्रिय हो गईं। क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच की। जांच में पता चला कि यह लूट नहीं थी, बल्कि मुंशी गुड्डू ने ही पैसे हड़पने के लिए यह साजिश रची थी। पुलिस ने आरोपी मुंशी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि गुड्डू भूड कॉलोनी फरीदाबाद का रहने वाला है तथा ढाई साल से शिकायतकर्ता के पास मुंशी का काम कर रहा है। 29 मार्च को शिकायतकर्ता ने गुड्डू को अपने घर सेक्टर 19 में पैसे लेने के लिए भेजा था।

धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही यमुना का जल

एडवोकेट तरूण अरोड़ा यमुना संरक्षण परिषद के चेयरमैन बनने के बाद बैठक में रखे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

यमुना संरक्षण परिषद् की एक आवश्यक बैठक फरीदाबाद के सैक्टर-22 स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। इस बैठक में मथुरा, वृन्दावन, फरीदाबाद, दिल्ली व अन्य क्षेत्रों से आए लोग मौजूद रहे। इस बैठक में यमुना स्वच्छता को लेकर सभी ने अपने-अपने सुझाव रखें तथा यमुना संरक्षण परिषद् की कार्यकारिणी के लिए सर्व सम्मति से फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद् के चेयरमैन डॉ. तरूण अरोड़ा को परिषद् का चेयरमैन नियुक्त किया गया। इस मौके पर वासुदेव आर्य, ललित भारद्वाज, मनीष चौधरी, वृन्दावन से डाक्टर नरेश, मथुरा से डाक्टर महेन्द्र, दिल्ली से रनजीत कुमार, प्रयागराज से आचार्य कृष्णा मिश्रा, यमुनोत्री से संदीप कुमार, बसपा मेयर प्रत्याशी रही डॉ. मनसा पासवान ने यमुना संरक्षण परिषद् की बैठक में भाग लिया।

सीवरेज के गंदे पानी के चलते दूषित हो रही है मां यमुना

डॉ. तरूण अरोड़ा ने कहा कि यमुना पहाड़ों से उतरकर मैदान इलाकों में नालों व सीवरेज के गंदे पानी में बदल रही है। केन्द्र व राज्य सरकार अपने स्तर पर यमुना के शुद्धिकरण करने में लगी है किन्तु वृन्दावन जैसे पवित्र स्थान पर गंदे नाले के रूप में बह रही है, जो धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहा है। अरोड़ा ने कहा कि यमुना संरक्षण परिषद् का एक दल यमुनानगर, सहारनपुर, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली, फरीदाबाद, नोएडा, अलीगढ़, पलवल, मथुरा, आगरा, इटावा तथा कानपुर तक यमुना नदी का भ्रमण करेगा तथा यमुना में गिरने वाले नालों की सूची तैयार कर सरकार को देगा ।

जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आई संस्था

रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ने औद्योगिक नगर ने वितरित की 100 स्कूली छात्राओं को निशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन के तत्वाधान में पहियों की उड़ान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर मुख्यातिथि रहे, तो वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधायक गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में आईएमटी के आसपास के गांवों की लगभग 100 छात्राओं को साईकिल वितरित की। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री राजेश नागर एवं पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर क्लब की तरफ से अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम केएल एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर 68 आईएमटी फरीदाबाद में आयोजित किया गया।

साइकिल बच्चियों के लिए बहुत उपयोगी

इस मौके पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश नागर ने कहा कि ये साइकिल बच्चियों के लिये बहुत कारगर सिद्ध होंगी। इस तरह के आयोजन से जरूरतमंदों को काफी मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि संस्थाओं को इस तरह के आयोजन करते रहने चाहिए। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन जिले में बेहतर कार्य कर रहा है, उनके इस तरह के कार्य प्रंशसनीय है, क्योंकि इन साइकिल की मदद से बच्चियां स्कूल जल्दी पहुंच सकेंगी और अपने सपनों को पंख लगा सकेंगी।

छात्राओं के चेहरे पर खुशी दिखी

केएल एक्सपोर्ट प्रा.लि. के चेयरमैन विनय रस्तोगी ने दोनों गेस्ट का कंपनी की तरफ से आभार व्यक्त किया। वहीं साइकिल मिलने के उपरांत छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखकर विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक एवं पूर्व अध्यक्ष दीपक यादव ने कहा कि बच्चियों के चहरे पर खुशी देखकर खुशी हुई है। इस मौके पर रोटरी क्लब प्रोजेक्ट चेयरमैन विनय रस्तोगी, प्रधान राजीव सिक्का, सेक्रेटरी सौरभ मित्तल, प्रोजेक्ट प्रभारी दीपक यादव, आईएमटी प्रधान वीरभान शर्मा, सेक्रेटरी दीपक प्रसाद के साथ ही ग्रामीण उपस्थित रहें।

हरिभूमि का 14वां कवि सम्मेलन

एमडीयू में सजी कवियों की महफिल, श्रोताओं से खचाखच भरा रहा सभागार, कार्यक्रम सम्पन्न होने तक बजती रही तालियां

मदवि के ऑडिटोरियम में कवियों ने खूब गुदगुदाया, जमकर लगे ठहाके, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा सभागार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के टैगोर ऑडिटोरियम में रविवार को हरिभूमि का 14वां कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। श्रोताओं से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। शुरूआत में सभी कवियों ने मां सरस्वती की आराधना की और अपनी कविताएं पेश की। उन्होंने सबसे पहले श्रोताओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। गीतकार, हास्य, व्यंग्य और वीर रस के कवियों ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया और दर्शकों का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट से ऑडिटोरियम का सभागार गूंजता रहा। कार्यक्रम समापन तक श्रोताओं ने कविताएं सुनीं। देश प्रेम की कविताओं पर युवाओं में जोश देखने को मिला। कवि सम्मेलन में रसिक गुप्ता ने मंच सम्भालते हुए कविताओं की शुरूआत की। उन्होंने कवियों का परिचय भी करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी से सांसद धर्मबीर सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि मेयर रामअवतार वाल्मीकि और एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन रहे।

रोहतक। मंच पर प्रस्तुति देते हास्य व्यंग्य के कवि डॉ. सुनील जोगी, मंच पर मौजूद हास्य रस के कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना, हेमन्त पाण्डेय, वीर रस के कवि डॉ. अर्जुन सिसोदिया, गीतकार पद्मिनी शर्मा और हास्य रस के कवि एवं मंच संचालक डॉ. रसिक गुप्ता और सभागार में मौजूद श्रोतागण। फोटो : हरिभूमि

इन कवियों ने गुदगुदाया

- हास्य व्यंग के कवि डॉ. सुनील जोगी, हास्य रस के कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना, वीर रस के कवि डॉ. अर्जुन सिसोदिया, हास्य रस के कवि हेमन्त पाण्डेय और डॉ . रसिक गुप्ता एवं गीतकार पदमिनी शर्मा ने शानदार प्रस्तुति पेश की।
- गीतकार पदमिनी शर्मा ने सम्मेलन में गीत गाया नजर नजर से मिली और कमाल होने लगा, ब्यान आंखों से सब दिल का हाल होने लगा। अब इससे बढ़के महोब्बत का असर क्या होगा, आपके ख्याल से चेहरा गुलाल होने लगा। मिले न चैन तुम्हे हाल ए दिल बताए बिना। तुम्हारा जिक्र ही आया तुम्हारे आए बिना, गुलाल गाल पर दिखने लगा लगाए बिना।
- डॉ अर्जुन सिसौदिया ने कविता पेश की कि युद्ध नहीं, जिनके जीवन में वे भी बड़े अभाव में होंगे। या तो प्रण तोड़ा होगा या रण से भागे होंगे। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद पर कविता पढ़ी कि आजाद वहीं जो तन मन से भारत मां का अनुरागी था। आजाद वहीं जिसने आजादी का सपना आबाद रखा। प्रण याद रहे आजादी का, इसलिए उसने अपना नाम आजाद रखा।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, राज्य सूचना आयुक्त डॉ कुलबीर छिक्कारा, श्याम इंडस पावर सोल्यूशन्स प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक मेजर सत्यपाल सिंधु, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र, राजेश सहगल, व्यावसायी राजेंद्र बंसल, डॉ. राजेश रोहिल्ला, जिला बार एसो. के प्रधान दीपक हुड्डा और अंशुल पठानिया सम्मेलन में मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

ताला कारीगर को 89 लाख का नोटिस

अलीगढ़। जूस बेचने वाले को आयकर विभाग का 7.79 करोड़ रुपए का नोटिस मिलने के बाद अब

एक ताला बनाने वाले कारीगर को 89 लाख रुपए का नोटिस मिलने का मामला सामने आया है। आयकर विभाग ने नोटिस 2018 - 2019 के बीच कारीगर योगेश शर्मा के पैन कार्ड पर हुए लेनदेन के मामले में जारी किया है। ताला कारीगर ने अपने पैन कार्ड का दुरुपयोग होने की बात कही है।

सपा प्रवक्ता को बिश्नोई गैंग से मिली धमकी

लखनऊ। अपराधी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े होने का दावा करने वाले व्यक्ति ने सपा के राष्ट्रीय



प्रवक्ता तारिक खान को कथित तौर पर फोन पर धमकी दी है। पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले की गई फोन कॉल के सिलसिले में जांच शुरू कर दी गई है। समाचार चैनलों पर सपा का बचाव करने वाले खान के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए धमकी का ऑडियो वायरल है।

पुलिस की सक्रियता से अपराधियों को पकड़ने में मिली सफलता

8 सालों में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार

योगी सरकार का 8 सालों वाला दावा

डकैती-हत्या और अपहरण जैसे अपराध में 85% की आई गिरावट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं, जिससे अपराध दर में 85 प्रतिशत तक गिरावट आई है। माफिया और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ 142 अरब रुपये की संपत्तियां जब्त की गई हैं। हजारों की गिरफ्तारी हुई है।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अपराध कारित करने वाले अपराधियों पर न सिर्फ कार्रवाई की जा रही है, बल्कि उनके अवैध साम्राज्य को भी नेस्तेनाबूत किया जा रहा है। यही वजह है कि सौ बार सोचने के बाद अपराधी कोई कदम उठा रहे हैं, लेकिन फिर भी घटनाएं अभी भी घट रही है। वहीं सरकार के दावों की माने तो सीएम योगी के नेतृत्व में पिछले 8 सालों में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। डैकती, लूट, दंगा, हत्या, अपहरण और बलात्कार जैसे जघन्य अपराध में 85 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस तरह योगी सरकार में माफिया और गुंडागर्दी पर शिकंजा कसता जा रहा है।

पुलिस रिकॉर्ड की माने तो डकैती की घटनाओं में 2016 की तुलना में 84.41 प्रतिशत की कमी आई है। जबकि लूट के मामले 77.43 फीसदी तक कम हुए हैं। इसी तरह अपहरण, दहेज हत्या और बलात्कार की घटनाओं में भी भारी कमी देखने को मिल रही है। इतना ही नहीं, योगी सरकार ने प्रदेश के माफियाओं, गैंगस्टरों और भू-माफिया पर बड़े पैमाने पर कार्यवाही की है।

142 अरब रुपए की संपत्ति जब्त

भू-माफिया की 142 अरब रुपये से अधिक की चल-अचल अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। वहीं, 68 माफिया और उनके करीब डेढ़ हजार सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 617 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा 752 पर गैंगस्टर एक्ट लागू किया गया है।

अब प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित

यूपी पुलिस की सक्रियता और सीसीटीवी सर्विलांस जैसी आधुनिक तकनीकों ने अपराधियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस तरह सूबे की योगी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश न केवल विकास के मामले में आगे बढ़ा है, बल्कि कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर भी एक नई मिसाल कायम की है। पुलिस प्रशासन की सक्रियता, तकनीकी उन्नयन और सख्त कानूनों ने अपराधियों को मिट्टी में मिला दिया है। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित महसूस करता है। ये योगी सरकार की एक तरह से सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि 2017 में योगी सरकार बनने से पहले यूपी की कानून व्यवस्था विपक्षी दलों का मुद्दा होता था। इसी मुद्दे को भुनाकर भाजपा ने यूपी की सत्ता में वापसी की थी और 2022 विधानसभा चुनाव में भी जीत दर्ज की थी।

बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

दरभंगा में तनाव, कलश शोभायात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं पर पथराव

एजेंसी ⏭ दरभंगा

बिहार के दरभंगा जिले के केवटगामा पंचायत के पछियारी रही गांव में दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना कर लौट रही श्रद्धालुओं की भीड़ पर समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव कर दिया। कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र में हुई इस घटना से शोभायात्रा में चल रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर तत्काल कुशेश्वरस्थान थाना समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया।

शोभायात्रा में चल रहे लोगों ने बताया कि पछियारी रही गांव में रहने वाले मो. अलाउद्दीन के छत पर कुछ लोग जमा थे, शोभायात्रा के आते ही उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कुशेश्वरस्थान, तिलकेश्वर और बिरौल थाना सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल गांव पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। लेकिन, गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, एसएसपी जगन्नाथ रेड्डी ने हालात सामान्य होने की बात कही है। पंचायत के पूर्व मुखिया आलोक कुमार उर्फ विकास कुमार ने बताया कि होली के दिन समुदाय विशेष के लोगों ने होली खेल रहे युवाओं को घायल कर दिया था। बाद में बातचीत कर मामला सुलझा लिया गया था। लेकिन, आज रविवार को नवरात्रि के पहले दिन कलश शोभायात्रा से लौट रही भीड़ पर पथराव किया गया। इससे गांव में फिर तनाव फैल गया है।

पुलिस बल तैनात किया

पथराव की घटना को लेकर कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। गांव में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

सांसद अरुण गोविल ने जेल में मुस्कान और साहिल को दी रामायण

एजेंसी ⏭ मेरठ

यहां के सांसद अरुण गोविल ने घर-घर रामायण अभियान के अंतर्गत रविवार को जिला कारागार में बंदियों को रामायण वितरित की। इस दौरान सांसद ने सौरभ हत्याकांड के आरोपी साहिल और मुस्कान को भी रामायण भेंट की। दोनों ने रामायण को पढ़ने और उस पर अमल करने की बात कही।

सांसद अरुण गोविल रविवार को चौधरी चरण सिंह कारागार में रामायण वितरण करने के लिए पहुंचे। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने सांसद का स्वागत किया। इस दौरान सांसद ने जेल में 1500 रामायण बांटीं। इस दौरान वहां मौजूद बंदी भाव-विभोर हो गए और जेल परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। बंदियों ने सांसद के चरण स्पर्श किए। कई बंदियों की आंखों में आंसू छलक पड़े।

बंदियों ने कहा कि बचपन में हमने श्रीराम का चरित्र रामायण सीरियल में देखा था, लेकिन आज वही राम हमारे सामने खड़े हैं। जब भी हम श्रीराम के बारे में सोचते हैं, तो हमारे मन में अरुण गोविल का ही चित्र आता है। इस दौरान जेल में बंद मुस्कान और साहिल को भी सांसद ने रामायण भेंट की। बताया गया कि दोनों ने रामायण को पढ़ने और उस पर अमल करने की बात कही। सांसद ने कहा कि आज एक विशेष दिन है। यह हिंदू नववर्ष एवं नव संवत्सर की शुरुआत का पावन दिन है। आज के दिन आपको यह रामायण दी जा रही है। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की सीख देने वाला ग्रंथ है। इस ग्रंथ को पढ़कर आपको यह समझ आएगा कि सत्य, धर्म, मर्यादा और कर्तव्य का पालन कैसे किया जाए।

नवरात्रि में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

असामाजिक तत्वों ने नारऊ गांव के मंदिर में स्थापित देवी की मूर्ति तोड़ी



एजेंसी ⏭ बुलंदशहर

यूपी के बुलंदशहर में नवरात्रि से एक दिन पहले असमाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। उन्होंने नारऊ गांव स्थित पथवारी मंदिर में देवी की मूर्ति को खंडित कर दिया। जब इस बात की जानकारी ग्रामीण और हिंदू संगठन के लोगों को हुई तो आक्रोश फैल गया। मूर्ति खंडित होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ये मामला छतारी क्षेत्र के नारऊ गांव का है। जहां शनिवार की रात में असामाजिक तत्वों ने मंदिर में लगी मूर्ति और गेट पर लगी टाइल को खंडित कर दिया गया। सूचना मिलते है बजरंग दल के संयोजक संदीप राघव के साथ ग्रामीण जुट गए और रोष व्यक्त किया। सूचना मिलते ही सीओ डिबाई शोभित कुमार थाना प्रभारी संदीप कुमार,तहसीलदार विपिन वर्मा,कानूनगो रूप सिंह, इंस्पेक्टर डिबाई रवि रतन,इंस्पेक्टर पहासू रामफल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। सतीश चंद शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वही, सीओ ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमों को लगाया है। आरोपी शीघ्र पकड़े जाएंगे। गांव में शांति है।

हिंदूवादी संगठनों की चेतावनी

पांचोपीरन दरगाह पर नहीं लगने देंगे मेला, कलेक्ट्रेट में नारेबाजी

एजेंसी ⏭ सुल्तानपुर

संभल, बहराइच के बाद अब मुस्लिम आक्रांता सैय्यद सालार मसूद गाजी के पांच सिपहसालारों की सुल्तानपुर स्थित कब्रगाह पांचोपीरन में लगने वाले सावनी मेला पर हिंदूवादी संगठनों ने प्रश्न उठा दिया है। इन संगठनों ने सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट में सैय्यद सालार गाजी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा, जिसके जरिए शहर में गोमती किनारे स्थापित पांचोपीरन दरगाह में हर साल सावन माह में लगने वाले सावनी मेले को हिंदू अपमान का प्रतीक बताते हुए इसपर तत्काल रोक लगाने की मांग की। दरअसल सुल्तानपुर शहर में गोमती के दक्षिणी तट पर सैकड़ों साल पुरानी पांचोपीरन दरगाह है। सरकारी अभिलेखों व जनश्रुतियों के अनुसार इस दरगाह में मुस्लिम आक्रांता महमूद गजनवी के भांजे सैय्यद सालार मसूद गाजी के सिपहसालारों की कब्रे हैं जिन्हें तत्कालीन कुशपुर के भर राजा नंदकुंवर ने मार गिराया था। इसी दरगाह पर हर साल सालाना उर्स व सावनी मेला लगता है। बताते हैं कि सावनी मेला कुशपुर के अंतिम हिंदू शासक राजा नंदकुंवर पर मुस्लिम आक्रांता खिलजी की विजय के 'उल्लास' व हिंदुओं के अपमान का प्रतीक है। जिसके विरोध में गौरक्षा वाहिनी प्रमुख सर्वेश सिंह की अगुवाई में विश्व हिंदू महासंघ व विहिप आदि हिंदूवादी संगठनों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। 'गाजी-पाजी' के नारे खूब लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट में सीएम योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौंपा जिसमें तत्काल पांचोपीरन के सालाना उर्स व सावनी मेले पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

पेज एक का शेष

संघ साधारण वटवृक्ष...

स्वयंसेवक को तप और तपस्या के लिए प्रेरित करती है। उसे न थकने देती है और न ही रुकने देती है। हमारे संतों ने हमारी राष्ट्रीय चेतना को एक नई ऊर्जा दी। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय पहुंचे। सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। बतौर प्रधानमंत्री, ये उनका पहला दौरा था। प्रधानमंत्री मोदी ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। इस दौरान मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रमुख डॉ. मोहन भागवत भी मौजूद थे।

गुलामी के कालखंड ...

के लिए काम कर रहा है। बाह्य दृष्टि ने माधव नेत्रालय को जन्म दिया है, तो अंतर्दृष्टि ने संघ को सेवा का पर्याय बना दिया है। अभी हमने माधव नेत्रालय के कुल गीत में सुना, अध्यात्म, ज्ञान, गौरव गुरुता का ये अद्भुत विद्यालय है, मानवतारत है ये सेवा मंदिर कण कण में देवालय है। माधव नेत्रालय एक ऐसा संस्थान है जो अनेक दशकों से पूज्य गुरूजी के आदर्शों पर लाखों लोगों की सेवा कर रहा है।

हमारा वसुधैव...

को टीके उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए। हाल ही में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने सबसे पहले 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के जरिए राहत सामग्री भेजी, और तुर्की तथा नेपाल को भी मदद दी। मॉलदीव के जल संकट के दौरान भी भारत ने अपना समर्थन प्रदान किया। संकट के समय में भारत ने अन्य देशों से अपने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया को भी सफलतापूर्वक संचालित किया।

यहां आना मेरे...

रहा है। भगवान झूलेलाल जी और गुरु अंगद देव जी का अवतरण दिवस भी है। ये हमारे प्रेरणापुंज परम पूज्यनीय डॉ. साहब की जयंती का भी अवसर है। इसी साल आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर मुझे स्मृति मंदिर जाकर पूज्य डॉ. साहब और पूज्य गुरुजी को श्रद्धांजिल अर्पित करने का सौभाग्य मिला है। अगले ही महीने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती भी है। मैंने दीक्षाभूमि पर बाबा साहेब को नमन किया है और उनका आशीर्वाद भी लिया है।

गुलामी की मानसिकता...

जागृत रखने वाले नए-नए सामाजिक आंदोलन होते रहे। भक्ति आंदोलन का उदाहरण हम सभी को पता है। मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से हमारी राष्ट्रीय चेतना को नई ऊर्जा दी। आज हम देख रहे हैं कि भारत कैसे गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर आगे बढ़ रहा है।

जयपुर से चेन्नई जा...

अनुसार, स्पाइसजेट का फ्लाइट एसजी-9046 के जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद दूसरे मेन टायर में समस्या आ गई। जयपुर में एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने विमान चालक दल को सूचित किया कि रनवे पर टायर का एक टुकड़ा मिला है।

जांच की तो टायर ...

हुआ। पायलट की सतर्कता और एयरपोर्ट पर अधिकारियों की तत्परता के कारण विमान को एयरपोर्ट पर सुबह 4 बजकर 55 मिनट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

नोएडा के आरोपी ...

उज्ज्वल किशोर और उसकी पत्नी नीलू श्रीवास्तव एडल्ट वेबकैम स्टूडियो चला रहे थे। यह रैकेट पांच साल से दोनों चला रहे थे। जांच में कई अन्य लोग भी रडार पर हैं और आने वाले दिनों में कई गिरफ्तारी हो सकती है। इस रैकेट का सरगना पहले रूस के सेक्स सिंडिकेट का हिस्सा रह चुका है। इन लोगों ने अब तक 500 से अधिक युवतियों को हायर किया है।

लड़कियों को 2 लाख रु. महीने कमाने का प्रस्ताव : दिल्ली-एनसीआर की कई युवतियों से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया जाता था। सोशल मीडिया पर विज्ञापन में मॉडलिंग ऑडिशन की जानकारी दी जाती थी। जब युवतियां नोएडा स्थित घर पर ऑडिशन देने पहुंचती थीं तो आरोपी की पत्नी उन्हें अश्लील रैकेट का हिस्सा बनने का प्रस्ताव देती थी। इस प्रस्ताव में 1 से 2 लाख महीने कमाने का प्रलोभन दिया जाता था।

पर्पज कोड देकर खातों में मंगाई रकम : दंपती ने गलत तरीके से 'पर्पज कोड' देकर अपने बैंक खातों में विदेशी पैसा लिया। इन दोनों ने बैंकों को विज्ञापन, मार्केट रिसर्च से लेकर जनमत संग्रह के नाम पर गलत तरीके से पर्पज कोड दिए थे। दरअसल, पर्पज कोड एक विशिष्ट कोड होता है जो किसी देश के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी किया जाता है। यह कोड अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए लेनदेन की प्रकृति को स्पष्ट करता है।

लोगों ने घिबली इमेज...

अल्टमैन ने अपनी घिबली इमेज अपलोड करके इस ट्रेंड को हवा दे दी। फिर क्या था, भारत समेत दुनियाभर में स्टूडियों घिबली सर्च ट्रेंड करने लगा।

भारत के लोगों ने...

स्टूडियो घिबली गूगल पर तीसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं इंटरनेट पर इसे 1 लाख से ज्यादा लोग सर्च कर चुके हैं। इससे साफ पता चलता है कि घिबली में इमेज बनाने को लेकर इंटरनेट यूजर्स के बीच कितना क्रेज है।

क्या है स्टूडियो घिबली...

घिबली स्टाइल कार्टून इमेज बना रहे हैं। इंटरनेट पर कई वायरल मीम्स के भी कार्टून बनाए जा रहे हैं। लेकिन चैटजीपीटी पर घिबली लिख देने से यह आपकी फोटो को कार्टून में कैसे कनवर्ट कर देता है? यह समझने के लिए आपको घिबली के इतिहास को जानना पड़ेगा।

आप भी बना सकते हैं...

इसी मॉडल से संभव हो पाया है। इसका सबसे रोचक पहलू यह है कि यह स्टूडियो घिबली‌i की प्रसिद्ध कार्टून शैली को बखूबी दोहरा सकता है। आप भी आसानी के घिबली इमेज जनरेट कर सकते हैं।

भड़की भाजपा ने दागे सवाल

सोरेन-अडाणी की बंद कमरे में 2 घंटे मुलाकात

एजेंसी ⏭ रांची

उद्योगपति गौतम अडाणी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच बैठक हुई। बैठक में झारखंड में खनन अधिकारों को लेकर अडाणी और हेमंत सोरेन के बीच चर्चा हुई। इस मामले पर अब भाजपा ने हेमंत सोरेन के साथ ही कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है।

भाजपा का कहना है कि चुनावों के दौरान जिसके खिलाफ रात-दिन बयान दिए जाते थे, उससे इस तरह अचानक हुई दोस्ती का क्या मतलब है। भाजपा ने कहा कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा दोनों ही पार्टियों को अडाणी को लेकर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

भाजपा नेता ने कहा-यह रिश्ता क्या कहलाता है

भाजपा ने अडाणी और हेमंत सोरेन की मुलाकात पर भाजपा ने सवाल उठाया है। उनका कहना है कि पिछले साल हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान गौतम अडाणी पर बयान केवल राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए दिए गए थे। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस तरह की बैठकें अच्छी हैं, लेकिन इन बैठकों को सबक रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कल जिस तरह से सीएम सोरेन ने रेड कार्पेट बिछाकर गौतम अडाणी का स्वागत किया, उससे साबित होता है कि उनकी और उनकी पार्टी के साथ सहयोगियों का विरोध लोगों को गुमराह करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार, अडाणी और हेमंत सोरेन के बीच बंद कमरे में दो घंटे तक बातचीत चली। इस दौरान अडाणी के हजारीबाग के गोंडुलपुरा और गोड्डा के दो कोयला ब्लॉकों में वाणिज्यिक खनन पर चर्चा हुई। यह सभी कोयला ब्लॉक भूमि अधिग्रहण और कानूनी मंजूरी के चलते अभी शुरू नहीं हो पाई हैं। इस मामले पर सोरेन से मुलाकात कर अडाणी ने मुद्दा उठाया और भविष्य के निवेश को लेकर भी दोनों के बीच बातचीत हुई।



मैं तिकड़मी निर्माताओं के साथ काम नहीं कर सकता : सुदीप्तो

मुंबई। निर्देशक सुदीप्तो सेन को पूरी दुनिया में फिल्म 'द केरल स्टोरी' से जो शोहरत मिली है, वह किसी भी निर्देशक के लिए ईर्ष्या का विषय हो सकती है। वह दिन रात नए कलाकारों और नए तकनीशियनों की खोज में रहते हैं। मुद्दा आधारित फिल्में बनाने वाले निर्देशकों को भी अपना मंच प्रदान करने में नहीं हिचकते। वह मानते हैं कि बाहर से आकर हिंदी सिनेमा में अपनी जगह बनाना आसान नहीं है। मुश्किल वह ये भी स्वीकार करते हैं कि नए विचारों को और नए लोगों को हिंदी सिनेमा आसानी से स्वीकार नहीं करता है। मेरी कोशिश रही है कि मैं उन्हीं निर्माताओं के साथ काम करूं जो मेरी रचनात्मक स्वतंत्रता को स्वीकार करें। ऐसे निर्माताओं के साथ काम करने में मुझे घुटन होती है।

लाइफ Style

प्रियंका

पिंकसिटी जयपुर में शाही स्वागत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हाल ही में जयपुर पहुंची, जहां वह किसी प्रोफेशनल काम के लिए पहुंची थीं। प्रकृति से जुड़ी तस्वीरों ने उनके प्रशंसकों में उत्साह पैदा कर दिया है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर जयपुर, राजस्थान से जुड़ी तस्वीरें और वीडियोज साझा किए हैं।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फ्लाइट के अंदर से बाहर के वातावरण की एक तस्वीर शेयर की है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा खूबसूरत जयपुर। इसके अलावा उन्होंने शाही भवनों की तस्वीरें भी साझा कीं हैं। एक वीडियो में मधुर सुर में बांसुरी बजाता हुआ एक व्यक्ति दिख रहा है, जिसे उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं अभिनेत्री ने इस खूबसूरत वातावरण में एक मोर का नाचते हुए भी वीडियो शेयर किया है, जो प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपने पति निक जोनास और बेटी मालती से जुड़े पोस्ट शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी मालती की सोते हुए एक पोस्ट शेयर किया था। अभी कुछ महीनों पहले अभिनेत्री अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में शामिल हुईं थी, जहां से कई खूबसूरत तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं थीं। अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगी, जिसमें वह महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ दिखेंगी। इसके अलावा प्रियंका के पास 'द ब्लफ' और 'हेड्स ऑफ स्टेट' जैसी फिल्में भी हैं, जिसके तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है।

हॉलीवुड मसाला

ऑस्कर अकादमी को मांगनी

पड़ी माफी

लॉस एंजिल्स। यहूदियों द्वारा ऑस्कार विजेता हमदान बल्लाल पर हिंसक हमला किया गया था और उन्हें इजरायली सेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले पर अकादमी द्वारा मामले का समर्थन ना करने और उनका नाम ना लेने के लिए सैकड़ों सदस्यों द्वारा विरोध किया गया था। विवाद बढ़ता देख अकादमी ने माफी मांग ली है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने बीते बुधवार को इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, लेकिन उन्होंने हमदान बल्लाल का सीधे तौर पर नाम नहीं लिया। इस वजह से इसपर जांच शुरू हो गई थी।

'रीचर' की तीसरी किस्त के दौरान बेसुध हुए एलन

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर रिचसन इन दिनों अपनी सीरीज 'रीचर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह दर्शकों की पसंदीदा एक्शन सीरीज में से एक है, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। हाल ही में, रिचसन ने सीरीज के आखिरी एपिसोड में एक एक्शन सीन के दौरान बेसुध होने की बात कबूली है। एएनआई की एक खबर के मुकाबिक, रिचसन ने कहा कि एक सीन के दौरान उन्हें उठाकर मेज पर जोर से पटक दिया गया, जिससे वह डेढ़ दिन तक बेहोश रहे। जब वह होश में आए, तो उन्हें अपने बच्चों को यह बताना पड़ा कि वह ठीक हैं, क्योंकि उस सीन के दौरान उनके बच्चे भी सेट पर मौजूद थे और वह नहीं चाहते थे कि वे डर जाएं। उन्होंने इसे अपने जीवन का सबसे बुरा पल बताया। रिचसन ने आगे बताया कि उनकी टीम इस सीन के खिलाफ थी, क्योंकि उन्हें चोट लगने का डर था।

चर्चा में नुसरत व सोहा का हॉरर अवतार

मुंबई। नुसरत भरूचा की साल 2021 में आई फिल्म 'छोरी' को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म की सस्पेंस-थ्रिलर से भरी कहानी में हॉरर भी था और ड्रामा भी। फिल्म का पहला पार्ट इतना पसंद किया गया कि अब इसका दूसरा पार्ट भी अनाउंस कर दिया गया है। नुसरत ने खुद एक सोशल मीडिया पोस्ट करके अपने फैंस और फॉलोअर्स को इस फिल्म की अगली कड़ी के बारे में बताया है। नुसरत भरूचा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। खौफ की अभी तो बस शुरुआत हुई है।' नुसरत ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं जिनमें फिल्म की शूटिंग के दौरान की कुछ झलकियां दिखाई हैं। फोटोज में नुसरत भरूचा तो नजर आ ही रही हैं, लेकिन इसके साथ-साथ एक तस्वीर में सोहा अली खान भी हॉरर अवतार में दिखाई पड़ रही हैं।

'सिकंदर' रिलीज होने से पहले ही हुई लीक

मुंबई। हाल ही में 'सिकंदर' रिलीज से कुछ घंटे पहले ही फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई। एआर मुरुगदास निर्देशित फिल्म 'सिकंदर' का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो अब सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को लगभग 600 साइटों पर लीक कर दिया गया था, जो निर्माताओं की नींद उड़ाने वाली बात है। ट्रेड एनालिस्ट ने 'सिकंदर' के ऑनलाइन लीक होने पर एक्स पर ट्वीट किया कि किसी भी निर्माता के लिए यह कृत्य खराब सपने जैसा है। यह फिल्म मेकर्स को महंगा पड़ सकता है। आखिर फैंस के लंबे इंतजार के बाद 30 मार्च को सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' सिनेमाघरों में रिलीज कर दी गई है। इस पर फैंस के रिएक्शन आने लगे हैं, बहुत से फैंस इसे पैसा वसूल और सलमान खान की परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं।

टीवी मसाला

केबीसी के अगले सीजन के लिए अमिताभ बच्चन तैयार

नई दिल्ली। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि 'कौन बनेगा करोड़पति' के अगले सीजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं और 'पहला कदम' प्रोमो है। एक्टर ने अपने ब्लॉग पर लिखा, "काम ही व्यक्ति के भाग्य का निर्धारक है और अगले सीजन के लिए शो की तैयारियां पूरी गंभीरता से शुरू हो गई हैं, इसलिए पहला कदम रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रण का प्रोमो होगा।' उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट पर तीन तस्वीरें भी शेयर कीं। एक तस्वीर में वह सोफे पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उन्होंने बताया कि किस तरह वह फिल्म या सीरीज देखते हुए पूरी तरह तल्लीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह सभी के साथ होता है या सिर्फ मेरे साथ होता है। जब हम कोई फिल्म या टीवी सीरीज देखते हैं, तो उसमें तल्लीनता का प्रतिशत इतना बड़ा होता है कि कुछ समय बाद आप फिल्म के किरदार की तरह बनने और व्यवहार करने लगते हैं। मेगास्टार ने 24 मार्च को लोगों की जान बचाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया. इस सहयोग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पूरे देश में जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है। यह सहयोग मंत्रालय के चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान का हिस्सा है, जिसमें बिग बी लोगों से सड़कों पर अधिक जागरूक और जिम्मेदार होने का आग्रह कर रहे हैं।

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से पूरी तरह कटा दिशा का पत्ता

नई दिल्ली। दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की 'दया बेन' का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है। इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं।

वो टॉप हीरोइन जिसे शादीशुदा मर्द से हुई मोहब्बत, अकेले गुजार दी पूरी जिंदगी...

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर में कई अभिनेत्रियों ने अपनी चमक बिखेरी, लेकिन आशा पारेख (**Asha Parekh**) का जादू कुछ अलग था. 60 और 70 के दशक में वह न सिर्फ सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक थीं, बल्कि उन चंद कलाकारों में भी शामिल थीं, जो अपने समय की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस थीं। उनकी अदाकारी, खूबसूरती और सादगी ने दर्शकों के दिलों पर राज किया, लेकिन निजी जिंदगी में वह हमेशा अकेली रहीं। क्या है एक्ट्रेस की कहानी, चलिए आपको बताते हैं।

ताउम्र कुंवारी रहीं आशा पारेख : आशा पारेख ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे हिंदी सिनेमा की शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं। उन्होंने धर्मेंद्र, राजेश खन्ना, शम्मी कपूर जैसे दिग्गज सितारों के साथ कई सुपरहिट फिल्में दीं। 'कटी पतंग', 'तीसरी मंजिल', 'आन मिलो सजना', 'प्यार का मौसम' जैसी फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री में अटूट पहचान दिलाई। लेकिन ,जब बात उनकी निजी जिंदगी की आई, तो उन्होंने शादी नहीं करने का फैसला लिया। एक इंटरव्यू में आशा पारेख ने अपनी जिंदगी के इस पहलू पर खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि उन्हें एक ऐसे व्यक्ति से प्यार हो गया था जो पहले से शादीशुदा था। लेकिन, वह किसी और के घर को तोड़ने या दूसरी औरत बनने के लिए तैयार नहीं थीं। यही वजह थी कि उन्होंने ताउम्र अकेले रहने का निर्णय लिया और आज भी वह अपने फैसले से खुश हैं।

ऑटो बायोग्राफी में किया है खुलासा : अपनी आत्मकथा 'आशा पारेखः द हिट गर्ल' में भी उन्होंने इस बारे में लिखा है। किताब के लॉन्च इवेंट में उन्होंने कहा था, 'शादियां ऊपर से तय होती हैं और शायद भगवान मेरी जोड़ी बनाना ही भूल गए'। एक्ट्रेस की मानें तो उनके जीवन में शादी का संयोग ही नहीं बना और उन्होंने अकेले रहने का ऑप्शन चुना। आशा पारेख की जिंदगी में स्टारडम की चमक तो थी, लेकिन उनकी निजी दुनिया में सन्नाटा भी था। उन्होंने इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया और तकरीबन 95 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

फौज की नौकरी छोड़कर बने गीतकार, अकेले ही लिख डाले चार हजार से भी अधिक गाने

नई दिल्ली। *भारत को अगर गीतों का देश कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। आपको यहां हर मौसम, हर भावना, हर परिस्थिति पर गीत मिल जाएंगे। हंसने पर गीत, रोने पर गीत, जीवन पर गीत, पैदा होने पर गीत यहां तक कि मरने पर भी गीत। हर मौसम के गीत हैं, सर्दी पर, गर्मी पर, बसंत पर और बरसात पर। इसलिए इस देश को गीतों का देश कहने में कोई गुरेज नहीं। ऐसे में देश में एक गीतकार ऐसा भी हुआ है, जिसने इन सभी परिस्थितियों, सभी भावनाओं और सभी मौसमों पर गीत लिखे हैं और अपने लगभग पांच दशक लंबे करियर में तकरीबन चार हजार से भी अधिक गीत लिखे हैं। ये शख्सियत हैं हिंदी सिनेमा के दिग्गज गीतकार आनंद बक्शी। 21 जुलाई 1930 को रावलपिंडी में जन्मे इस गीतकार ने अपनी जिंदगी में पार्टीशन से लेकर मायानगरी मुंबई में धक्के खाने तक सबकुछ झेला है। उसके बाद चखा है अपार सफलता का स्वाद और अगर आज ये कहा जाए कि बॉलीवुड की तकरीबन 80 प्रतिशत फिल्मों के गीत अकेले आनंद बक्शी ने लिखे हैं, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। 30 मार्च 2002 को इस महान गीतकार की कलम हमेशा के लिए रुक गई। रविवार को आनंद बक्शी साहब की 23वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर जानते हैं आनंद बक्शी से जुड़े कुछ अनकहे किस्से और संघर्ष से लेकर सफलता तक का उनके सफर के बारे में।*

14 साल में की नेवी में नौकरी : *आनंद बक्शी को शुरू से ही फिल्मों और गानों का बड़ा शौक था। शुरूआती शिक्षा के बाद ही आनंद बक्शी को नौकरी करनी पड़ गई। वो महज 14 साल की उम्र से ही नौकरी करने लगे और नौकरी भी मिली तो रॉयल नेवी में। अब 14 साल का बच्चा नेवी में क्या ही काम करता, तो ऐसे ही छोटे-मोटे काम करता था। हालांकि, दो साल बाद नेवी में भारतीयों के बगावत करने पर आनंद बक्शी को नेवी से निकाल दिया गया।*

नौकरी छोड़कर आए मुंबई नहीं मिला काम तो लौट गए वापस : *नेवी से निकाले जाने के बाद आनंद बक्शी पार्टीशन में भारत आ जाते हैं और बाद में आर्मी में शामिल हो जाते हैं। आनंद बक्शी फौज में शामिल तो हो गए लेकिन उनका मन अभी भी शायरी और गीतकार बनने में ही लगा था। इसलिए फौज की नौकरी छोड़कर वो 1951 में मुंबई चल दिए फिल्मों में गीत लिखने। हालांकि, कुछ महीनों साल तक मुंबई की सड़कों पर घूमते रहे और फुटपाथों पर धक्के खाने के बाद उन्हें ये एहसास हो गया कि फिल्मों में गीत लिखना और गीतकार बनना इतना आसान नहीं है। इसलिए वो वापस अपने घर लौट गए और फिर से फौज में शामिल हो गए। इस दौरान घर वालों ने उनकी शादी भी करा दी। हालांकि, उनका मन अभी भी फिल्मों और गाने लिखने में ही लगा था।*

बजरंगी भाईजान का गाना 'आज की पार्टी' को ईद पर खूब सुनते हैं लोग

ईद के जश्न में चार चांद लगा देंगे बॉलीवुड के ये गाने, झूमने पर करेंगे मजबूर

नई दिल्ली। बॉलीवुड की कई फिल्मों में ईद के सीन दिखाए गए हैं। कई गाने हैं जो ईद के मौके पर बजाए जाते हैं। इन गानों को बजाकर लोग ईद मनाते हैं। एक दूसरे को मुबारकबाद देते हैं और सेवई खाते हैं। आज हम आपके सामने पेश कर रहे हैं वो गाने जो ईद पर सबसे ज्यादा बजाए जाते हैं।

मुबारक ईद मुबारक (तुमको न भूल पाएंगे)

साल 2001 में आई फिल्म 'तुमको न भूल पाएंगे' का गाना 'मुबारक ईद मुबारक' ईद के मोके पर खूब बजाया जाता है। गाने में सलमान खान और सुष्मिता सेन ने जबरदस्त डांस किया है। फिल्म में सलमान खान और दिया मिर्जा ने बेहतरीन अदाकारी भी की थी।

चांद नजर आ गया (हीरो हिंदुस्तानी)

साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म हीरो हिंदुस्तानी का गाना चांद नजर आ गया लोगों की जुबान पर चढ़ा रहता है। इसे ईद पर खूब सुना जाता है। इस गाने को सोनू निगम और अल्का यागनिक ने आवाज दी है। गाने पर असद वारसी और नमरता शिरोडकर ने अदाकारी की है।

वल्लाह रे वल्लाह (तीस मार खान)

वल्लाह रे वल्लाह गाना धमाकेदार म्यूजिक और जबरदस्त डांस से भरपूर है। ये गाना ईद के जश्न में चार चांद लगाता है। यह गाना साल 2010 में आई फिल्म 'तीस मार खान' का है। फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस गाने ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गाने पर सलमान खान, अक्षय कुमार और कटरीना कैफ ने बेहतरीन डांस किया है।

बाकी सब फर्स्ट क्लास है (कलंक)

बाकी सब फर्स्ट क्लास है गाना (कलंक) फिल्म का है। यह गाना ईद को और खास बना देगा। गाने के बोल बहुत अच्छे है। गाने को अरिजित सिंग ने गाया है। गाने पर वरुण धवन ने बेहतरीन डांस किया है।

यूं शबनबी (सांवरिया)

'सांवरिया' फिल्म का ये गाना भी ईद के मौके पर सुना जाता है। इस गाने में रणबीर कपूर और सोनम कपूर ने अदाकारी की है। गाने में ईद के दृष्य भी दिखाए गए हैं। मोंटी शर्मा ने इस गाने को लिखा है और पार्थिव गोहिल ने इसे गाया है।

आज की पार्टी (बजरंगी भाईजान)

'बजरंगी भाईजान' का गाना आज की पार्टी भी ईद पर सुना जाने वाला गाना है। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है और मीका सिंह ने इसे आवाज दी है। गाने में सलमान खान और करीना कपूर बेहतरीन डांस करते हैं।

जुमे की रात (किक)

ईद पर फिल्म 'किक' का गाना जुमे की रात भी अच्छा एहसास देता है। इस गाने में जैकलीन फर्नांडीज और सलमान खान ने बेहतरीन अदाकारी की है। गाने को मीका सिंह और पलक मुच्छल ने आवाज दी है। गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। गाना काफी जोशीला है।

चांद सिफारिश (फना)

ये खूबसूरत गाना फिल्म 'फना' का है। फिल्म में आमिर खान ने काजोल के साथ बेहतरीन अदाकारी की है। गाने में आमिर चांद की तारीफ करते हैं। इस गाने को शान और कैलाश खेर ने गाया है। गाने को जतिन ललित ने कंपोज किया है। इस गाने को ईद पर लोग खूब सुनते हैं।

33 हजार 700 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

बिलासपुर की सभा में कांग्रेस पर जमकर गरजे प्रधानमंत्री

पीएम ने कहा: जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार तेजी से अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में जनसभा को संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं।

यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है। इस कारण आदिवासियों तक विकास नहीं पहुंच पाया। अपने संबोधन में पीएम ने विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए वह तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं। यहां उन्हें लाभार्थियों से मिलने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि नया घर मिलने के बाद गरीब परिवार अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे थे।

माता कौशल्या का मायका है छग की धरती

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पहला नवरात्रि है और छत्तीसगढ़ तो माता महामाया की धरती है। यह माता कौशल्या का मायका भी है। ऐसे में मातृशक्ति को समर्पित ये नौ दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत विशेष रहते हैं और मेरा सौभाग्य है कि नवरात्रि के पहले दिन ही मैं यहां पहुंचा हूं। तस्वीर भी बदल रही और तकदीर भी। पीएम मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं। हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरु किया है। आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती हैं। पहली बार हमारी सरकार ने ऐसे अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना बनाई है। अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है। पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

बहनों से जो वादा किया, उसे निभा रहे

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी ने अनुभव किया है कि हमारी सरकार कितनी तेजी से अपनी गारंटियां पूरी कर रही है। छत्तीसगढ़ की बहनों से जो हमने वादा किया था, वो पूरा करके दिखाया है। धान किसानों को दो साल का बकाया बोनस मिला है। बढ़े हुए एमएसपी पर धान की खरीदी की गई है। इसे लाखों किसान परिवारों को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए, भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बैठाई है। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवा रही है। इस ईमानदार प्रयासों का ही नतीजा है कि भाजपा पर जनता का भरोसा बढ़ता जा रहा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप को किया संबोधित

राजनीतिक शुचिता व समर्थ भारत बनाने में अपना योगदान दें उद्यमी और प्रोफेशनल्स : जामवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुशासन प्रमुख डॉ. सहस्त्रबुद्धे, मंत्री विजयवर्गीय, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. शर्मा ने भी किया संबोधित

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद व भाजपा के सुशासन प्रमुख डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे एवं प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप में विभिन्न सत्रों को संबोधित किया।

पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीति में शुचिता लाने और परिवारवाद को समाप्त करने के लिए कार्य कर रहे हैं। आप सभी उद्यमी व प्रोफेशनल्स राजनीतिक शुचिता लाने व समर्थ भारत बनाने में अपना योगदान दें। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद व भाजपा के सुशासन प्रमुख डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि भारत में 2700 राजनीतिक दल हैं, जिनमें छह-सात दल राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त दलों में भाजपा एक मात्र पार्टी है जो देश को आगे ले जाने वाली अपनी विशिष्ट विचारधारा के साथ सुशासन को स्थापित कर रही है। प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आप सभी मध्यप्रदेश के भविष्य के सफल उद्यमी होने के साथ-साथ पार्टी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। आप लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को अपनाकर देश की सेवा के लिए जो कदम बढ़ाया है, वह निश्चित ही देश को बहुत आगे ले जाने का कार्य करेगा। सत्र को भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने भी संबोधित किया।

कर्मश्री कवि सम्मलेन में प्रसिद्ध कवियों ने किया कविता पाठ, झूमे हजारों श्रोता

गुड़ी पड़वा का नया साल बहुत अच्छा है मुस्करा के कहो कि हाल बहुत अच्छा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में परंपरागत आयोजन का 25वां वर्ष
- कर्मश्री का अखिल भारतीय कवि सम्मलेन

गुड़ी पड़वा का नया साल बहुत अच्छा है, मुस्करा के कहो कि हाल बहुत अच्छा है, कोई जब शहरों के बारे में पूछता मुझसे, तो मैं कहता हूं कि भोपाल बहुत अच्छा है। भोपाल की शान में यह कविता देश के नामचीन कवि दिल्ली से आए पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने शनिवार रात राजधानी के अटल पथ प्लेटिनम प्लाजा पर आयोजित कर्मश्री के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अपना शानदार कविता पाठ करते हुए प्रस्तुत की।

कवि सम्मेलन का शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री हितानन्द शर्मा, आयोजक संस्था कर्मश्री के अध्यक्ष, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा, चैती चांद के पावन पर्व पर कर्मश्री द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कराने का यह परंपरागत 25 वाँ वर्ष है। कवि सम्मेलन में 30 हजार से अधिक श्रोताओं ने रात 9 बजे से 3 बजे तक मंत्र मुग्ध होकर कवियों की प्रस्तुति का आनंद लिया। लखनऊ से आई प्रख्यात कवि कविता तिवारी ने अपनी कविता पाप के पुंज जिनको घेरे हैं, उनके जीवन में बस अँधेरे हैं, राम का नाम जप अरे मूरख, राम मेरे हैं राम तेरे हैं का पाठ कर पूरे माहौल को राममय कर दिया। इसी प्रकार बावला है कविता लिखता है, गरीबी के लिए बिक, महंगाई के लिए बिक, बेकारी के लिए बिक,अगर बच जाय जिंदा,तो कविता लिख' सुनाकर खूब तालियां बंटोरी।

राजधानी भोपाल में बनेंगे सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज द्वार

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भारतीय नव वर्ष के अवसर पर कवि सम्मेलन में किया संत गण और कविगण का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राजधानी भोपाल का महत्व ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद बढ़ गया है। राज्य सरकार विरासत से विकास को प्रमुख मानती है। इस नाते भोपाल के गौरवशाली इतिहास का स्मरण आवश्यक है। विक्रम संवत 2082 प्रारंभ होने पर समस्त नागरिकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, वीरता और सुशासन के आयाम स्थापित किए। ऐसा ही उनके शासनकाल के 1000 वर्ष पश्चात राजा भोज ने भी सुशासन और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उदाहरण प्रस्तुत किया सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज के नाम पर राजधानी में दो द्वार बनाए जाएंगे। भोपाल से इंदौर की ओर जाने वाले मार्ग पर सम्राट विक्रमादित्य मार्ग और भोपाल से भोजपुर की दिशा में राजा भोज द्वार का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कवि सम्मेलन में देशभर से पधारे कवियों का स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख संत गण का भी मंच पर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सम्राट विक्रमादित्य द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया। साथ ही विक्रम संवत प्रणाली और भारतीय काल गणना पद्धति की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव का विशेष स्वागत किया गया।

नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख समृद्धि व आनंद का भाव लेकर आए

- मुख्यमंत्री को भेंट की गई चार गुड़ी, मुख्यमंत्री ने वृहद मराठी समाज के साथ मनाया गुड़ी पड़वा पर्व
- गुड़ी पड़वा के एक दिन पहले मुख्यमंत्री निवास में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्योहार और पर्व में यह होता है अंतर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योहार और पर्व का अंतर बताते हुए कहा कि जन्माष्टमी, राम नवमी, नवरात्रि, एकादशी, द्वादशी आदि जिन अवसरों पर उपवास रखा जाए वह पर्व हैं। होली, दीवाली जैसे मंगल कामनाओं और आनंद के साथ मनाए जाने वाले अवसर त्योहार हैं। इसी प्रकार परीक्षा तथा अन्य ऐसे कार्यों के लिए जाने वाले व्यक्ति को शुभकामनाएं देना, उनके प्रति शुभेच्छा प्रकट करना उचित रहता है। भारतीय संस्कृति की समृद्ध शब्द संपदा के परिणाम स्वरुप ही हर अवसर पर भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए पृथक शब्द हैं।

मंत्रोच्चार के बीच तिलक किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के तहत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्यप्रदेश के वृहद मराठी समाज की ओर से गुड़ी पड़वा के संदर्भ में मुख्यमंत्री निवास के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबांधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री का समाज बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच तिलक कर स्वागत किया और अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर अभिवादन किया। उन्हें मराठी साहित्य अकादमी, श्री संत सेवा संघ पुणे, पिपलानी गणेश मंडल भोपाल और कोलार महाराष्ट्र मंडल भोपाल की ओर से चुड़ी भेंट की गई।

संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है। यह सनातन, साहित्यिक, सांस्कृतिक पहलुओं के साथ ही सभी पर्व और त्योहारों के उत्कर्ष का अवसर है।

ये भी कहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में मिल-जुलकर रहने की 'वसुधैव कुटुंबकम' आधारित संस्कृति है और सभी धर्म के लोग एक दूसरे के त्योहारों में आनंद से सहभागी बनते हैं। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत खुले में मांस सहित अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय नियमानुसार नियंत्रित किया जाता है। प्रदेश में कानून सम्मत शासन चलता है, जिसका धर्म से कोई लेना देना नहीं है। मुख्यमंत्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के दिखाए मार्ग पर सरकार शिक्षा, प्रेम और गौपालन को प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में गौशालाओं को मिलने वाले अनुदान को 20 रुपए से बढ़कर 40 रुपए कर दिया गया है।

अटलजी का जन्मशताब्दी वर्ष, इसीलिए इसका ज्यादा महत्व: वीडी

शशिकांत यादव शशि, देवास (सबरस, मंच संचालन), पद्मश्री डॉ सुनील जोगी (हास्य सम्राट) नई दिल्ली, पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे (हास्य व्यंग्य) रायपुर, कविता तिवारी (वीर रस) लखनउ, डॉ अनिल चौबे (हास्य व्यंग्य) वाराणसी, सुदीप भोला (पैरोडीकार) जबलपुर, गौरी मिश्रा (गीत गजल) उत्तराखंड, अमन अक्षर (फिल्मी गीतकार) इंदौर, विकास बौखल (हास्य व्यंग्य) बाराबंकी, श्वेता सिंह (गीज गजल) बड़ौदरा और मुकेश मासूम (हास्य पैराडी) खातेगांव। सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष कर्मश्री अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन कर रहा है, जिसके लिए आयोजक संस्था कर्मश्री के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा को बधाई। अटलजी का जन्मशताब्दी वर्ष है, इसीलिए यह ज्यादा महत्व रखता है। कवि सम्मेलन के माध्यम से देश और समाज के लिए अपनी अभिव्यक्ति की व्यक्त करना देश और समाज के के लिए महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाना है। कवि सम्मेलन में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश की राजधानी और कैबिनेट में पहली बार भगवा झंडा वितरित कर आह्वान किया है कि हिंदू नववर्ष पर हर नागरिक भगवा झंडा लगाएं। यह बड़े गर्व की बात है। पांच सौ साल बाद मोदी की के रूप में ऐसा भारत माता का ऐसा लाल आया जिसने भगवान श्रीराम का मंदिर बनवा कर हिंदुओं का गौरव जागरण किया है। अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती और अटल जी की जन्म शताब्दी का गौरवशाली क्षण है। मप्र की डॉ. मोहन यादव की सरकार पीएम के विजन को मिशन मोड में लेकर काम कर रही है।

विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में होगा

सरकार 'विरासत से विकास' की रणनीति पर कर रही है काम

सिंहस्थ कुंभ 2028 का आयोजन होगा अद्भुत, प्रदेश में लागू है कानून सम्मत शासन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जड़ों से जुड़े रहकर ही विकास संभव है। इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार 'विरासत से विकास' की रणनीति पर काम कर रही है। इन महानायकों के पराक्रम और विशेषताओं को जनता के बीच लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार धार्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दे रही है। शासन की व्यवस्थाओं और योजनाओं से वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ अदभुत होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2000 वर्ष पूर्व सम्राट विक्रमादित्य ने नवरत्नों की ओर से शासन की व्यवस्थाओं का संचालन कर गणतंत्र आधारित सुशासन स्थापित किया। विक्रमादित्य ने अपने राज्य में जनता का कर्ज माफ कर विक्रम संवत का परावर्तन भी किया। उनके इस पुरुषार्थ और सुशासन के प्रतिमान के विभिन्न आयामों का उत्सव मनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार आगामी 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन करेगी।

मनाया जाता है उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 12 वर्ष में बृहस्पति के सिंह राशि में प्रवेश का उत्सव उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ के रूप में मनाया जाता है। मेला संस्कृति की प्राचीन परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य से शासन की ओर से वर्ष 2028 के सिंहस्थ कुंभ के लिए अभी से योजना बनाकर कार्य आरंभ किया जा चुका है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए शासन द्वारा व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन से प्रेरणा लेकर योजना बनाकर कार्य कर रहे हैं।

मां की अखंड ज्योत ले 'जय भिवानी जय भवानी' रथ दिल्ली रवाना

नई दिल्ली। चैत्र नवरात्र पर छोटी काशी भिवानी से रविवार को धर्म की ऐसी रस धारा निकली जो पूरे हरियाणा से होती हुई राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में माता रानी के विभिन्न रूपों को पूजने वाले श्रद्धालुओं को आस्था के सागर में डुबो देगी। भिवानी परिवार मैत्री संघ के विशेष धार्मिक मिशन के तहत माता रानी की अखंड ज्योत को लेकर 'जय भवानी-जय भिवानी' का रथ लगातार चौथे वर्ष पहाड़ी माता, देवसर वाली माता व भोजावाली माता मंदिरों से होते हुए शाम को दिल्ली के लिए रवाना हो गया। पहाड़ी माता, नकीपुर भिवानी में संतोष एवं शंकर लाल नकीपुरिया ने माता के दरबार में ज्योति प्रज्वलित की। देवसर धाम मंदिर में लता मोड़ा व पवन कुमार मोडा ने जोत को प्रज्वलित किया, जबकि भोजावाली मंदिर में कमला देवी और मामन चंद गुप्ता की ओर से उनके परिजनों ने पवित्र ज्योति प्रज्वलित की। उनके सुपुत्रों संजय गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राजेश गुप्ता व अन्य परिवारजनों ने माता के पवित्र दरबार में हाजिरी लगाई। प्रथम नवरात्र कर आज चारों ओर माता के जयकारे लगे, मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। सभी मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई थी। भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के अध्यक्ष राजेश चेतन ने बताया कि 'जय भिवानी-जय भवानी' का रथ दिल्ली में अखंड ज्योत के साथ आठ दिन तक श्रद्धालुओं के घर जाएगा जहां सुबह यज्ञ एवं शाम को माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा। यानी अब नवरात्र के दिनों में हर ओर धर्म की गंगा बहती दिखाई देगी। राजेश चेतन ने बताया कि सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बीपीएमएस का अभियान और तेज किया जाएगा।

भारतीय भाषाएँ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

नई दिल्ली। सत्यवती महाविद्यालय (सांध्य)एवं भारतीय भाषा समिति, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में "विकसित भारत @2047 और भारतीय भाषाएँ" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन दिनांक 28 मार्च 2025 को सत्यवती महाविद्यालय (सांध्य) में हुआ। चार सत्रों में आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के अंतिम सत्र के मुख्य अतिथि व भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन जी ने कहा कि ₹ भारत को विकसित करने के लिए भाषाएं बाधा नहीं है, बाधा है भाषा आधारित राजनीति। भाषा तो हृदय का पक्ष है, भावों का उदगार है। वहीं भारतीय भाषाएँहमारे राष्ट्रीय चेतना का प्रमाण हैं। इसके प्रसारण में सभी भारतीय भाषाएं सक्षम हैं। आवश्यक है हम अपनी भाषा में अपने छात्रों के समक्ष भारत की अवधारणा, वर्तमान स्थिति आदि को रखें और उनके साथ मिलकर वर्तमान की राजनैतिक चुनौतियों को समझते हुए समाधान की तलाश करें। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं विश्व हिंदू परिषद, दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने विकसित भारत की अवधारणा को समझने के लिए भारतीयता की अवधारणा को समझने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विकसित रहा है, ना सिर्फ आर्थिक, बल्कि सांस्कृतिक और मानव मूल्यों के आधार पर भी। हमें पुनः उसी वैभवशाली समाज जिसका आध्यात्मिक चेतना भी उसी स्वाभिमान से जागृत हो उसे जानना समझना होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, योजना तथा अध्यक्ष, भारतीय भाषा समिति, प्रो. निरंजन कुमार ने कहा कि मानव मूल्यों के विकास से युक्त विकास ही असली विकास है।

इनमें से 14 पर था 68 लाख रुपए का इनाम

पीएम के दौरे से पहले 50 नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से 14 पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम था। एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने हथियार डाल दिए। बीजापुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया, 'उन्होंने माओवादी विचारधारा की खोखली और अमानवीयता, प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासियों के शोषण और आंदोलन के भीतर पनप रहे मतभेदों का हवाला देते हुए आत्मसमर्पण किया। वे सुरक्षा बलों द्वारा शिविर लगाने और 'निया नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं, जिसके तहत बल और प्रशासन दूरदराज के इलाकों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

तीन पर पांच-पांच लाख का था इनाम

उन्होंने बताया, 'आत्मसमर्पण करने वाले 50 लोगों में से छह पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है, जिनमें से तीन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है। पांच पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), सीआरपीएफ और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

सभी नक्सलियों का किया जाएगा पुनर्वास

एसपी ने कहा कि आंदोलन छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले नक्सलियों के लिए सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा। यह आत्मसमर्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दौरे से कुछ घंटे पहले हुआ है। वह 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, काम शुरू करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। संयोग से सुरक्षा बलों ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के सुकमा और बीजापुर जिलों में दोहरे मुठभेड़ों में 11 महिलाओं सहित 18 नक्सलियों को मार गिराया, जो 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के मिशन में एक बड़ी सफलता है।

चिंतन

सड़क नियमों पर सख्ती और जागरूकता जरूरी

लाल आतंक
उमेश चतुर्वेदी

मृत्यु जीवन का अटल सत्य है, लेकिन असामयिक मृत्यु हो जाए तो महज सुनकर ही रूह कांप जाती है और जिनके परिवार में ऐसा होता है तो उनका क्या हाल होता है, अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। अपने देश में हर चार मिनट में एक अकाल मृत्यु होती है और इसका कारण होता है सड़क हादसा। विश्व बैंक की 2021 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में दुनिया के एक प्रतिशत वाहन हैं, लेकिन वाहन दुर्घटनाओं के चलते विश्वभर में होने वाली मौतों में 11 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं। देश में हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और हर चार मिनट में एक मौत होती है। खासकर दोपहिया वाहनों से जुड़े हादसों में हर साल 69,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं, जिनमें से 50% मौतें हेलमेट न पहनने की वजह से होती हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं के चलते 5.96 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.14 प्रतिशत के बराबर नुकसान होता है। इसके लिए न केवल कड़े कानून बनाने की जरूरत है बल्कि हर देशवासी को सड़क हादसों के प्रति जागरुक किया जाना बहुत जरूरी है। हालांकि नितिन गडकरी के सड़क परिवहन मंत्रालय संभालने के बाद आम नागरिक को सड़क नियमों के प्रति अगाह करने के उद्देश्य से चालान दरों में भारी वृद्धि भी की गई, लेकिन सड़क हादसों में कोई कमी आती नजर नहीं आ रही। इसी को देखते हुए अब देश में बिकने वाले हर टू-व्हीलर के साथ कंपनियों को 2 आईएसआई सर्टिफाइड हेलमेट देने होंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में हुए एक ऑटो समिट में की। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए ये जरूरी है। टू-व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी इसका समर्थन किया है। दो पहिया चालकों की सुरक्षा के लिए यह अच्छा कदम है, लेकिन सड़क हादसों पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए हमें उन कारणों को भी जानना होगा जिनके चलते हादसे होते हैं। आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाएं अत्यधिक गति, मोबाइल फोन का उपयोग, शराब और नशीली दवाओं का सेवन कर वाहन चलाने, गलत साइड या लेन पर वाहन चलाने, अनुशासनहीनता, लाल बत्ती पार करने, हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने, वाहनों की स्थिति, मौसम की स्थिति, सड़क की स्थिति आदि जैसे अनेक कारणों से होती हैं। मसलन लापरवाही दुर्घटनाओं के लिए सबसे बड़ा कारण है। कई चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते। देश में कई स्थानों पर खराब सड़क डिजाइन भी दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक ट्रैफिक और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। हमें ध्यान देना होगा कि हर साल सड़क सुरक्षा के नाम पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। कभी सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है तो कभी सुरक्षा सप्ताह, लेकिन ये हादसे हैं कि घटने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं। कारण यही है कि आम जनमानस सड़क नियमों के प्रति जागरूक नहीं है। बहुत जरूरी है कि हम स्कूली शिक्षा में सड़क सुरक्षा का भी समावेश करें ताकि हमारी नई पीढ़ी को बचपन से ही इसके प्रति जागरूक किया जा सके। इसके अलावा सड़कों पर सख्ती भी बहुत जरूरी है। देखा जाता है कि नियम तोड़ने वाला सौ-दो सौ देकर छूट जाता है। सरकार को एक विशेष विभाग बनाकर इस पर सख्ती करनी चाहिए और जहां हादसा होता है, वहां के जिला अधिकारी की जवाबदेही तय हो, तभी हम अकाल मौत के आंकड़ों को नियंत्रित कर पाएंगे।

एक साल में कैसे खत्म होगा नक्सलवाद

केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों के मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसें गिन रहा है।

इससे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी। साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है।

केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों के मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसें गिन रहा है।

साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है,लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं, उसके जिम्मेदार सामाजिक कार्यों को किनारे रखा जाता रहा। मोदी सरकार ने इसे कानून और व्यवस्था का मामला तो माना, लेकिन उसके साथ ही इसे सामाजिक नजरिए से भी देखना शुरू किया।

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरुआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया।

इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के

उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सल प्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं। इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30सर्वाधिकनक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रूपये की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं।

इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है, जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नक्सल उग्रवाद ऐसे क्षेत्रो में तेजी से पनपा, जहां गरीबी ने जड़ें जमा रखी थी। नक्सली विचार प्रभवित समूहों ने इन इलाकों के लोगों के असंतोष को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल किया और इस तरह उग्रवाद को बढ़ावा मिला। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओं को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले। दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की, वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की।

नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षाबलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया। नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों विशेष ऑपरेशन टीमें बनाई गईं। सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया। इसके तहत लोकेशन मोबाइल फोन और दूसरी तकनीक सुरक्षा बलों को मुहैया कराई गईं। ड्रोण कैमरों से नक्सलियों पर निगाहबानी शुरू हुई और कैजुअल्टी या विशेष ऑपरेशन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई। शायद यही वजह रही कि संसद में नक्सल ऑपरेशन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह बेहद आत्मविश्वास में नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रमुख जगहों पर सीआरपीएफ और इसकी विशेष इकाई 'कोबरा' ही माओवादियों से लोहा ले रही है। इन बलों ने ऐसी रणनीति बनाई है, जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प, 'सरेंडर' करो या 'गोली' खाओ, बचे हैं। अब ऐसा कोई इलाका नहीं बचा है, जहां सुरक्षा बलों की पहुंच न हो। वे महज 48 घंटे में 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित कर आगे बढ़ रहे हैं। अब नक्सलियों के लिए जंगलों में अधिक दूरी तक पीछे भागना भी संभव नहीं हो रहा। उनकी सप्लाई चेन कट चुकी है। नक्सलियों की नई भर्ती तो पूरी तरह बंद हो चुकी है। इतना ही नहीं, घने जंगलों में स्थित नक्सलियों के ट्रेनिंग सेंटर भी तबाह किए जा रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में अमन-चैन हो और बिना खून बहाए ही लोग अपनी शिकायत लोकतांत्रिक ढंग से रख सकें। इसका विरोध शायद ही कोई करेगा। नक्सलवाद का आतंक खत्म हो, इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि भविष्य में ऐसे हालात फिर ना बनें, जिससे फिर से नक्सलवाद को बढ़ने को मौका मिले। क्योंकि विचार केंद्रित एक्शन भले ही रुक जाए, विचार कभी नहीं मरते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

प्रेरणा दिवस
शिवप्रकाश

नववर्ष पर लें नव संकल्प

भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है। आंग्ल तिथि के अनुसार 30 मार्च रविवार का यह दिन है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़े हैं। पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत, युधिष्टिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहनशक संवत (1947),युगाब्द (5127),मालव संवत, गुडी पाडवा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवस एवं झूलेलाल का अवतरण दिवस आदि सभी प्रेरणा दिवस इस शुभ दिन के साथ जुड़े हैं। शक्ति की उपासना के प्रतीक नवदुर्गा का प्रारंभ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी वर्ष प्रतिपदा ही है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक जीवन की समस्त विधाओं में भारत की अग्रगणीयता, आर्थिक समृद्धि, प्रकृति में वसंत अर्थात सम्यक परिवर्तन की दिशा का संदेश संपूर्ण मानवता को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा देती आई है। भारतीय समाज में व्यैक्तिक एवं सामूहिक जीवन में उत्थान के लिए नववर्ष पर नव संकल्प लेने की परंपरा है। इस विक्रम संवत के आगमन पर हम हर्ष एवं उल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत करें एवं भावी समाज को संरक्षित करने की दिशा में नवसंकल्प लें। शरीरमाध्यम्खलु धर्म साधनम् (अर्थात धर्म के साधन का मार्ग स्वस्थ शरीर ही है) भारत में असावधानी के कारण हमारा खानपान स्थूल (मोटापा) शरीर का निर्माण कर रहा है, जिसके कारण अनेक रोग हमारे शरीर को अपना घर बना रहे हैं। दुनिया के देशों की तुलना में हमारे देश में गंभीर रोगों का औसत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए "फिट इंडिया" का संदेश दिया था। नव वर्ष पर यदि हम अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में संतुलित आहार, व्यायाम एवं योग को स्थान देंगे तब हमारा स्वास्थ्य अच्छा होगा। हमारा स्वास्थ्य ही राष्ट्र के स्वास्थ्य से जुड़ा है। इसको हम प्रतिदिन का संकल्प बनाएं। भारतीय समाज के चिरंजीवी होने के अनेक कारणों में से महत्वपूर्ण है हमारी पारिवारिक व्यवस्था। संपूर्ण विश्व इस पारिवारिक व्यवस्था का अध्ययन एवं अनुपालन करने का प्रयास कर रहा है। परिवार के सभी सदस्यों में सामूहिकता, सुरक्षा, परस्पर प्रेम और आत्मीयता का अंकुरण होता है। हम अपने परिवार के वृद्धों को सम्मान एवं आत्मीयता दें। इसका परिणाम होगा कि नवीन पीढ़ी में भी यह संस्कार आएगा। परिवार के सदस्य सामूहिक भोजन, सामूहिक भजन एवं वर्ष में एक-दो बार विशेष प्रसंगो पर वृहद् परिवार मिलन कर पारिवारिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प लें। विशाल भूभाग वाले अपने देश में अनेक भाषाओं एवं बोलियों का उपयोग होता है। सभी भाषाओं में एक अन्तर्निहित एकात्मता है। हम अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक और दूसरे प्रदेश की भाषा सीखने का प्रयास करें, जिसके कारण हम उस भाषा के साहित्य में छिपे तत्वज्ञान,महापुरुषों एवं परंपराओं को समझ सकेंगे, एवं राष्ट्र की एकात्मता वृद्धि में सहयोगी बन सकेंगे। देश के संविधान के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव, देश को सुचारू संचालित करने के लिए बनी व्यवस्थाओं का अनुपालन, देश की सम्पत्तियों का संरक्षण, नियमों का पालन,शुचिता पूर्ण कर्तव्य निष्ठ व्यवहार करने से देश में अनुशासन का भाव निर्माण होगा। नए-नए प्रयोगों के द्वारा रोजगार प्रदान करते हुए भारत को आर्थिक समृद्ध कर, विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में सहायक होना हमारा संकल्प बने। पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित सिद्धांत "खर्च में संयम एवं उत्पादन में वृद्धि हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।"आय से अधिक खर्च किसी भी समाज में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। शादी-विवाह एवं शुभ प्रसंगों के समय बर्बाद होता भोजन यह राष्ट्र की संपत्ति का ही नुकसान है। यह दृष्टि लेकर व्यक्तिगत जीवन में सादगी एवं संयम पूर्ण व्यवहार से समाज को सम्यक दिशा दें। अपने प्राचीन धर्म ग्रंथो में माँ (स्त्री) का बड़ा श्रेष्ठ स्थान (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः) था। कालांतर में समाज में अनेक कुप्रथाएं आई। आज भी समाज में हृदय को विदीर्ण करने वाली अनेक घटनाएं होती रहती है।समाज में महिलाओं को समान स्थान,समान अवसर, निर्णयों में समान सहभागिता का वातावरण बनाने में हम सभी सहभागी बने। हमारी संस्कृति त्यागमयी एवं सभी के कल्याण का विचार करने वाली है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमको इस सांस्कृतिक गौरव का ही स्मरण कराती है। हम स्वयं एवं आने वाली पीढ़ी में अपने महापुरुषों, अपनी परंपराओं के प्रति यह गौरव के भाव को जागृत करने का संकल्प लें ।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उत्सव को व्यक्तिगत के साथ-साथ समाज का उत्सव बनाते हुए, हम अपने व्यक्तिगत जीवन एवं समाज जीवन में यह संकल्प ले तब नव वर्ष की सार्थकता सिद्ध होगी।

(लेखक राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन), भाजपा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना भविष्य के लिए संकट

मशहूर वैज्ञानिक और पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने यह अंदाजा लगाया है कि हमारे देश में नदियां सूख सकती हैं और जब 144 वर्ष बाद फिर महाकुंभ होगा तो वो नदियों के पानी में नहीं, बल्कि रेत पर हो सकता है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखा है और कहा है कि भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रति बहुत ज्यादा गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और वनों को अंधाधुंध काटा जा रहा है। इससे नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु भी कहीं सिकुड़ न जाएं? जिस तरह धरती पर तापमान बढ़ता जा रहा है, बर्फ के पहाड़ों को भी गर्मी धीरे-धीरे अपनी चपेट में ले रही है, ग्लेशियर पिघल कर धरती पर बहुत तबाही ला सकते हैं। पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग की समस्या का ठोस हल खोजना चाहिए। – नरेश चौहान, रायगढ़

ट्रेंड

बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञ

भारत की पीढ़ियाँ बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञ रहेंगी, जिन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया जो हमारी गरिमा और समानता तय करता है। हम उनके सपनों के भारत को साकार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

'वॉल आर्ट' का शुभारंभ

आज कालकाजी में 'वॉल आर्ट' प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया, जिससे क्षेत्र की सुंदरता और सांस्कृतिक पहचान को नया स्वरूप मिलेगा। साथ ही, 2 पार्कों के विकास, स्लम क्षेत्र में 3 वाटर एटीएम प्लांट और 150 सोलर लाइट लगाने की पहल हो रही है, जो बुनियादी सुविधाओं को सशक्त बनाएंगी।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

अपराधी बेखौफ़

उप्र के मुख्य विधानसभा क्षेत्र गोरखपुर में माँ-बेटी की हत्या ने साबित कर दिया है कि भाजपा के राज में अपराधी कैसे बेखौफ़ होकर एक के बाद एक और एक से बड़ी एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

रचनात्मक अर्थव्यवस्था

भारत में सबसे ज़्यादा कंटेंट बनाया और इस्तेमाल किया जाता है। भारत सबसे बड़ी रचनात्मक अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। हम 1 से मुंबई में देश की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ ला रहे हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

करंट अफेयर

पाक के कुर्रम कबायलियों के बीच शांति समझौता

पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में युद्धरत कबायली समुदायों ने शनिवार को आठ महीने के लिए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो ईद से ठीक पहले उनके बीच के विवाद को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अफगानिस्तान की सीमा से सटा कुर्रम लंबे समय से शिया और सुन्नी समुदायों के बीच सांप्रदायिक हिंसा का केंद्र बना हुआ है। नवंबर से अब तक दोनों पक्षों के बीच हुई झड़पों में 130 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाली जिरगा (कबायली परिषद) की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, क्षेत्रीय स्तर पर शांति की बहाली के लिए कबायली बुजुर्ग किला अब्बास सदर में बैठक के लिए एकत्र हुए। विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक में क्षेत्र में लोगों के बीच सद्भाव और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इस जिरगा में अलीजाई के शिया नेताओं और बाग के सुन्नी नेताओं ने एसोसिएशन काउंसिल के माध्यम से क्षेत्र में शांति बहाली और सहिष्णुता स्थापित करने के वास्ते एक शांति समझौते पर सहमति जताई।'

ऑफ बीट

नजर से छिपा रह जाता है दीर्घकालिक गुर्दा रोग

करोड़ लोगों को प्रभावित करने वाला दीर्घकालिक गुर्दा रोग, जिसे 'क्रॉनिक किडनी डिजीज' भी कहते हैं, अकसर नजरों से छिपा रहा जाता है। सिर्फ 50



फीसदी लोगों में ही इस बीमारी का निदान हो पाता है। दीर्घकालिक गुर्दा रोग के परिणाम गंभीर होते हैं। जब शरीर का ये जरूरी अंग आपके रक्त से अपशिष्ट को छानने का अपना काम नहीं कर पाता तो रोगियों को गहन चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है क्योंकि गुर्दे में खराबी आपके जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से कम कर सकती है। गुर्दे हमारे शरीर के लिए कई काम करते हैं लेकिन उनका सबसे महत्वपूर्ण काम शरीर से अपशिष्ट को छानकर पेशाब के रास्ते बाहर करना है। जब आपके गुर्दे अच्छी तरह से काम कर रहे होते हैं, तो वे पेशाब के रास्ते शरीर में बनने वाले अपशिष्ट को बाहर करने का काम करते हैं। गुर्दे आपके रक्तचाप को स्थिर रखने, आपके 'इलेक्ट्रोलाइट्स' को संतुलित रखने और आपके शरीर में लाल रक्त कोशिका को बनाने की गति को तेज करने में भी मदद करते हैं। गुर्दे चौबीसों घंटे कड़ी मेहनत करते हैं लेकिन समय के साथ-साथ इन्हें पानी की गंभीर रूप से कमी या वर्षों तक उच्च रक्तचाप या उच्च रक्त शर्करा (हाई ब्लड शुगर) से नुकसान हो सकता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

मन की बातः टेक्सटाइल कचरा देश के लिए नई चुनौती, प्रधानमंत्री मोदी ने बताया- कैसे भारत बन सकता है सस्टेनेबल फैशन का हब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को अपने रेडियो शो 'मन की बात' के माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत में टेक्सटाइल कचरे से बढ़ती चुनौती पर जोर दिया। पीएम मोदी ने टेक्सटाइल कचरे के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए। बता दें कि अपने रेडियो प्रसारण 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने टेक्सटाइल कचरे से जुड़ी चुनौती के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि आप सोच रहे होंगे कि टेक्सटाइल कचरे का मुद्दा क्या है? दरअसल, यह एक बड़ी समस्या बन गई है। आजकल लोग पुराने कपड़े जल्दी फेंक देते हैं और नए खरीदने की आदत बढ़ गई है। पीएम मोदी ने आगे सवाल किया कि क्या आपने कभी सोचा है कि पुराने कपड़ों का क्या होता है जिन्हें हम पहनना बंद कर देते हैं? उन्होंने बताया कि ये कपड़े कचरे में बदल जाते हैं। इसके बारे में किए गए शोध में यह बात सामने आई है कि दुनिया में बहुत कम कपड़ा कचरे को ही नए कपड़ों में बदला जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है, जहां सबसे अधिक कपड़ा कचरा उत्पन्न होता है।

पीएम मोदी ने कहा-आप सोच रहे होंगे कि टेक्सटाइल कचरे का मुद्दा क्या है? दरअसल, यह एक बड़ी समस्या बन गई है। आजकल लोग पुराने कपड़े जल्दी फेंक देते हैं और नए खरीदने की आदत बढ़ गई है।

फेंके हुए कपड़े बन जाता है कचरा

कुछ संगठन पुराने कपड़े इकट्ठा करते हैं

पुराने कपड़ों को नया रूप देते हैं और गरीबों को वितरित करते हैं

पीएम मोदी ने कुछ शहरों का दिया उदाहरण

अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ शहरों का उदाहरण देते हुए कहा कि पनीपत, तिरुपुर और बेंगलुरु जैसे शहर कपड़ा कचरे के प्रबंधन में नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पनीपत अब टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग का एक वैश्विक हब बन रहा है और बेंगलुरु में इस क्षेत्र में कई अभिनव तकनीकी समाधान आ रहे हैं। वहीं, तिरुपुर में कपड़ा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जल उपचार और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इन प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।

चुनौती से निपटने के प्रयास की सराहना की

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यह बड़ी चुनौती है, लेकिन मुझे खुशी है कि भारत में इस चुनौती से निपटने के लिए कई सराहनीय प्रयास हो रहे हैं। कई भारतीय स्टार्ट-अप कपड़ा वसूली की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कई टीमें हमारे रैगपिकर भाइयों और बहनों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रही हैं। कई युवा टिकाऊ फैशन के प्रयासों में शामिल हो रहे हैं, पुराने कपड़े और फुटवियर को रीसायकल कर जरूरतमंदों को देते हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कई संगठन इन दिनों 'परिपत्र फैशन ब्रांड्स' को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अलावा, कुछ प्लेटफॉर्म पर कपड़े किराए पर भी दिए जा रहे हैं। कुछ संगठन पुराने कपड़े इकट्ठा करते हैं, उन्हें नया रूप देते हैं और गरीबों को वितरित करते हैं।

खबर संक्षेप

40 सेकेंड में ही जमीन पर धड़ाम से गिरा रॉकेट

नई दिल्ली। यूरोप के स्पेस प्रोग्राम को रविवार को बड़ा झटका लगा जब नॉर्वे में एक रॉकेट उड़ान भरने के महज 40 सेकंड बाद ही क्रैश हो गया। इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें रॉकेट को फटते हुए देखा जा सकता है। यह रॉकेट यूरोप से सैटेलाइट लॉन्च को गति देने के लिए डेवलप किया गया था। हालांकि, उड़ान भरने के तुरंत बाद यह जमीन पर गिरकर क्रैश हो गया. जर्मन स्टार्टअप इसार एयरोस्पेस ने इसे शुरुआती परीक्षण करार दिया है। यूरोप सफल लॉन्च का प्रयास कर रहा था। इस मिशन को लेकर स्वीडन, ब्रिटेन और अन्य देशों ने कमर्शियल स्पेस मिशन में अपनी भागीदारी की इच्छा जताई थी।

सवा माह बादः सुरंग में फंसे लोगों की तलाश

हैदराबाद। नागरकुरनूल में आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग में फंसे छह लोगों का पता लगाने के लिए खोज अभियान के तहत पानी

निकालने और मिट्टी हटाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह जाने से उसमें इंजीनियरों और मजदूरों सहित कुल आठ लोग फंस गए थे। लापता लोगों की पहचान मनोज कुमार , श्रीनिवास, सनी सिंह, गुरप्रीत सिंह संदीप साहू, जेगता जेस, संतोष एवं अनुज साहू के रूप में हुई।

देहरादून से लापता हुई युवती पंजाब में मिली

देहरादून। पटेल नगर इलाके से एक सप्ताह पहले लापता हुई एक लड़की को पंजाब से बरामद किया। उप्र के एक युवक को गिरफ्तार



किया है। 18 वर्षीय लड़की को पंजाब के अमृतसर से शनिवार को बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, 21 मार्च को लड़की के परिजनों ने पुलिस में तहरीर दी थी कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद का रहने वाला नूर मोहम्मद (26) उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है।

पीएम का कांग्रेस पर हमला, बोले- मन और मस्तिष्क में बेईमानी

हमने बनाया है, हम ही संवारेंगेः कांग्रेस ने आदिवासियों तक नहीं पहुंचने दिया विकास

एजेंसी ▶▶ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में जनसभा को संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है। इस कारण आदिवासियों तक विकास नहीं पहुंच पाया। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं। ये वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है और संयोग से यह साल अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। छत्तीसगढ़ सरकार 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। हमारा संकल्प है- हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।

बिलासपुर में पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं।

सारे प्रोजेक्ट्स छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधाएं देने वाले हैं

पीएम ने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया

छत्तीसगढ़ के 3 लाख गरीब नए घर में प्रवेश कर रहे

अपने संबोधन में पीएम ने विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए वह तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं। यहां उन्हें लाभार्थियों से मिलने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि नया घर मिलने के बाद गरीब परिवार अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे थे। मोदी ने कहा कि आज पहला नवरात्रि है और छत्तीसगढ़ तो माता महामाया की धरती है।

तेजी से पूरी हो रही हैं गारंटियां- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी ने अनुभव किया है कि हमारी सरकार कितनी तेजी से अपनी गारंटियां पूरी कर रही है। छत्तीसगढ़ की बहनों से जो हमने वादा किया था, वो पूरा करके दिखाया है। धान किसानों को दो साल का बकाया बोनस मिला है। बढ़े हुए एमएसपी पर धान की खरीदी की गई है। इसे लाखों किसान परिवारों को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए, भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बैठाई है। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवा रही है। इस ईमानदार प्रयासों का ही नतीजा है कि भाजपा पर जनता का भरोसा बढ़ता जा रहा है।

तस्वीर भी बदल रही और तकदीर भी

पीएम मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं। हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरु किया है। आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती हैं। पहली बार हमारी सरकार ने ऐसे अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना बनाई है। अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है। पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों के घर, स्कूल, रोड, रेल, बिजली, गैस की पाइपलाइन ये सारे प्रोजेक्ट्स लोगों को सुविधाएं देने वाली हैं।

कांग्रेस ने कभी आपकी चिंता नहीं की- पीएम मोदी

छत्तीसगढ़ को अलग राज्य इसलिए बनाना पड़ा था क्योंकि यहां विकास का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। कांग्रेस के राज में यहां विकास का काम नहीं हो पा रहा था और जो काम होते भी थे उसमें कांग्रेस वाले घोटाला करते थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को कभी आपकी चिंता नहीं हुई। आपके जीवन की, आपकी सुविधाओं की, आपके बच्चों की चिंता हमने किया। हम विकास की योजनाओं को छत्तीसगढ़ के गांव गांव तक ले जा रहे हैं। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो भाजपा को आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। पीएम ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है।

कैश कांड में कपिल सिब्बल ने कहा

सुप्रीम कोर्ट का जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना खतरनाक

सिब्बल ने कहा- गलत है या सही... समय बताएगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में मिले कैश मामले में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक खतरनाक ट्रेंड हैं। सिब्बल का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है तब तक किसी भी जिम्मेदार नागरिक को इस मामले में टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जांच रिपोर्ट, वीडियो और फोटो जारी करने पर सिब्बल ने एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में कहा कि ये उनके विवेक पर निर्भर करता है। यह गलत है या सही... यह समय बताएगा। अदालत ही दस्तावेज का स्रोत है। इस पर लोग भी विश्वास कर लेते हैं। मगर यह सच है या नहीं... ये बाद में तय होगा। मेरा मानना है कि यह खतरनाक मिसाल है। संस्थागत प्रतिक्रिया में संस्थान को लिखित में लागू करना चाहिए कि क्या करना चाहिए। कपिल सिब्बल का कहना है कि इस पर बार के साथ सलाह करके निर्णय लिया जाना चाहिए। न्यायाधीशों के बारे में हम जीतना जानते हैं... वो भी उतना ही जानते हैं। इन मुद्दों से निपटने और तंत्र बनाने के लिए एक समिति होनी चाहिए। अगर इन चीजों को सार्वजनिक किया जाता है तो संस्था पहले ही हार चुकी होती है।

अभी तो जांच भी पूरी नहीं हुई

जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में सिब्बल ने कहा कि जब तक कोई व्यक्ति दोषी नहीं पाया जाता है तब तक उसे निर्दोष माना जाता है। इस मामले में तो अभी तक जांच भी पूरी नहीं हो पाई है। जांच पूरी नहीं होने तक किसी भी जिम्मेदार नागरिक को इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहिए। 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया। इस कमेटी में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन को शामिल किया गया है। यह कमेटी मामले की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट की संशोधित आंतरिक जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक की। अदालत ने वीडियो और तस्वीरों को भी साझा किया।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

पंजाब-हरियाणा में पराली जलाने पर रोक की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को नियंत्रित करने की मांग वाली

याचिका खारिज कर दी है। याचिका में पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, इस अदालत ने पराली जलाने के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और अभी भी मामले पर विचार किया जा रहा है, तो हम विभिन्न पक्षों को इस मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए आवेदन दायर करने की इजाजत नहीं देना चाहते हैं। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि अप्रैल-मई में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण से न केवल दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले पर बुरा असर पड़ता है।

मिजोरम सरकार बना रही नियम

बिना अनुमति के विदेशियों के प्रवेश पर लगेगी रोक

एजेंसी ▶▶ आइजोल

मिजोरम सरकार राज्य में संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) प्रणाली को

लागू करने जा रही है। यह विदेशी नागरिकों के लिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज है। राज्य सरकार ने यह कदम केंद्र की ओर से म्यांमार की सीमा से लगे पूर्वोत्तर की तीन राज्यों मिजोरम, मणिपुर और नगालैंड में पीएपी को दोबारा लागू करने के निर्देश के बाद उठाया है। मिजोरम के गृह सचिव वनलालमाविया ने बताया कि राज्य सरकार पीएपी को लागू करने की दिशा में कदम उठा रही है, जिसे प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) के रूप में भी जाना जाता है। हम पीएपी को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक होल्डिंग एरिया की भी पहचान की जा रही है। राज्य के गृह सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र से आइजोल में एक नामित कार्यालय खोलने का अनुरोध किया है।

कांग्रेस और माकपा पर बढ़ा दबाव

केसीबीसी ने वक्फ संशोधन विधेयक का किया समर्थन

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी)ने राज्य के सांसदों से वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने की अपील कर नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। केसीबीसी की अपील के साथ ही विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ)और सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ)पर मुनंबम भूमि विवाद पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बढ़ गया है। केसीबीसी ने एक बयान में मुनंबम की घटना का जिक्र करते हुए निर्वाचित प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जब वक्फ अधिनियम में संशोधन संबंधी विधेयक संसद में चर्चा के लिए आए, तो वे 'असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण प्रावधानों' में बदलाव

बदलाव का करें समर्थन

के पक्ष में मतदान करें। यह अपील केसीबीसी के अध्यक्ष कार्डिनल बेसिलियोस क्लीमिस कैथोलिकोस ने की।

एर्णाकुलम जिले के चेराई और मुनंबम गांवों के निवासियों ने आरोप लगाया है कि वक्फ बोर्ड उनकी भूमि और संपत्तियों पर अवैध रूप से दावा कर रहा है, जबकि उनके पास पंजीकृत दस्तावेज और भूमि कर भुगतान रसीदें मौजूद हैं। भाजपा की राज्य इकाई ने रविवार को केसीबीसी के रुख का स्वागत किया।

आसाराम की जमानत अवधि बढ़ने से दहशत

पीड़िता के पिता ने कहा- हमारे परिवार को बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

दुष्कर्म के दोषी कथावाचक आसाराम को तीन महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। इधर,रेप पीड़िता के परिवार को अनहोनी की आशंका बनी हुई है। बिटिया के पिता का कहना है कि आसाराम पहले से ही पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देता था। उसके जेल से बाहर आने पर डर बढ़ गया है। आसाराम को जेल भिजवाने वाली पीड़िता के मकान के बाहर चार सिपाही तैनात रहते हैं। उनके पिता के साथ दो गनर रहते हैं। बिटिया के पिता ने कहा कि आसाराम जब तक जेल में था, तब तक हमारी जीत थी। उसने 90 दिन की अंतरिम जमानत बढ़वा ली। इलाज कराने के बजाय वह इधर-उधर घूम रहा है।

उन्होंने वकील से दो बार कहा कि आसाराम कोर्ट की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है, पर वे टालते रहे। उन्होंने अपील करने के लिए सुप्रीम कोर्ट भेज दिया। वहां से

90 दिन की जमानत पर हैं कथा वाचक

हाईकोर्ट भेजा गया। इसी में समय निकल गया। वकील ने समय से अपील की होती तो कुछ सुनवाई अवश्य होती। पीड़िता के पिता ने कहा कि हमारे परिवार को खतरा है। जेल के अंदर रहकर उसने गवाहों पर हमले कराए। अब वह बाहर आ गया। उसने पहले ही पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी थी। उसकी जमानत अवधि बढ़ने से परिवार को खतरा बढ़ गया है। अगले कदम उठाने के बारे में कहते हैं कि इसे लेकर राय-मश्वरा करेंगे।

शाह ने कहा- लालू ने अपने परिवार को सेट करने का काम

नीतीश के घर हुई एनडीए की बैठक, घटक दलों ने शाह को सौंपी

बिहार पहुंचे शाह ने एनडीए के नेताओं का दिया जीत का मंत्र, कहा-एक बार फिर बिहार में भाजपा सरकार

एजेंसी ▶▶ पटना/गोपालगंज

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के गृह जिले गोपालगंज पहुंचे। यहां उन्होंने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले लालू यादव पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा, वहीं परिवारवाद को लेकर भी घेरा। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव ने घोटाला किया और अपने परिवार के लोगों को सेट किया लेकिन बिहार के युवाओं को सेट नहीं किया। वहीं दूसरी तरफ बिहार में साल के अंत में विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम आवास पर एनडीए के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ सभी घटक दलों के नेताओं ने भाग लिया। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में घटक दलों ने अपनी दावे वाली सीटों की लिस्ट बंद लिफाफे में सौंपी। अब भाजपा इन दावे वाली सीटों को लेकर अपने स्तर से काम करेगी। पार्टी देखेगी कि जमीनी स्तर पर घटक दल जिन सीटों पर अपना उम्मीदवार देना चाहते हैं, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है। एनडीए में सीट बंटवारे के पहले ये महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बता दें कि किसी भी घटक दल के नेता को दूसरे सहयोगी दल की तरफ से दावा किए जाने वाली सीट की जानकारी नहीं दी गई है। इस बैठक का एजेंडा पहले से तय था।

किसी भी घटक दल के नेता को दूसरे सहयोगी दल की तरफ से दावा किए जाने वाली सीट की जानकारी नहीं है। बैठक का एजेंडा तय था। दलों के नेता अपने साथ सीटों की लिस्ट लाए थे।

बिहार के युवाओं को सेट करने का काम पीएम कर रहे हैं

अमित शाह ने गोपालगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के युवाओं को सेट करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में ही बिहार में चुनाव होने जा रहा है। बिहार के लोगों को यह तय करना है कि हमें लालू-राबड़ी के जंगलराज की ओर जाना है या मोदी और नीतीश कुमार के विकास के रास्ते पर जाना है।

खबर संक्षेप

आवक घटने से तेल तिलहन में सुधार

नई दिल्ली। नेफेड द्वारा सोयाबीन की बिकवाली पर अगली बिजाई पूरा होने तक रोक लगाने के बाद आगामी त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम की मांग के बीच किसानों द्वारा अच्छे दाम की उम्मीद में मंडियों में आवक घटाने के कारण बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए।

भारत का पार्सल बाजार 29 अरब शिपमेंट तक पहुंचेगा



मुंबई। भारत के 'एक्सप्रेस पार्सल' बाजार में तेजी से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है और वित्त वर्ष 2029-30 तक यह 24-29 अरब शिपमेंट तक पहुंच जाएगा। रेडसीर ने रिपोर्ट में कहा, इसकी प्रमुख वजह ई-कॉमर्स क्षेत्र का विस्तार, 'हाइपरलोकल'' और त्वरित वाणिज्य खंड का बढ़ना है। 2024-25 के लिए पार्सल बाजार के 10-11 अरब शिपमेंट तक पहुंचने का अनुमान है।

शीर्ष दस में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,085.89 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 509.41 अंक या 0.66 प्रतिशत चढ़ा।शीर्ष 10 कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण घट गया।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

दिग्गज बैंकर ने बजाई खतरे की घंटी, अपने ही चक्रव्यूह में फंस रहे बैंक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश के बैंकिंग मॉडल खतरे में है। यह कहना है कि देश के दिग्गज बैंकर उदय कोटक का।

■ यह स्थिति देश के बैंकिंग बिजनेस मॉडल के लिए खतरा बन जाएगी

उन्होंने एक्स पर किए एक पोस्ट में लिखा है कि बैंक सस्ते में लोन दे रहे हैं लेकिन खुद महंगी दरों पर पैसा जमा करा रहे हैं।

कोटक के अनुसार, बैंक जो डिपॉजिट अपने पास ले रहे हैं (करेंट और सेविंग्स अकाउंट से अलग) उस पर वह लगभग 9 फीसदी का ब्याज लोगों को दे रहे हैं लेकिन खुद जब किसी को लोन दे रहे हैं तो उनसे बस 8.5 फीसदी का ब्याज लिया जा रहा है। उन्होंने इसे बैंकिंग सिस्टम को खतरे में डालने वाला बताया है। बकौल कोटक, देश के बड़े बैंक 8 फीसदी पर होलसेल डिपॉजिट ले रहे हैं। इसका मतलब है कि डिपॉजिट की लोडेड मार्जिनल कॉस्ट 9 फीसदी से अधिक हो रही है। इसमें सीआरआर (0 परसेंट ब्याज), एसएलआर, डिपॉजिट इंश्योरेंस, प्रायोरिटी सेक्टर आदि फैक्टर्स शामिल हैं। जिन खुदरा डिपॉजिट्स (करेंट और सेविंग्स अकाउंट) में पैसा कम खर्च होता है वहां ग्रोथ ही नहीं हो रही है।

बैंकों के बिजनेस मॉडल के लिए चुनौती : इसके बावजूद बैंक, 8.5 फीसदी फ्लोटिंग रेट पर लोन जारी कर रहे हैं। 9 फीसदी पर लो और 8.5 फीसदी पर दो इससे -0.5 फीसदी का नेगेटिव रिटर्न बन रहा है। रेपो रेट अभी और कम होने वाली हैअगर डिपॉजिट इतने ही टाइट बने रहते हैं तो यह बैंकों के बिजनेस मॉडल के लिए चुनौती होगी।

उदय कोटक ने देश में बैंकों की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

बैंकों की जमा लागत बढ़ रही है

बैंक एक साल की होलसेल डिपॉजिट को लगभग 8 प्रतिशत ब्याज दर पर ले रहे हैं। लेकिन बैंकों को सिर्फ जमा पर ब्याज ही नहीं देना होता, बल्कि सीआरआर (कैश रिजर्व रेशियो) में रखी राशि पर उन्हें कोई ब्याज नहीं मिलता। एसएलआर (स्टेटुटारिय लिक्विडिटि रेशियो) में भी एक हिस्सा बैंकों को कम रिटर्न वाले सरकारी बॉन्ड्स में लगाना पड़ता है। डिपॉजिट इंश्योरेंस और प्रायोरिटी सेक्टर लोन जैसी बाध्यताएं भी जुड़ी होती हैं। इन सबको मिलाकर देखा जाए तो होलसेल डिपॉजिट का वास्तविक लागत 9 प्रतिशत से ऊपर जा सकती है।

8.5 प्रतिशत फ्लोटिंग रेट पर होम लोन

बैंक 9 प्रतिशत लागत पर उधार ले रहे हैं, लेकिन 8.5 प्रतिशत पर होम लोन दे रहे हैं। यानी लेंडिंग और बोरोइंग के बीच -0.5 प्रतिशत का नेगेटिव स्प्रेड बन रहा है। यानी बैंक अपनी जमा पर जितना खर्च कर रहे हैं, उससे कम ब्याज पर लोन दे रहे हैं, जिससे सीधे नुकसान की स्थिति बन रही है। ऐसे में अगर आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो होम लोन की ब्याज दरें और कम हो सकती हैं, जिससे बैंकों का मार्जिन और घट सकता है।

कम लागत वाले रिटेल डिपॉजिट की ग्रोथ धीमी : बैंक के लिए सस्ता फंड सीएएसए(करेंट अकॉउट, सेविंग एकाउंड) डिपॉजिट होता है, क्योंकि इस पर उन्हें कम ब्याज देना पड़ता है। लेकिन इस सेगमेंट में ग्रोथ बहुत कम हो रही है, जिससे बैंक अधिक महंगे होलसेल डिपॉजिट लेने को मजबूर हैं।

धनाढ्य लोगों और युवाओं में बढ़ रहा चलन

देश में उपहार, निवेश के लिए बढ़ रहा है प्लैटिनम और हीरे का आकर्षण

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश में खासकर धनाढ्य लोगों और युवाओं में प्लैटिनम और हीरे के आभूषण उपहार में देने तथा निवेश करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, सोना सबसे लोकप्रिय उत्पाद बना हुआ है लेकिन प्लैटिनम और हीरे को उनकी विशिष्टता और 'खास' होने के एहसास के कारण निवेश और उपहार विकल्प के रूप में पसंद किया जा रहा है।

आभूषण क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उनका यह भी कहना है कि इन महंगी धातुओं में निवेश अनुभवी कारोबारियों के लिए ही उपयुक्त है। कामा ज्वेलरी की उपाध्यक्ष (बिक्री) सिमरन शाह ने कहा, ''भारत में, अमीर व्यक्तियों के बीच, सोने के बजाय प्लैटिनम, हीरे और अन्य कीमती धातुओं में निवेश करने की प्राथमिकता कई सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक कारकों से प्रभावित होती है।

प्लैटिनम, सोने की तुलना में दुर्लभ

इन धातुओं का दुर्लभ होना उन अमीरों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का कारण है, जो अपने निवेश को अलग रूप देने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। प्लैटिनम सोने की तुलना में दुर्लभ है, जो इसे विशिष्टता का एहसास कराता है जबकि हीरे को उसकी सुंदरता और खास होने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।''

प्लैटिनम आभूषणों की मांग 18 फीसदी बढ़ी : विपणन संगठन प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल के अनुसार, भारत में हर साल प्लैटिनम आभूषणों की मांग 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ रही है। केंद्रीय बजट में सीमा शुल्क में कटौती के बाद वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में प्लैटिनम आभूषणों की मांग में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

हीरा आभूषण बाजार 15 फीसदी की दर से बढ़ा : हीरे के आभूषण और निवेश की बढ़ती मांग के साथ देश में हीरा आभूषण बाजार 2023 में 8.5 अरब डॉलर से बढ़कर 2031 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह पिछले कई साल से सालाना औसतन लगभग 15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

हीरा आत्मविश्वास बढ़ाता है

हीरा कंपनी डी बीयर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक अमित प्रतिहारी ने कहा, ''अमीर हीरे में निवेश करते हैं क्योंकि यह अत्यधिक खास और अमूल्य एहसास कराता है... हीरे में निवेश करने या इसे उपहार में देने का निर्णय बहुत भावनात्मक होता है। हीरे महिलाओं को उनके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक कारण देते हैं।

प्लैटिनम मूल्य के लिहाज से मजबूत : आभूषण विक्रेता कंपनी जोया अलुक्कास ग्रुप के चेयरमैन जोय अलुक्कास ने कहा, ''पिछले पांच वर्षों में, हमने विशेष रूप से अमीर खरीदारों के बीच प्लैटिनम और हीरे के आभूषणों की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव देखा है।

- सोना अभी भी सबसे लोकप्रिय उत्पाद बना हुआ
- प्लैटिनम और हीरा अपनी विशिष्टता के कारण पसंद किया गया
- महंगी धातुओं में निवेश अनुभवी कारोबारियों के लिए उपयुक्त

प्लैटिनम व हीरे की लोकप्रियता बढ़ी

शाह ने कहा, ''इसके अलावा, खासकर युवाओं, समृद्ध लोगों के बीच लक्जरी और आधुनिक जीवनशैली विकल्पों की ओर एक सांस्कृतिक बदलाव हुआ है। युवा पीढ़ी अधिक वैश्वीकृत हो रही है और अंतरराष्ट्रीय फैशन रुझानों के प्रति सजग है, जिसने प्लैटिनम और हीरे की लोकप्रियता में योगदान दिया है।''

प्लैटिनम का उपयोग उद्योगों में

प्लैटिनम का उपयोग आभूषण के अलावा वाहन समेत अन्य उद्योगों में भी होता है। बाजार शोध और परामर्श कंपनी ग्रांड व्यू रिसर्च के मुताबिक, भारत में प्लैटिनम आभूषण बाजार का आकार 2024 में लगभग 7,500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है और 2030 तक इसके 20,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाने की उम्मीद है।

टाटा ऑटोकॉम्प, आर्टिफेक्स में 80 फीसदी हिस्सेदारी लेगी

■ कंपनी ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड ने रविवार को कहा कि वह जगुआर लैंड रोवर समूह के एक हिस्से आर्टिफेक्स इंटीरियर सिस्टम्स लिमिटेड में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी।

हालांकि, कंपनी ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस लेनदेन के पूरा होने पर वित्त वर्ष 2024-25 में 29.6 करोड़ पाउंड का राजस्व अर्जित करने वाली आर्टिफेक्स, टाटा ऑटोकॉम्प (टाको) परिवार में शामिल हो जाएगी। कंपनी ने जगुआर लैंड रोवर ऑटोमोटिव पीएलसी समूह की अनुषंगी जगुआर लैंड रोवर वेंचर्स लिमिटेड से आर्टिफेक्स की बहुलांश शेयरधारिता खरीदी है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण के साथ टाको की भारत के सबसे बड़े वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं में से एक के रूप में स्थिति मजबूत होगी और यह यूरोप के वाहन क्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति को मजबूत करेगा।

टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम के वाइस चेयरमैन अरविंद गोयल ने कहा, ''यह अधिग्रहण हमारी वैश्विक मौजूदगी का विस्तार करने और वाहन इंटीरियर सिस्टम में हमारी विशेषज्ञता को मजबूत करने की हमारी रणनीतिक दृष्टि के अनुरूप है।''

आर्टिफेक्स इंटीरियर सिस्टम में करती है काम

बयान के मुताबिक, आर्टिफेक्स यात्री वाहन खंड में प्रमुख वाहन कंपनियों जगुआर लैंड रोवर, बीएमडब्ल्यू मिनी, बेंटले और टोयोटा के साथ कंपनी के संबंधों को बढ़ाने के लिए इंटीरियर सिस्टम और कलपुर्जों में अत्याधुनिक नवाचार लेकर आती है।

अदानी-पीजीटीआई गोल्फ प्रशिक्षण अकादमी का शुभारंभ

अहमदाबाद। अदानी समूह भारत में पुरुषों के पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मंजूरी देने वाली संस्था प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के साथ साझेदारी में 'अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप 2025' के शुभारंभ के साथ भारतीय पेशेवर गोल्फ में प्रवेश करने के लिए तैयार है। अदानी समूह की इस पहल का उद्देश्य गोल्फ की पहुंच को बढ़ावा देना और व्यापक बनाना तथा मुख्य धारा के खेल के रूप में इसकी स्थिति को ऊपर उठाना और साथ ही भारत से वैश्विक चैंपियन की अगली पीढ़ी को तैयार करना है। यह साझेदारी अहमदाबाद के बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अदानी-पीजीटीआई संयुक्त गोल्फ प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना तक विस्तारित है।

मार्च तिमाही में घरों की नई आपूर्ति 34 फीसदी घटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इस साल जनवरी-मार्च की अवधि में देश के शीर्ष नौ शहरों में आवासीय संपत्तियों की नई आपूर्ति 34 प्रतिशत घटकर 80,774 इकाई रह गई। प्रॉपइक्विटी ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक साल पहले की समान अवधि में 1,22,365 आवासीय इकाइयों की पेशकश की गई थी।

रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट कहती है कि नई इकाइयों की आपूर्ति बेंगलुरु को छोड़कर बाकी सभी बाजारों में घटी है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में बेंगलुरु में नई आवास आपूर्ति 17 प्रतिशत बढ़कर 20,227 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 17,303 इकाई थी। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में नए आवास की आपूर्ति जनवरी-मार्च 2025 में 14 प्रतिशत घटकर 10,101 इकाई रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 11,699 इकाई थी। चेन्नई में नई आपूर्ति 7,259 इकाइयों से 46 प्रतिशत गिरकर 3,946 इकाई रह गई जबकि हैदराबाद में नई आपूर्ति 14,082 इकाइयों से 38 प्रतिशत गिरकर 8,773 इकाई रह गई। कोलकाता में नई आपूर्ति 4,964 इकाइयों से 62 प्रतिशत गिरकर 1,874 इकाई रह गई।

■ प्रॉपइक्विटी के अनुसार आपूर्ति घटकर 81,000 पर आई

ठाणे में आपूर्ति 50 प्रतिशत गिरा : ठाणे में नई आपूर्ति 22,595 इकाइयों से 50 प्रतिशत गिरकर 11,205 इकाई रह गई। एमवीएन इन्फ्रास्ट्रक्चर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक वरुण शर्मा ने इन आंकड़ों पर कहा कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में नई इकाइयों की आपूर्ति में गिरावट डेवलपरों के रणनीतिक फोकस को दर्शाती है, जो खरीदारों की बदलती प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाने पर केंद्रित है।

एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक व्यापार पर दो अप्रैल से लागू होने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क के प्रभाव, विदेशी बाजारों के रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। 'ईद-उल-फितर' के मौके पर सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। अमेरिका ने दो अप्रैल को भारत सहित अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदार देशों पर दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। ''अब सभी की निगाहें ट्रंप की दो अप्रैल की शुल्क घोषणा पर टिकी हैं। इस सप्ताह घोषित किए जाने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

राशिफल

मेष रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

गेल इंडिया को शुल्क वृद्धि से 3400 करोड़ आय की उम्मीद

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड को अपने पाइपलाइन नेटवर्क के जरिये प्राकृतिक गैस परिवहन के लिए मिलने वाले एकीकृत शुल्क में 35 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के अनुमान से कर-पूर्व आय सालाना 3,400 करोड़ रुपये तक बढ़ सकती है। कंपनी के चेयरमैन संदीप कुमार गुप्ता ने यह संभावना जताई। वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत गैस का परिवहन करने वाले गेल के एकीकृत पाइपलाइन नेटवर्क का शुल्क 58.61 रुपये प्रति 10 लाख बीटीयू (ब्रिटिश थर्मल यूनिट) है।

देश में तांबे की मांग सात फीसदी बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए बढ़ती मांग के बीच देश में आगामी वर्षों में तांबे की मांग सात प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग के अधिकारियों ने यह बात कही है। उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा कि औद्योगिक गलियारों का निर्माण, सभी भारतीयों के लिए घर, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाएं और ऊर्जा बदलाव जैसी परियोजनाओं की वजह से तांबे की मांग बढ़ रही है। इसमें उल्लेखनीय इजाफा हो रहा है। उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है

कि 2030 तक देश में तांबे की मांग दोगुनी हो सकती है। इससे मांग-आपूर्ति का अंतर बहुत बढ़ जाएगा और भारत को इसके लिए दूसरे देशों पर निर्भर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन की जगह नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल, पवन टर्बाइन, ईवी बैटरी आदि के निर्माण के लिए भारी मात्रा में तांबे की जरूरत होगी। जैन ने कहा, आने वाले वर्षों में भारत में तांबे की मांग में सात प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। तांबा क्षेत्र में निजी निवेश आने की भी उम्मीद है। सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना और आत्मनिर्भर भारत से तांबा उद्योग को समर्थन मिल रहा है। ऐसे में कंपनियां इस खनिज में निवेश न सिर्फ मांग-आपूर्ति के अंतर को कम करने के लिए कर रही हैं, बल्कि वे अपनी नीतियों का सरकार की नीति के साथ तालमेल भी बैठा रही हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मिठू लाल** पुत्र श्री सोनल राम निवासी गली नं. 15, स्वरूप नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 14/2022 धारा 392/394/411/34 भा.द.स., थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मिठू लाल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मिठू लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 14/2022 धारा 392/394/411/34 भा.द.स., थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मिठू लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.05.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री वैभव गर्ग,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 138, प्रथम तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4019/N/2025

शब्द पहेली - 5821

बाएँ से दाएँ
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

ऊपर से नीचे
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

शब्द पहेली- 5820 का हल

ह	ल	च	ल		टा		द	वा	खा	ना
	क्ष		व		ल	क	वा		र	ज
ज			कु	सु	म		त			नी
ब	द	मा	श		टो	ना		सौ	त	न
र		हि		फा	ल		प्रा		न	
न	ग	र	वा	सी		ग	ण	ना	य	क
	र		द		मा	ली		पा		ल
अ	ल	ग		म	न		चौ	की	दा	र
प			चि		सि	स	की			व
रा	ज		क	न	क		दा		मे	
ध	इ	क	न		ता		री	मा	ला	गू

सूडोकु नवताल - 5831

★☆☆☆☆ सरल

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल 5830 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

आईपीएल : शुभमन का टूटा रिकॉर्ड, दशक में सबसे ज्यादा रन डुप्लेसिस के नाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के 10वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के उप-कप्तान व ओपनर बल्लेबाज फॉफ डुप्लेसिस ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। डुप्लेसिस ने इस मैच में 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और 27 गेंदों पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली और फिर आउट हो गए।

ये उनके आईपीएल क्रिकेट करियर का 38वां अर्धशतक रहा। फॉफ डुप्लेसिस इस पारी के बाद आईपीएल में इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने तो वहीं हैदराबाद के युवा बैटर अनिकेत ने इस लीग के 10 मैचों में इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए और श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया।

डुप्लेसिस के नाम 2797 रन

आईपीएल में इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर की लिस्ट में डुप्लेसिस पहले नंबर पर आ गए। इस दशक में यानी साल 2020 से आईपीएल में डुप्लेसिस ने अब तक 2797 रन बनाए हैं जबकि शुभमन गिल ने इस दशक में इस लीग में अब तक 78 पारियों में 2788 रन बनाए हैं। वहीं इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर केएल राहुल हैं जिन्होंने 66 पारियों में अब तक 2721 रन बनाए हैं।

दशक में सबसे ज्यादा रन

रन	खिलाड़ी	पारी
2797	फाफ डु प्लेसिस	75
2788	शुभमन गिल	78
2721	केएल राहुल	66
2682	विराट कोहली	77
2433	ऋतुराज गायकवाड़	67
2289	जोस बटलर	63

2025 में सबसे ज्यादा छक्के

छक्के	खिलाड़ी	गेंद
13	निकोलस पूरन	56
12	अनिकेत वर्मा	57
9	श्रेयस अय्यर	42
8	मिशेल मार्श	67
8	साई सुदर्शन	82

अनिकेत ने अय्यर को पीछे छोड़ा

अनिकेत वर्मा ने दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में हैदराबाद के लिए 74 रन की पारी खेली जिसमें 6 छक्के और 5 चौके लगाए। इन 6 छक्कों की पारी के दम पर अनिकेत इस सीजन के पहले 10 मैचों तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। अनिकेत ने अब तक खेले 3 मैचों में 12 छक्के लगाए हैं जबकि उन्होंने श्रेयस को पीछे छोड़ा जिन्होंने अब तक कुल 9 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में निकोपस पूरन 13 सिक्स के साथ पहले स्थान पर हैं।

खास खबर

मुंबई को पहली जीत की तलाश आज नाइट राइडर्स देगी चुनौती

मुंबई। मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में एक बार फिर खराब शुरुआत करने के बाद सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत के साथ अंकों का खाता खोलने के इरादे से उतरेगी। मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल सत्र की शुरुआत लगातार हार के साथ करना कोई नई बात नहीं है। टीम को अब तक चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो मैच में हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट में हमेशा धीमी शुरुआत करने वाली यह टीम ट्रॉफी जीतने के लिए एकजुट होकर खेलने के लिए जानी जाती है। नाइट राइडर्स की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सत्र का पहला मैच गंवाने के बाद राजस्थान रॉयल्स पर अपनी बड़ी जीत की लय को जारी रखना चाहेगी।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बैंगलोर	2	2	0	4
दिल्ली	2	2	0	4
लखनऊ	2	1	1	2
गुजरात	2	1	1	2
पंजाब	1	1	0	2
कोलकाता	2	1	1	2
चेन्नई	3	1	2	2
हैदराबाद	3	1	2	2
राजस्थान	3	1	2	2
मुंबई	2	0	2	0

ऑरेंज कैप

निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप

स्टार्क
08 विकेट
हैदराबाद

खबर संक्षेप

घरेलू फायदा कौन नहीं लेना चाहता

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस बात का समर्थन किया कि मेजबान टीम को घरेलू पिचों का फायदा मिलना चाहिए और कहा कि उन्हें भी ईडन गार्डस पर इस तरह के फायदे की अपेक्षा है। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जब से कहा है कि ईडन गार्डस पर उन्हें अपने स्पिनरों को और मदद मिलने की उम्मीद थी, केकेआर के घरेलू मैदान की पिचों को लेकर चर्चा चल पड़ी है। पंडित ने कहा, 'एक कोच, टीम प्रबंधन के तौर पर हम हमेशा चाहते हैं कि हम हर तरह की पिच पर खेलें। नियंत्रण क्यूरेटर के हाथ में होगा।'

टाइटंस के मध्य क्रम में कोई समस्या नहीं

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी टीम के मध्यक्रम में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को यहां हराने के बाद यह बात कही जिसमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टाइटंस के लिए अधिकतर रन बनाए। गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियन्स को 36 रन से हराया। मेजबान टीम ने घरेलू परिस्थितियों और काली मिट्टी की पिच का फायदा उठाते हुए आठ विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर हार्दिक पंड्या की टीम को छह विकेट पर 160 रन पर रोक दिया।

रोहित को सब कुछ झोंकना होगा: मांजरेकर

अहमदाबाद। पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा के मौजूदा फॉर्म की गंभीर तस्वीर पेश करते हुए कहा कि इस सीनियर बल्लेबाज के हाथ से चीजें फिसलती जा रही हैं जो अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ झोंकना होगा। मुंबई इंडियन्स का यह स्टार बल्लेबाज मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती दो मैच में फ्लॉप रहा और शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम के पिछले मैच में आठ रन ही बना पाया।



स्टार्क ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए झटके 5 विकेट

दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी जीत हैदराबाद को सात विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर दो मैच में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने फाफ डुप्लेसी और जैक फ्रेजर मैकगर्क के बीच पहले विकेट की 81 रन की साझेदारी से 16 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने चौथे विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

स्टार्क ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 35 रन पर पांच जबकि कुलदीप ने 22 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे सनराइजर्स की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। सनराइजर्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और सिर्फ अनिकेत वर्मा और हेनरिच क्लासेन ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी भी की। इन दोनों के अलावा ट्रेविस हेड (22) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

स्टार्क और कुलदीप ने गेंद से बरपाया कहर

सनराइजर्स हैदराबाद का बैटिंग ऑर्डर दिल्ली के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव के आगे एक दम खराब रहा। हैदराबाद की टीम के 8 बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाए। दिल्ली के लिए स्टार्क ने 5 विकेट लेकर तहलका मचाया और कुलदीप ने 3 विकेट लेकर उनकी मदद की।

स्टार्क पांच विकेट लेने वाले दूसरे उम्दराज गेंदबाज

स्टार्क ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल के किसी एक मैच में पांच विकेट लेने वाले दूसरे उम्दराज गेंदबाज बन गए हैं। आईपीएल में एक मैच में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्दराज गेंदबाज का रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम है। कुंबले ने 2009 में 38 साल 183 दिन की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पांच विकेट लिए थे। स्टार्क ने 35 साल 59 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की।

पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

अहमदाबाद। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाइटंस के खिलाफ 36 रन से हार का सामना करना पड़ा।

नारायण से बहुत कुछ सीखा

नई दिल्ली। भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के दिग्गज सुनील नारायण के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें 'लेथ गेंदबाजी' करने का महत्व सिखाया जिससे उन्हें और अधिक प्रभावी स्पिनर बनने में मदद मिली।

स्कोर बोर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
अभिषेक शर्मा रन आउट	01	01	0	0
ट्रेविस हेड का राहुल बो स्टार्क	22	12	4	0
किशन का स्टब्स बो स्टार्क	02	05	0	0
नितीश का असर बो स्टार्क	00	02	0	0
अनिकेत का फ्रेजर बो कुलदीप	74	41	5	6
क्लासेन का निगम बो मोहित	32	19	2	2
मनोहर का डुप्लेसी बो कुलदीप	04	06	0	0
कमिंस का फ्रेजर बो कुलदीप	02	07	0	0
मुल्डर का डुप्लेसी बो स्टार्क	09	11	1	0
हर्षल का असर बो स्टार्क	05	09	0	0
मोहम्मद शमी नाबाद	01	01	0	0
अतिरिक्त : 11, कुल : 18.4 ओवर में 163/10				
गेंदबाजी : स्टार्क 3.4-0-35-5, सुकेश 2-0-17-0, असर 4-0-43-0, निगम 2-0-21-0, मोहित 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-22-3.				
दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
मैकगर्क का एवं बो जीशान	38	32	4	2
डुप्लेसी का मुल्डर बो जीशान	50	27	3	3
अभिषेक पोरेल नाबाद	34	18	2	2
लोकेश राहुल बो जीशान	15	05	2	1
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	21	14	3	0
अतिरिक्त : 08, कुल : 16 ओवर में 166/3				
गेंदबाजी : शमी 3-0-31-0, अभिषेक 3-0-27-0, कमिंस 2-0-27-0, हर्षल 3-0-17-0, जीशान 4-0-42-3, मुल्डर 1-0-16-0				

चेन्नई की लगातार दूसरी हार नीतिश-हसरंगा ने दिलाई जीत

राजस्थान ने किंग्स को 6 रन से हराया

एजेंसी ▶▶|गुवाहाट

नीतिश राणा के 36 गेंद में 81 रन के बाद लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा के चार विकेट की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हराकर अपना खाता खोला। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये भेजे गए राणा ने 10 चौकों और पांच छक्कों की पारी के दम पर रॉयल्स को नौ विकेट पर 182 रन तक पहुंचाया। जवाब में 2019 के बाद एक भी बार 180 रन से ऊपर का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर नाकाम रही और 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी। कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने 63 रन बनाये लेकिन कोई और बल्लेबाज टिक नहीं सका जिससे टीम को लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी। एक समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर रहे महेंद्र सिंह धोनी टीम को जीत नहीं दिला सके। पिछले मैच में नौवें नंबर पर उतरने के बाद आज वह सातवें नंबर पर क्रीज पर आये तब चेन्नई को 12 गेंद में 39 रन की जरूरत थी। उन्होंने तुषार देशपांडे को चौका और छक्का लगाया लेकिन आखिरी ओवर में संदीप शर्मा की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। हेटमायेर ने बाउंड्री के पास आगे की ओर डाइव लगाकर उनका कैच लपका। इससे पहले चेन्नई को पहले ही ओवर में जोफ्रा आर्चर ने झटका दिया जब रचिन रविंद्र खाता खोले बिना आउट हो गए।

राणा ने 81 रन बनाए



सत्र का शानदार कैच नहीं होगा भरोसा

विशाखापट्टनम। आईपीएल 2025 के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ। सनराइजर्स की पारी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने एक कमाल का कैच पकड़ा। उस कैच को लपकने के लिए अक्षर ने बेहतरीन छलांग मारी थी। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने आईपीएल 2025 में एक शानदार कैच लपका। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के हर्षल पटेल को आउट किया। अक्षर ने हवा में उड़ते हुए एक अविश्वसनीय कैच पकड़ा। दरअसल मिचेल स्टार्क 19वां ओवर डाल रहे थे। तभी हर्षल पटेल ने एक बड़ा शॉट मारने की कोशिश की। गेंद ठीक से बल्ले पर नहीं आई और हवा में ऊंची चली गई। गेंद मिड-ऑफ की तरफ जा रही थी। अक्षर पटेल ने गेंद पर अपनी नजरें जमाई रखीं। फिर उन्होंने सुपरहीरो की तरह हवा में छलांग लगाई। उन्होंने अपने बाईं ओर उड़ते हुए गेंद को लपक लिया।

पूनिया और उदित को रजत, दिनेश को कांस्य

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में तीसरी बार रजत पदक जीता जबकि उदित को लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ 92 किग्रा वर्ग के कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। पूनिया को जापान के ताकाशी इशिगुरो से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद थी लेकिन भारतीय पहलवान ने उन्हें आसानी से 8-1 से हरा दिया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई ने उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते। उदित ने भी 61 किग्रा में किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी। उन्होंने पिछले साल रजत पदक जीता था। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उन्हें दुनिया के नंबर एक पहलवान ताकारा सूडा ने 6-4 से हराया। भारत के मुकुल दहिया ने भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के वेंग लुएन गैरी चाउ को दहिया ने बिना अंक गंवाए तकनीकी दक्षता के आधार पर हराने के बाद किर्गिस्तान के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुहम्मद अब्दुल्लाव को 3-1 से शिकस्त दी।

सेमीफाइनल में हारे दहिया

सेमीफाइनल में दहिया को हालांकि ईरान के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अबुलफजल वाई रहमानी फिरौजाई के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। दिनेश भी हेवीवेट 125 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर फाइनल में तकनीकी दक्षता के आधार पर चीन के बुहीरदुन हराया लेकिन सेमीफाइनल में मंगोलिया के लखागवागेरेल मुनखतूर के खिलाफ 1-5 से हार गए।

सबालेंका ने जीता 19वां टूर खिताब

मियामी गार्डन्स। आर्यना सबालेंका ने शनिवार रात को यहां मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जेसिका पेगुला को सीधे सेट में हराकर खिताब जीता। बेलारूस की शीर्ष वरीय सबालेंका ने अमेरिका की चौथी वरीय पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता जो उनके करियर का 19वां टूर खिताब है। सबालेंका ने 24 विनर्स लगाए और 11 लाख डॉलर की इनामी राशि अपने नाम की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2024 के फाइनल में भी पेगुला को सीधे सेट में 7-5, 7-5 से हराया था।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए उपमण्डल कार्यालय, गन्नौर के प्रांगण में भाय पौन्टीन कार पार्किंग/फोटोस्टेट मशीन के ठेको की नीलामी दिनांक 09.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे तहसीलदार, गन्नौर की अध्यक्षता में की जानी है। जिसमें नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार से होगी:

1. बोली देने वाले व्यक्ति को अपने साथ अपना आधार कार्ड/पहचान पत्र, पैन कार्ड तथा अपने बैंक खाते की पास बुक की सत्यापित प्रति जमा करवाकर चाय की कैन्टीन के बोलीदाता को 40,000/- रूपये, कार पार्किंग के बोलीदाता को 35,000/- रूपये, फोटोस्टेट के बोली दाता को 13,000/- रूपये की राशि जमानत के तौर पर अमा करवाकर निलामी में भाग ले सकता है।
2. अधिकतम बोली देने वाले बोलदाता को कुल बोली को 25 प्रतिशत की राशि मौके पर तथा शेप बकाया राशि बोली के 15 दिन के अन्दर-अन्दर जमा करवानी होगी। यदि यह इस राशि को जमा करवाने में असफल हो जाता है तो उसकी जमानत राशि जब्त करके द्वितीय बोलीदाता को ठेका अलाट करने बारे प्रक्रिया अमल में लाई जायेगी ।
3. पार्किंग फीस की वसूली के लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेवारी होगा ।
4. नीलामी पार्किंग पुरानी तहसील व नये कॉम्पलैक्स के लिए होगी ।
5. फोटोस्टेट मशीन को पहले ही निर्धारित किये गए स्थान पर चलाना होगा, उसका किसी प्रकार का प्रसारण पूर्व अनुमति से ही हो सकेगा। व्यक्ति को स्थानांतरण/उपट्टे होगी । स्टाल का निर्माण स्वयं ठेकेदार करवाएगा। ठेकेदार स्वयं ही कार्य करेगा, किसी अन्य (Sublet) पर देने का अधिकार नहीं होगा तथा श्रम कानूनों की पूर्णताः पालना करनी
6. चाय की कैन्टीन में सभी वस्तुएं अच्छी क्वालिटी की रखनी होगी और उनकी दर अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक नहीं होगी। निर्धारित दरों की सूची दुकान के बाहर लगानी होगी।
7. प्राकृतिक प्रकोप या किसी भी प्रकार से होने वाली हानि को ठेकेदार स्वयं वहन करेगा। इस बारे किसी भी प्रकार की छुट अथवा माफी नहीं होगी तथा कोई भी मुआवजा नहीं दिया जायेगा।
8. यह ठेका दिनांक 10.04.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक मान्य होगा।
9. उच्चतम बोली देने वाले को इंकरारनामा व जमानत नामा स्टाम्प पेपर पर देना होगा, यदि वह कागजात बोली स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर अन्दर प्रस्तुत नहीं करेगा तो ठेका रद्द समझा जायेगा तथा उसको जमा करवाई गई अग्रिम जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी ।
10. यह है कि ठेका स्वीकृत होने पर स्वीकृति की तिथि से दिनांक 31.03.2026 को ठेकों की समाप्ति तक बिजली का बिल ठेकेदार स्वयं भरेगा ।
11. यह है कि उपरोक्त ठेकों से संबंधित किसी भी शर्त की उल्लंघना करने पर उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर द्वारा उक्त ठेका रद्द कर दिया जायेगा ।
12. उक्त परिसर में स्थित किसी भी ठेकेदार द्वारा शर्तों की पालना न करने पर धरोहर राशि जब्त करने के लिए उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर के आदेश मान्य होंगे।
13. उपरोक्त ठेकों की अंतिम स्वीकृति व रद्द करने का अधिकार उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर का होगा।
14. उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर के द्वारा ठेके को बिना कारण बताये रद्द कर सकते है, उनका निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।

हस्ता/-
उपमण्डल अधिकारी (ना.).
गन्नौर।

पीआरडीएच 1029/11/552/2025/33445/88/7 दि. 30.03.2025

19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच खेले जाएंगे टूर्नामेंट

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 खेलेगा भारत

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को कहा कि भारतीय पुरुष टीम इस साल के अंत में तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। मेहमान टीम 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच सफेद गेंद के मैच खेलेगी। 50 ओवर के मैच जहां दिन-रात के होंगे तो वहीं टी20 मुकाबले रात के मैच होंगे।

आगामी 2025-26 सत्र के दौरान पहली बार ऑस्ट्रेलिया के सभी आठ राज्यों और क्षेत्रों में पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होगा। कैनबरा और होबार्ट दोनों पांच मैच की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया इससे पहले पर्थ, एडीलेड और सिडनी में भी 50 ओवर के मैच खेलेंगे। भारत 2024-25 में पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटेगा। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में दर्शकों की संख्या के नए रिकॉर्ड बने थे।

एकदिवसीय श्रृंखला

दिनांक	शहर
19 अक्टूबर	पर्थ
23 अक्टूबर	एडीलेड
25 अक्टूबर	सिडनी

टी-20 श्रृंखला

29 अक्टूबर	कैनबरा
31 अक्टूबर	मेलबर्न
2 नवंबर	होबार्ट
6 नवंबर	गोल्ड कोस्ट
8 नवंबर	ब्रिस्बेन

महिला टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा

टी20 अंतरराष्ट्रीय

दिनांक	शहर
15 फरवरी	सिडनी
19 फरवरी	कैनबरा
21 फरवरी	एडीलेड

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय

24 फरवरी	ब्रिस्बेन
27 फरवरी	होबार्ट
1 मार्च	मेलबर्न

एकमात्र टेस्ट

6-9 मार्च	पर्थ (दिन-रात्रि)

खबर संक्षेप

तीसरे दिन भी कांपी म्यांमार की धरती

नाएप्यीडॉ। म्यांमार शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे।

बलूचिस्तान में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहाल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की सरकार ने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के बीच कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर रात के समय यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है, जहां हाल के हफ्तों में वाहनों पर कई आतंकवादी हमले हुए हैं। बता दें कि, अशांत प्रांत में वाहनों पर कई आतंकी हमले हुए हैं, जब बंदूकधारियों ने राजमार्गों पर आवाजाही पर रोक लगाई और यात्रियों की पहचान करने के बाद उन्हें मार डाला।

अपहरण के संदेह में 16 लोगों की हत्या की

अबुजा। दक्षिणी नाइजीरिया में भीड़ ने अपहरणकर्ता होने के संदेह में हमला कर 16 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता मोसेस यामू ने एक बयान में बताया कि सभी पीड़ितो को एडो राज्य के यूरोमी क्षेत्र में स्थानीय सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने के बाद उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित उत्तरी नाइजीरिया के रहने वाले थे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा गया।

यूएस की महिला ने बताया भारत में बच्चों का पालन-पोषण अमेरिका से बेहतर

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

भारत में रहने वाली एक अमेरिकी मां ने अमेरिका से तुलना करते हुए भारत में अपने बच्चों की परवरिश के बारे में बताया है। अमेरिकी महिला का मानना है कि भारत में बच्चों का पालन-पोषण अमेरिका से बेहतर हो सकेगा। महिला ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं के जरिए अपनी राय सोशल मीडिया पर रखी है।

चार साल पहले भारत आकर बसने वाली एक अमेरिकी महिला ने कहा है कि उसके बच्चों को भारत में बड़े होने से बहुत फायदा होगा। तीन बच्चों की मां क्रिस्टन फिशर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उनका बच्चा एक गली में चलते हुए दिखाया गया है। क्रिस्टन फिशर ने कैप्शन में बिंदुवार तरीके से बच्चों की परवरिश के संबंध में अपने विचार साझा किए हैं। क्रिस्टन फिशर ने लिखा, यहां कुछ ऐसे तरीके बताए गए हैं जिनसे उनके (बच्चों) लिए अमेरिका के बजाय भारत में अपना बचपन बिताना ज्यादा बेहतर होगा।

क्रिस्टन फिशर ने सांस्कृतिक जागरूकता और अनुकूलनशीलता, बहुभाषावाद, वैश्विक परिप्रेक्ष्य, लचीलापन और स्वतंत्रता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, मजबूत पारिवारिक बंधन, सादगी और कृतज्ञता की सराहना और वैश्विक नेटवर्क से कनेक्शन जैसे बिंदुओं में अपनी बात रखी। उन्होंने पोस्ट में क्या कुछ साझा किया, आइए जानते हैं।

- चार साल से भारत में रह रही हैं अमेरिका की क्रिस्टन फिशर
- क्रिस्टन फिशर का मानना है- भारत में बच्चों की परवरिश होगी अच्छी
- क्रिस्टन फिशर ने बच्चों के पालन-पोषण के संबंध में साझा किए विचार

बच्चों को दुनिया को लेकर व्यापक दृष्टिकोण मिलेगा



क्रिस्टन फिशर ने लिखा, वैश्विक परिप्रेक्ष्य: भारत में पले-बढ़े मेरे बच्चों को दुनिया को लेकर व्यापक दृष्टिकोण मिलेगा। वे वैश्विक मुद्दों, क्षेत्रीय चुनौतियों और अलग-अलग सामाजिक मानदंडों के बारे में सीखते हैं, जिससे उन्हें वैश्विक नागरिकता के बारे में ज्यादा सूक्ष्म दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलती है।

अमेरिकी महिला का सांस्कृतिक जागरूकता और बहुभाषावाद पर जोर

क्रिस्टन फिशर ने लिखा, सांस्कृतिक जागरूकता और अनुकूलनशीलता: भारत में रहने से मेरे बच्चों को संस्कृतियों, भाषाओं और रीति-रिवाजों की समृद्ध विविधता से परिचित होने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें विभिन्न संस्कृतियों के प्रति गहरी समझ और सम्मान विकसित करने में मदद मिलेगी, साथ ही खुले विचारों और अनुकूलनशीलता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने लिखा, बहुभाषावाद भारत में कई भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। मेरे बच्चे हिंदी सीखेंगे और अंग्रेजी के साथ-साथ कई अन्य भाषाओं से भी परिचित होंगे। बहुभाषी होने से ज्ञान संबंधी विकास बढ़ता है, संचार कौशल में सुधार होता है और भविष्य में नौकरी की संभावनाएं बढ़ती हैं।

सरकार का बड़ा फैसला, गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में छह महीने के लिए बढ़ा आफस्पा

आफस्फा कानून के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने का अधिकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने मणिपुर अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में आफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में यह लागू रहेगा। अरुणाचल प्रदेश के तिरप,चांगलांग, लोंगडिंग और तीन थाना क्षेत्रों में इसे फिर लागू किया गया है। नगालैंड के आठ जिलों में एएफएसपीए(आफस्पा) बढ़ाया गया है।

गृह मंत्रालय ने मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में 6 महीने के लिए सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) लागू कर दिया है। इसमें मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्र को छोड़कर पूरे राज्य में आफस्पा अगले 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी आफस्पा लागू कर दिया गया है। नगालैंड के जिन जिलों में एएफएसपीए को फिर से लागू किया गया है।

1. आठ जिलों में एएफएसपीए बढ़ाया
2. कानून सुरक्षा बलों को विशेष शक्तियां प्रदान करता है
3. मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में लागू

इन क्षेत्रों में भी बढ़ा आफ्सपा

साथ ही लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस थाना क्षेत्रए और वोखा जिले में भंडारी चांमपांग और रालान पुलिस थाने क्षेत्र जुनहेबोटो जिले में घटासी, पुघोबोट, सताखा सुरूहुतो, जुनहेबोटो और अघुनाटो पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को सशस्त्र बल,विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958 की धारा 3 के अंतर्गत दिनांक 01.04.2025 से छः माह तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

आफ्सपा के तहत सुरक्षा बलों को मिले हैं विशेष अधिकार

आफ्सपा कानून सुरक्षा बलों को किसी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने, बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने और अन्य कार्रवाई करने का अधिकार देता है। इसके साथ ही आफ्सपा गोली चलाने की भी अनुमति देता है। इसके अलावा सुरक्षाबलों को ये भी अधिकार है कि अगर कोई भी उग्रवादी या उपद्रवी घर में छिपा होता है तो उसे तबाह भी किया जा सकता है। इस कानून के तहत कार्रवाई तभी संभव है, जब केंद्र सरकार द्वारा इसे किसी अशांत क्षेत्र में लागू किया हो।

क्या है एएफएसपीए (आफस्पा)

एएफएसपीए को अशांत इलाकों में लागू किया जाता है। इस कानून के तहत सुरक्षाबलों को एक महत्वपूर्ण ताकत मिलती है। इसके तहत सुरक्षाबलों के पास बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की ताकत होती है। साथ ही इसके कानून के चलते कई मामलों में बल प्रयोग का भी प्रावधान है। एएफएसपीए को सिर्फ अशांत क्षेत्रों में ही लागू किया जाता है।

म्यांमार भूकंप पीड़ितों की मानवीय मदद

भारतीय नौसेना के दो जहाजों पर भेजी गई राहत सामग्री

एजेंसी ▶▶| नाएप्यीडॉ

म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए भारत ने नौसेना के दो जहाजों सतपुड़ा और सावित्री की मदद से राहत सामग्री भेजी है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भेजी गई ये मानवीय मदद लेकर दोनों जहाज 29 मार्च को रवाना हुए। बता दें कि म्यांमार भूकंप में 1644 से अधिक मौतें हुई हैं, जबकि 2000 से अधिक लोग हताहत हुए हैं। म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। पीड़ितों की मदद के लिए वायुसेना की मदद से खेप भेजी गई है। एनडीआरएफ की टीम को भी म्यांमार भेजा गया है। उत्तर प्रदेश के आगरा से फील्ड अस्पताल के 118 चिकित्साकर्मी भी म्यांमार भेजे गए हैं।

संकट के समय मदद करना भारत की नीति

विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला देश रहा है। जब चक्रवात यागी ने म्यांमार पर कहर बरपाया था, उस समय भी भारत ने अभियान चलाया था। हमने म्यांमार के लोगों को राहत, सामग्री, मानवीय सहायता प्रदान की, न केवल म्यांमार के लोगों को बल्कि कई अन्य देशों को भी जो इससे प्रभावित हुए थे।

क्या है ऑपरेशन ब्रह्मा

एक दिन पहले विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन ब्रह्मा को लेकर जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि ब्रह्मा सृजन के देवता हैं, इसलिए ऑपरेशन के यह नाम विशिष्ट है। उन्होंने कहा, संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।

राज्यपाल सिन्हा ने मुठभेड़ में घायलों का हाल जाना

जम्मू। रविवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कठुआ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया।

टोंगा के नजदीक 7.1 तीव्रता का भूकंप

तोक्यो। प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा के निकट रविवार को 7.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, जिसके बाद देश में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार रविवार देर रात के समय मुख्य द्वीप से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) उत्तर-पूर्व में आया। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर (185 मील) के भीतर स्थित तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। किसी नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। टोंगा पोलिनेशिया में स्थित एक देश है, जो 171 द्वीपों से बना है तथा इसकी जनसंख्या 100,000 से कुछ अधिक है। देश की अधिकतर आबादी मुख्य द्वीप टोंगाटापू पर रहती है।

पूर्व राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री यात्रा का स्वागत किया

पीएम मोदी 4 अप्रैल को दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे

कोलंबो। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस सप्ताह निर्धारित श्रीलंका यात्रा का स्वागत किया। पीएम मोदी 4 अप्रैल को दो दिनों के लिए श्रीलंका की यात्रा करेंगे। यूएनपी ने एक बयान में कहा, यह यात्रा हमारे दो महान राष्ट्रों के बीच शाश्वत संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यूएनपी ने कहा कि यह यात्रा जुलाई 2023 में अपनाए गए 'भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी विजन' को मजबूत करने का अवसर प्रस्तुत करती है। यूएनपी ने याद दिलाया कि श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान भारत द्वारा दी गई चार अरब अमरीकी डॉलर की सहायता 'हमारी मित्रता की गहराई का प्रमाण' थी।

विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि श्रीलंका के पूर्वोत्तर मन्नार और भारत के दक्षिणी क्षेत्र के बीच समुद्र के नीचे केबल के माध्यम से विद्युत ग्रिड एकीकरण पर समझौता ज्ञापन यात्रा के दौरान किए जाने वाले द्विपक्षीय समझौतों में से एक होगा। यह 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी की चौथी श्रीलंका यात्रा होगी। उन्होंने आखिरी बार जून 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था।

धमाके में कार के उड़े चिथड़े

रूसी राष्ट्रपति पुतिन की हत्या की कोशिश काफिले में शामिल लिमोजिन कार में धमाका

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

क्या रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की गई है? रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आधिकारिक कार बेड़े में शामिल लिमोजिन कार में धमाके के बाद ये सवाल उठ रहे हैं, कि क्या रूसी राष्ट्रपति पुतिन को निशाना बनाने की कोशिश की गई है? ये लिमोजिन कार करीब 275,000 पाउंड की थी, जिसमें देश की शीर्ष खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के पास मास्को की एक सड़क पर हुई है।

धमाके के बाद कार के चिथड़े उड़ गए और उसमें आग लग गई। यूरोवीकली के अनुसार, यह घटना 29 मार्च को लुब्यंका के पास स्थित मास्को के एफएसबी मुख्यालय के उत्तर में एक सड़क पर घटी है। मिली जानकारी के अनुसार रूसी राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश की गई है। यूक्रेन में युद्ध

खत्म करने के लिए अमेरिका और रूसी राष्ट्रपति के बीच बातचीत हो रही है और इस दौरान सवाल उठ रहे हैं कि क्या व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की गई है? वायरल वीडियो में कार में लगी आग को देखा जा सकता है और देखा जा रहा है कि आग को बुझाने की कोशिश की जा रही है। माना जाता है कि कार के इंजन बे क्षेत्र में धमाका होने के बाद आग काफी तेजी के साथ कार के अंदरूनी हिस्से में फैल गई।

न्यायमूर्ति दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन के समापन सत्र में-बोले

मानव दृष्टिकोण विश्वास पर आधारित

'अंतरराष्ट्रीय न्यायशास्त्र' में भारत पर्यावरण पर- केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने वाला पहला देश:न्यायमूर्ति नरसिम्हा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा ने रविवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायशास्त्र में भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण से पर्यावरण-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने वाला पहला देश है। मानव-केंद्रित दृष्टिकोण इस विश्वास पर आधारित है कि मनुष्य पृथ्वी पर सबसे महत्वपूर्ण प्राणी है, तथा अन्य प्राणियों और वस्तुओं का मूल्य मुख्यतः मनुष्यों के लिए उनकी उपयोगिता के आधार पर है। हालांकि, पारिस्थितिकी-केंद्रित दृष्टिकोण संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र और उसके घटकों की भलाई को प्राथमिकता देता है, तथा

प्रकृति को केवल मानव उपयोग के लिए ही नहीं, बल्कि अपने लिए भी मूल्यवान मानता है। न्यायाधीश विज्ञान भवन में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन-2025 के समापन सत्र में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि थे। इस तरह के सम्मेलनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि ये सम्मेलन बड़ी संख्या में हितधारकों को एक साथ लाते हैं, जो पर्यावरण को बहाल करने के लिए एक साझा दृष्टिकोण पाते हैं। न्यायाधीश नरसिम्हा ने कहा, 'इस तरह के सम्मेलन लोगों को एक साथ लाते हैं और विचारों को साझा करने तथा नए दृष्टिकोणों और विचारों को स्वीकार करने में सक्षम बनाते हैं। मैंने 'एमिकस क्यूरी' (अदालत का सहयोग करने वाले) के रूप में, न्यायालय को बताया कि पर्यावरण के प्रति मानव-केंद्रित दृष्टिकोण हमारे लिए उपयुक्त नहीं है और पारिस्थितिकी-केंद्रित विचारों की ओर बदलाव होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने इस निवेदन को स्वीकार किया। अंतरराष्ट्रीय न्यायशास्त्र में, हम पहला देश, या यूं कहें कि पहला न्यायालय हैं, जिसने मानव-केंद्रित से पर्यावरण-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया। यह बदलाव देश की संस्कृति के कारण भी हुआ, जिसने कभी भी मानव को पर्यावरण से श्रेष्ठ नहीं माना, बल्कि पारिस्थितिकी को एक जीवित प्राणी के रूप में देखा, जिसका मानव भी एक हिस्सा है। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा, 'यदि आप मूल बातों पर वापस जाएं और हमारे जमीनी स्तर पर उपलब्ध सरल उपायों के बारे में सोचें, तो हम पश्चिमी देशों द्वारा पर्यावरण पर थोपे गए।

हादसे की जांच शुरू

अमेरिका में घर से टकराया बेकाबू विमान, एक की मौत

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका में एक छोटा यात्री विमान हादसे का शिकार हुआ है। विमान में एक व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई है। हादसे की जांच अभी शुरुआती दौर में है, ऐसे में मौतों की संख्या बढ़ भी सकती है। ये विमान शनिवार को आयोवा से मिनेसोटा जा रहा था, दुर्घटनाग्रस्त होकर मिनियापोलिस में एक मकान पर गिर गया। से प्लेन और मकान में भीषण आग लग गई। पार्क प्रवक्ता रिसिकट अडेसोगुन ने बताया है कि घर में रहने वालों को इस हादसे में कोई चोट नहीं आई है।

घू-घू कर जल उठा घर

जांचकर्ताओं ने कहा कि यह अभी तक पता नहीं चल पाया है कि सिंगल-इंजन सोकाटा टीबीएम7 विमान में कितने लोग सवार थे। यात्रियों में से कोई भी जीवित नहीं बचा है। शनिवार दोपहर को ये विमान 10792 काइन एवेन्यू पर एक घर से टकराया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109